राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ इंटीमेट सीन सिर्फ काम का हिस्सा...



जय शाह के कार्यकाल में... ◀ 12

गाजियाबाद, मंगलवार 07 जुलाई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 120, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## ▶▶ न्यूज डायरी

### बॉयफ्रेंड को घर बुलाया और फिर कुल्हाड़ी से काट डाली गर्दन, हाथ-पैर और मुंह भी बांधा

**फरीदकोट (आरएनएस)।** पंजाब के फरीदकोट जिले में 26 वर्षीय युवक की कथित तौर पर घर बुलाकर बेरहमी से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर एक महिला, उसके पति, पिता और भाई के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान धारा सिंह कॉलोनी निवासी अर्शदीप सिंह (26) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से गांव हसनभट्टी का रहने वाला था। अर्शदीप शादीशुदा था। मृतक के पिता



हरनेक सिंह, जो पंजाब पुलिस की कमांडो बटालियन में हेड कांस्टेबल हैं और वर्तमान में चंडीगढ़ में तैनात हैं, ने आरोप लगाया कि गांव पिपली की रहने वाली विवाहित महिला हरप्रीत कौर ने अर्शदीप को मिलने के लिए अपने घर बुलाया था। उनका आरोप है कि वहां महिला ने अपने पति, पिता और भाई के साथ मिलकर पहले अर्शदीप के हाथ-पैर और मुंह बांध दिए, फिर तेजधार हथियार (कुल्हाड़ी) से हमला कर उसकी हत्या कर दी।
हरनेक सिंह के अनुसार, अर्शदीप ने कुछ समय पहले उन्हें बताया था कि हरप्रीत कौर उस पर संबंध बनाए रखने का दबाव बना रही थी। इस पर उन्होंने बेटे से कहा था कि जरूरत पड़ने पर पंचायत के साथ महिला के मायके जाकर बात करेंगे।
उन्होंने बताया कि रविवार को अर्शदीप घर से लापता हो गया। काफी तलाश के बाद संदेह होने पर वे गांव पिपली पहुंचे, जहां हरप्रीत कौर के घर से अर्शदीप का शव बरामद हुआ। परिजनों का कहना है कि शव मिलने के समय अर्शदीप के हाथ-पैर और मुंह बंधे हुए थे तथा उसके शरीर पर तेजधार हथियार से किए गए हमले के निशान थे। हरनेक सिंह ने हरप्रीत कौर, उसके पति सिमरजीत सिंह, पिता चमकौर सिंह उर्फ कौर सिंह और भाई सतनाम सिंह पर हत्या का आरोप लगाया है।
थाना सदर के एसएचओ इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक को घर बुलाया गया था, जहां उसकी हत्या की गई। घटनास्थल से फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### ईरान में अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में अमेरिका के खिलाफ गुस्सा, बोले-ट्रंप को मारो

**तेहरान।** ईरान में दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार समाहोर में तेहरान में अमेरिका और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बड़ी नाराजगी दिख रही है। रविवार को इमाम खुमैनी ग्रैंड मोसाला में अंतिम संस्कार की प्रार्थना के दौरान शोक संतप्त लोगों ने अमेरिका मुदार्बाद, इजराइल मुदार्बाद के नारे लगाए। उन्होंने बड़े-बड़े बैनर लिए हुए थे, जिसमें लिखा था, ट्रंप और बीबी (बेंजामिन नेतन्याहू) को मार डालो। वे इनके खिलाफ नारे भी लगा रहे थे। अली खामनेई के शोक समारोह में ईरानी झंडे, खामेनेई के चित्र और प्रतिशोध का प्रतीक लाल झंडे लिए भारी भीड़ उमड़ी है। विदाई समारोह में शोक व्यक्त करने के साथ अमेरिका-इजरायल के खिलाफ प्रतिशोध की



मांग भी उठाई गई। समारोह में कवि मोहम्मद रसौली ने घोषणा की, अब से कफन हमारा वस्त्र है। मैं तुम्हारे खून की कसम खाता हूं, ट्रंप की हत्या हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने पूछा कि ट्रंप अभी तक जिंदा क्यों हैं।
अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में मुख्य प्रार्थनाओं का नेतृत्व कोम के 97 वर्षीय आयतुल्लाह जाफर सोभानी ने किया। खामेनेई के परिवार के 4 सदस्यों के लिए भी प्रार्थनाएं की गईं, जिनमें उनकी 14 महीने की पोती जहरा मोहम्मदी गोलपायगानी शामिल थीं। बच्ची का छोटा ताबूत लोगों को भावुक कर रहा है।
समारोह में अल-कुद्स फोर्स के कमांडर इस्माइल कानी और आईआरजीसी के कमांडर अहमद वाहिदी भी मौजूद हैं। समारोह शुरू होने पर 20 लाख से अधिक लोग उपस्थित थे।

# इंडोनेशिया ने पीएम मोदी के लिए आसमान सजाया, फाइटर जेट ने किया एस्कॉर्ट, राष्ट्रपति ने तोड़ा प्रोटोकॉल, वीडियो वायरल

**जकार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी अभी जकार्ता पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद उनका यह तीसरा इंडोनेशिया दौरा है। जब प्रधानमंत्री मोदी का विमान इंडोनेशिया के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ, तो इंडोनेशिया वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने उनके विमान के साथ उड़ान भरी। लड़ाकू विमानों के एक बेड़े ने पीएम मोदी के विमान को एस्कॉर्ट किया। यह भारत के लोगों के लिए एक सम्मान की बात है।

**● इस यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और मैं विभिन्न क्षेत्रों में इस साझेदारी को और गति देने के उद्देश्य से चर्चा करेंगे**

इसके बाद इंडोनेशिया में एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो ने भी प्रोटोकॉल तोड़ गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच होने वाली द्विपक्षीय बैठक में करीब 2,500 करोड़ रुपये की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर मुहर लगने की संभावना है। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जकार्ता पहुंच गया हूं। राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो के स्नेहपूर्ण व्यवहार से मैं बहुत प्रभावित हुआ। उन्होंने एयरपोर्ट पर पर व्यक्तिगत रूप से मेरा स्वागत किया। 2018 में, हमने दोनों देशों के संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाया, जिससे हमारे लोगों को बहुत लाभ हुआ है। इस यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और मैं विभिन्न क्षेत्रों में इस साझेदारी को और गति देने के उद्देश्य से चर्चा करेंगे।
आगे उन्होंने लिखा है, राष्ट्रपति प्राबोवो और मैं योग्याकार्ता में प्रम्बानन मंदिर परिसर का भी दौरा करेंगे। यह यात्रा हमारे दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और भी मजबूत करेगी। इंडोनेशिया में रहने के दौरान, मैं भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करने के अवसर का भी बेसब्री से इंतजार कर रहा हू। पीएम मोदी इंडोनेशिया में 6 से लेकर 8 जुलाई तक रहेंगे। इस दौरान वह इंडोनेशिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिर प्रम्बानन जाएंगे। 9वीं शताब्दी में बना यह मंदिर भगवान शिव, विष्णु और ब्रह्मा को समर्पित है और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में



शामिल है। इसके अलावा वह भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी के इंडोनेशिया यात्रा के कई उद्देश्य हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है। वहीं, आपको बता दें कि इंडोनेशिया दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है, लेकिन वहां की सांस्कृतिक विरासत पर हिंदू-बौद्ध सभ्यता की गहरी छाप आज भी दिखाई देती है। इंडोनेशिया में रामलीला का मंचन होता है और इस देश की मुद्रा पर भगवान गणेश की तस्वीर भी छप चुकी है।

## सहकारिता मंत्रालय के 5 साल पूरे, पीएम मोदी के फैसले से आंदोलन को मिला नया जीवनः अमित शाह

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्रालय के पांच साल पूरे होने के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित

**● सहकारिता मंत्रालय ने इन पांच साल में समस्याओं को पहचान कर उसके निदान की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।**


शाह सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इस खास मौके पर केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में सहकारिता क्षेत्र की उपलब्धियों को



रेखांकित किया और बताया कि कैसे इसकी शुरूआत हुई? केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय को केंद्र सरकार में प्रस्तावित करने का काम किया था।
सभी सहकारिता सदस्यों की ओर से प्रधानमंत्री का धन्यवाद करना चाहूंगा। प्रधानमंत्री के इस फैसले ने सहकारिता आंदोलन को नए चरण में ले जाने का काम किया है। 75 वर्षों में सहकारिता आंदोलन उपेक्षित रहा। इसे हमेशा दोयम दर्जे को जाना गया। लेकिन, प्रधानमंत्री ने इसे एक सदी तक आगे बढ़ाने का काम किया है और उनके एक फैसले से ही करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचा है। सहकारिता मंत्रालय ने सहकारिता क्षेत्र को नया प्राण देने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के मुताबिक, आज की तारीख में सहकारिता मंत्रालय के पांच साल पूरे हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में हमारे लिए यह जरूरी हो जाता है कि हम आपको अपने मंत्रालय की उपलब्धियों से अवगत कराएं। साथ ही, अपनी भावी रोडमैप के बारे में भी बताए। जब केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय का गठन किया जा रहा था, तब कई लोग इसका विरोध कर रहे थे। विरोधियों का कहना था कि सहकारिता मंत्रालय राज्य का विषय है, लिहाजा केंद्र सरकार को इसमें दखल नहीं देना चाहिए, लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि आज जब हमारा मंत्रालय पांच साल पूरा कर चुका है तो आज तक किसी भी विरोधी दल ने कोई विरोध नहीं किया।

## चंपत राय के इस्तीफे के बाद कृष्ण मोहन को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**अयोध्या।** भव्य राम मंदिर के निर्माण और उसकी देखरेख करने वाले 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' से इस वक्त की सबसे बड़ी प्रशासनिक उठापटक सामने आ रही है। ट्रस्ट ने एक बेहद नाटकीय घटनाक्रम में अपने महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। हाल ही में सामने आए कथित दान चोरी के गंभीर आरोपों और विवादों के बाद इन दोनों दिग्गजों को अपने पदों से हटना पड़ा है। इस बड़े विवाद से उपजे संकट और डैमेज कंट्रोल को संभालने के लिए ट्रस्ट ने भारतीय वन सेवा (IFS) के सेवानिवृत्त अधिकारी कृष्ण मोहन को अपना अंतरिम महासचिव नियुक्त कर दिया है। अब राम मंदिर की रोजमर्रा की व्यवस्था और पूरे प्रशासनिक कामकाज की कमान सीधे तौर पर कृष्ण मोहन के हाथों में सौंप दी गई है। इसके साथ ही, ट्रस्ट ने इस पूरे विवाद से पैदा हुए हालातों से निपटने और अपनी खोई हुई साख को वापस पाने के लिए एक व्यापक प्रशासनिक समीक्षा की भी घोषणा की है, ताकि आने वाले समय में ट्रस्ट की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी तथा



मजबूत बनाया जा सके।
कृष्ण मोहन, जिन्हें हाल ही में सदस्यों के सर्वसम्मत निर्णय से ट्रस्ट में ट्रस्टी के तौर पर शामिल किया गया है, उत्तर प्रदेश के हरदोई ज़िले की शाहाबाद विधानसभा सीट के अंतर्गत आने वाले चंद्रपुर गाँव के रहने वाले हैं। महाराष्ट्र कैडर के पूर्व (IFS) अधिकारी रहे कृष्ण मोहन सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और फि लहाल हरदोई शहर में रहते हैं। हाल ही में, सदस्यों के सर्वसम्मत निर्णय से उन्हें राम मंदिर ट्रस्ट में ट्रस्टी के तौर पर शामिल किया गया।

## प. बंगाल की 3 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान, 24 जुलाई को होगी वोटिंग

**नई दिल्ली/कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल की तीन राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया



गया है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सुखेन्दु शेखर रॉय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बड़ाईक के इस्तीफे के बाद ये तीनों सीटें रिक्त हुई थीं।
मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, चुनाव आयोग ने इन सीटों के लिए 24 जुलाई को मतदान और मतगणना कराने का निर्णय लिया है। सभी प्रक्रियाएं इसी दिन पूरी की जाएंगी। इन उपचुनावों को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि पार्टी इन सीटों पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखने की कोशिश करेगी, जबकि विपक्ष भी चुनावी मुकाबले को रोचक बनाने की तैयारी में है। अब सभी की नजर उम्मीदवारों के चयन और चुनावी रणनीति पर टिकी है, क्योंकि इन उपचुनावों के नतीजों का असर राज्य की राजनीतिक तस्वीर पर भी पड़ सकता है।

## विदेशी मांग से चमका पोलाची का नारियल व्यापार

**कोयंबटूर (आरएनएस)।** तमिलनाडु के सबसे बड़े नारियल उत्पादन क्षेत्र पोलाची से नारियल के निर्यात में फिर से तेजी आने के संकेत मिल रहे हैं। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और खाड़ी देशों से मांग दोबारा बढ़ने से किसानों और निर्यातकों को बड़ी राहत मिली है। पिछले कई महीनों से

### लेकिन ढुलाई लागत बनी चिंता

कारोबार प्रभावित था, लेकिन अब स्थिति में सुधार दिखाई दे रहा है। खाड़ी देशों के प्रमुख बाजारों से नारियल निर्यात के लिए नई पूछताछ आने लगी है। इससे विदेशी व्यापार फिर से पटरी पर लौट रहा है, जो पश्चिम एशिया में संघर्ष के दौरान लगभग पूरी तरह ठप हो गया था। पोलाची से बड़ी मात्रा में नारियल खाड़ी देशों में निर्यात किया जाता है। लेकिन पिछले तीन महीनों में निर्यात में भारी गिरावट आई, जिससे व्यापारियों और किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि, नारियल का निर्यात फिर से शुरू हो गया है, लेकिन इस क्षेत्र के सामने अभी भी कई चुनौतियां हैं। संघर्ष के दौरान माल ढुलाई का किराया काफी बढ़ गया था। अब इसमें कुछ कमी आई है, लेकिन यह अभी भी सामान्य से काफी ज्यादा है।
शिपिंग का खर्च बढ़ने और माल की ढुलाई में देरी होने से निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ। कई खेपें अपनी



मंजिल तक पहुंचने से पहले ही खराब हो गईं। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को उम्मीद है कि मांग बढ़ने के साथ आने वाले हफ्तों में नारियल का निर्यात धीरे-धीरे पहले की तरह सामान्य हो जाएगा। इस रुकावट से पहले पोलाची के निर्यातक कोच्चि बंदरगाह के जरिए हर दिन नारियल से भरे कई कंटेनर खाड़ी देशों में भेजते थे। लेकिन पिछले करीब तीन महीनों तक बंदरगाह से निर्यात का काम लगभग ठप रहा। निर्यात लंबे समय तक बंद रहने से घरेलू बाजार में नारियल की सप्लाई बढ़ गई। इससे नारियल की कीमतों में भारी गिरावट आई। पिछले साल इसी समय नारियल का भाव करीब 65,000 रुपये प्रति टन था, जो अब घटकर लगभग 40,000 रुपये प्रति टन रह गया है। इस साल बंपर पैदावार से बाजार में नारियल की आवक बढ़ गई, जिससे कीमतों पर और दबाव पड़ा। हालांकि, मजदूरों की कमी के कारण कीमतें इससे ज्यादा नहीं गिरीं। प्रवासी मजदूर कम होने से पूरे इलाके में नारियल तोड़ने और छीलने का काम प्रभावित हुआ है। इसके कारण नारियल बाजार तक धीमी रफ्तार से पहुंच रहे हैं। किसानों को उम्मीद है कि कटाई का मौसम खत्म होने से पहले, अगले दो महीनों तक ज्यादा पैदावार होती रहेगी। हालांकि, अगले साल की फसल को लेकर अभी से चिंताएं सामने आ रही हैं। इस साल सामान्य से कम बारिश और सूखे जैसे हालात बनने से आने वाले सीजन में पैदावार घटने का डर पैदा हो रहा है, जिससे आगे चलकर कीमतें बढ़ सकती हैं।

**रेड अलर्ट** नवी मुंबई नगर निगम की ओर से इमरजेंसी नंबर जारी किया गया है

## मुंबई में भारी बारिश से तबाही, मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट, कई ट्रेनें रद्द

**मुंबई।** मुंबई में भारी बारिश की वजह से स्थिति गंभीर हो गई है। लोगों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। नवी मुंबई नगर निगम की ओर से इमरजेंसी नंबर जारी किया गया है।
पुणे-मुंबई कनेक्टिंग लिंक रोड पर पुणे से मुंबई जाने वाली लेन में टनल 2 के एग्जिट के पास जबरदस्त बारिश के बीच भूस्खलन (लैंडस्लाइड) हुआ है। सुरक्षा कारणों से, सोमवार सुबह 4 बजे से ही ट्रैफिक को दूसरे रास्ते पर डायवर्ट कर दिया गया है। एनएचएआई ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है। यात्रियों को सलाह दी गई कि अगर हो सके तो यात्रा करने से बचें। हालांकि पुणे एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा खोल दिया गया है।
नवी मुंबई नगर निगम की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सइ पर लिखा गया, तेज हवाओं के साथ हो रही भारी बारिश को देखते हुए, नागरिकों से अपील की जाती है कि वे बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। मौजूदा इमरजेंसी हालात को देखते हुए नागरिकों से अनुरोध है कि वे आपदा प्रबंधन के हेल्पलाइन नंबरों को अपने पास रखें।
नवी मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन सेंट्रल डिजास्टर मैनेजमेंट सेल की ओर से लैंडलाइन 022 27567060, 27567061 और टोल फ्री हेल्पलाइन 1800222309, 1800222310 जारी किए गए हैं। नगर निगम ने कहा, किसी भी इमरजेंसी, बाढ़, पेड़ गिरने, भूस्खलन, सड़क जाम होने या आपदा से जुड़ी अन्य घटनाओं की स्थिति में नागरिकों से अनुरोध है कि वे तुरंत ऊपर दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें और एनएमएमसी प्रशासन की ओर से



जारी आधिकारिक सलाह का पालन करें। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सइ पर पोस्ट करते हुए लिखा, मुंबई और पुणे में हो रही भारी बारिश के कारण, पुणे-मुंबई 'मिसिंग लिंकइ पर पुणे से मुंबई जाने वाले रास्ते पर भूस्खलन (लैंडस्लाइड) हुआ है। इसके चलते, सोमवार सुबह 4 बजे से पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक का रास्ता बदल दिया गया है।
डिप्टी सीएम ने आगे लिखा, एमएसआरडीसी और हाईवे पुलिस सड़क से मलबा हटाने और रास्ते को जल्द से जल्द फिर से खोलने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण इन कोशिशों में कुछ मुश्किलें आ रही हैं। एकनाथ शिंदे ने लिखा, इसके अलावा, मुंबई-पुणे रेलवे रूट पर ठाकुरवाड़ी में भूस्खलन के बाद रेलवे प्रशासन ने मुंबई से पुणे जाने वाली कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसलिए, मेरी आप सभी से अपील है कि सावधानी बरतें और जब तक बहुत जरूरी न हो, मुंबई और पुणे के बीच यात्रा करने से बचें।
आकाशा एयरलाइन ने लोगों की सहूलियत के लिए 'एक्सइ पोस्ट में लिखा, मुंबई, पुणे और गोवा में भारी बारिश के कारण हमारे नेटवर्क पर कुछ उड़ानें देर से चल सकती हैं। हम समझते हैं कि इससे आपकी यात्रा की योजनाओं में असुविधा हो सकती है और हम आपसे धैर्य और समझदारी की उम्मीद करते हैं। हालांकि यह स्थिति पूरी तरह से हमारे नियंत्रण से बाहर है, फिर भी आप निश्चिंत रहें कि हमारी टीमें आपकी मदद के लिए हमेशा तैयार हैं। कृपया एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी उड़ान का स्टेट्स वेबसाइट पर चेक कर लें।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# बिना फिटनेस व परमिट दौड़ रहे 9 स्कूली वाहनों पर कार्यवाही

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**शिकारपुर।** सोमवार को अभियान मिशन सेफ फ्यूचर के तहत जनपद बुलंदशहर में प्रवर्तन कार्यवाही की गई, जिसमें नेशन पब्लिक स्कूल, मिजार्पुर की 02 स्कूली वाहन, डी0एस0 मेमोरियल ऑक्सफोर्ड पब्लिक की 03 वाहन, बसंती देवी कन्या इण्टर कॉलेज की 02 वाहन, कृष्ण कुमार सरस्वती की 01 वाहन एवं विवेकानन्द जूनियर हाई स्कूल की 01 वाहन को बिना प्रपत्र परमिट/फिटनेस आदि के अभियोग में चालान/बन्द की कार्यवाही की गयी है। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया की यदि कोई भी स्कूली वाहन बिना वैध प्रपत्रों के संचालित किया जाता है तो स्कूल प्रबंधक के विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही की जाएगी। सहायक संभागीय अधिकारी परिवर्तन नीतू शर्मा ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी हाल में बिना भेद प्रपत्र स्कूली वाहनों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील मवाना में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**मेरठ।** तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 150 शिकायती/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 14 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

**जिलाधिकारी ने किया मवाना गंगनहर पटरी से किठौर कांवड मार्ग का निरीक्षण**

तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग,



राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकंबदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 150 शिकायती/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से 14 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करायी जायेगी।

# मोटरसाइकिल पर छः युवकों के सवार होने का सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर के शिकारपुर-अनूपशहर मार्ग पर एक मोटरसाइकिल पर एक या दो नहीं बल्कि पूरे 6 युवकों के सवार होने का खतरनाक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इस घटना में बिना हेलमेट पहने और ओवरलोडिंग करके ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गईं, जिससे राहगीरों की जान भी खतरे में पड़ी। बुलंद संदेश समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है लेकिन सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक बाइक पर 6 युवक



बैठे हुए हैं। ये सभी अपनी जान जोखिम में डालकर खतरनाक स्टंट कर रहे हैं। वायरल वीडियो शिकारपुर से अनूपशहर मार्ग स्थित अनुपम फार्म हाउस के पास का बताया जा रहा है।

# नगर पालिका का हीट वेव राहत शिविर बना राहगीरों का सहारा, ओआरएस व शर्बत पिलाकर दिया गर्मी से बचाव का संदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** भीषण गर्मी और हीट वेव के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा सोमवार को हीट वेव एवं लू से बचाव के लिए विशेष राहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राहगीरों एवं आमजन को निःशुल्क ठंडा पेयजल, ओआरएस घोल, रूह अफजा शर्बत एवं मीठा पानी वितरित कर गर्मी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया।







इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंघल एवं अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र ने शिविर का निरीक्षण कर लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने, धूप में निकलते समय सावधानी बरतने तथा लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेशों का पालन करने की अपील की।

शिविर के संचालन में नगर पालिका कर्मचारियों शकील, दिलशाद, शिवा, दानिश, फतेह मोहम्मद (सहायक विद्युत विभाग), लालाराम (टंकी प्रभारी) तथा भरत कुमार (विद्युत विभाग) ने सक्रिय भूमिका निभाई। कर्मचारियों ने स्वयं ओआरएस घोल एवं रूह अफजा शर्बत तैयार कर राहगीरों को पिलाया तथा लोगों को तेज धूप में अनावश्यक बाहर न निकलने, सूती वस्त्र पहनने और लू के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। नगर पालिका की इस जनहितकारी पहल को राहगीरों ने सराहनीय बताते हुए कहा कि भीषण गर्मी के दौरान इस प्रकार के राहत शिविर आमजन के लिए बड़ी राहत साबित होते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को हीट वेव के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखते हुए जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।

# न्यूज इंडिया चैनल के पत्रकार पुनीत शर्मा को पितृ शोक, क्षेत्रवासियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** नगर के मोहल्ला चौक, दुर्गा प्रसाद निवासी वरिष्ठ समाजसेवी, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष एवं जनप्रिय व्यक्तित्व तेजपाल शर्मा 'पंडाजी' का लगभग 85 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर एवं आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर अंतिम दर्शन एवं शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पहुंचे। तेजपाल शर्मा 'पंडाजी' अपने सादगीपूर्ण जीवन, सहज एवं मिलनसार स्वभाव तथा समाज सेवा के प्रति समर्पण के लिए व्यापक रूप से सम्मानित थे। उन्होंने सामाजिक सद्भाव, जनसेवा और



मानवीय मूल्यों को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी। अपने विनम्र व्यवहार और जनसंपर्क के कारण उन्होंने नगर के लोगों के बीच विशिष्ट पहचान बनाई।

उनके निधन को क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। दिवंगत तेजपाल शर्मा 'पंडाजी' के पुत्र एवं न्यूज इंडिया चैनल के पत्रकार पुनीत शर्मा को पितृ वियोग पर अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, पत्रकारों, शुभचिंतकों तथा क्षेत्रवासियों ने गहरी संवेदना व्यक्त की। शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

# बदमाशों के पैर में गोली मारने वाले मेरठ पुलिस के 'धुरंधर' निशाने से चूके, टारगेट की जगह दीवार में ठोंकी गोली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** मुठभेड़ में बदमाशों को पैर में गोली मारने वाले पुलिस के धुरंधर अभ्यास के दौरान निशाने से चूक गए। फायरिंग रेंज में टारगेट के बजाय उनकी गोली दीवार में लगती रही। हालांकि कुछ पुलिसकर्मियों का प्रदर्शन बेहतर भी रहा। सभी सर्किल के सीओ में सदर देहात का निशाना सबसे अच्छा, जबकि सीओ ब्रह्मपुरी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। एसएसपी और एसपी सिटी 10 और 25 मीटर फायरिंग में टारगेट लगाने में सफल रहे।

सोफीपुर स्थित आर्मी की फायरिंग रेंज में रविवार को सुबह सात से दोपहर 12 बजे तक पुलिसकर्मियों ने फायरिंग का अभ्यास किया। इसमें एसएसएपी से लेकर एसपी देहात और एसपी सिटी समेत सभी सर्किल के सीओ मौजूद रहे।

साथ ही देहात और शहर के सभी थाना प्रभारियों को भी बुलाया गया था। थाना प्रभारियों में कोतवाली इंस्पेक्टर पंकज कुमार और लालकुर्ती के एसओ हरेंद्र जादौन ने पिस्टल में 25 मीटर और इंसास एवं एके-47 में 10 मीटर फायरिंग कर दस से आठ अंक प्राप्त किए।

# केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के पांचवे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला सहकारी बैंक शाखा धतारी में शिविर का आयोजन हुआ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर/छतारी"।** केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के पांचवे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम का आयोजन जिला सहकारी बैंक शाखा धतारी पर 6 जुलाई 2026 को हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस आयोजन के अवसर पर स्थानीय नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं एवं डिजिटल साक्षरता के बारे में नागरिकों को जागरूक करना व सहकारी बैंकों की विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना है।



पांचवे स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य महिला अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सादिया अहमद के कर कमलों से शाखा प्रबन्धक मो० शहीम खान, सचिव सोहनपाल सिंह, अतिथि शाबीब हसनैन, अतिथि हरेन्द्र सिंह, अतिथि खुर्शीद अहमद व कैशियर ईश्वर दयाल व अन्य समस्त बैंक / समिति कर्मचारी व क्षेत्रीय सम्मानित नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता मुख्य अतिथि ने मंच के माध्यम से महिलाओं को स्वयं आत्म निर्भर एवं स्वयं को सशक्त बनाने का संदेश देते हुए खुद का व्यवसाय / प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि वक्ताओं ने अपने संबोधन में बचत करने व बैंक सेवाओं से जुड़े रहने का आह्वान किया।

एवं सचिव सोहनपाल सिंह द्वारा ऋणी कृषकों को ऋण वसूली 365 दिन के भीतर जमा करने का संदेश दिया।"शाखा प्रबन्धक मो० शहीम खान ने कृषकों को बैंक व सहकारिता से जुड़े रहने के लिए आश्वस्त किया कि सहकारिता समाज के अन्तिम छोर तक कृषकों को सहायता पहुँचाने के लिये प्रतिबद्ध है। सहकारी बैंक आमजन कृषक परिवारों को वित्तीय सहायता पहुँचाकर सपनों को निरन्तर साकार कर रही है। कार्यक्रम आयोजन में दिनेश चन्द शर्मा (कार्यालय सहायक), महेश प्रसाद, अशोक शर्मा कर्मचारियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम में सहभागिता कर एक रोबिन कुमार, देवीराम, सतीश शर्मा, कृपा शंकर शर्मा, अनोखी देवी, गुड्डी देवी, वचन सिंह, दुष्यन्त शर्मा, रामप्रसाद, ज्ञान सिंह,जी संजय कुमार आदि सम्मानित क्षेत्रीय नागरिकों ने पाँचवें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिभाग किया।

# सतीश गौतम को बसपा में शिकारपुर विधानसभा प्रभारी बनाया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**शिकारपुर।** बहुजन समाज पार्टी के ओबीसी भाईचारा के जिला संयोजक सतीश चंद गौतम को विधानसभा शिकारपुर का विधानसभा प्रभारी नियुक्त किए जाने पर बसपाइयों ने बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाए दी है। उधर जिलाध्यक्ष रविंद्र प्रधान ने बताया है कि सतीश गौतम पर पार्टी को पूर्ण विश्वास है कि उनके कुशल नेतृत्व, संगठन क्षमता एवं समर्पण से बहुजन समाज पार्टी का जनाधार और अधिक मजबूत होगा तथा बहुजन मिशन को नई ऊर्जा मिलेगी। सतीश गौतम लगातार शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के प्रति जागरूकता अभियान चला रहे हैं जिसको देखते हुए सतीश गौतम को शिकारपुर बसपा विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। विधानसभा प्रभारी बनने पर सतीश गौतम ने शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया है, और कहा है मुझ जैसे कर्मठ, निष्ठावान एवं समर्पित साथी पार्टी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई है।

# उचित दर विक्रेतागण बिलो को सत्यापित कराते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी मेरठ को कराये उपलब्ध : डीएसओ

**मेरठ।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि दिनांक 10 जून 2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहूत जिला सर्तकता समिति की बैठक में समिति के समक्ष वर्ष-2001 से वर्ष-2018 तक उचित दर विक्रेताओं को निर्गत किये गये खाद्यान्न का परिवहन व्यय भुगतान कराये जाने हेतु बिन्दु उठाते हुए भुगतान कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में जिला पूर्ति अधिकारी, मेरठ के कार्यालय पत्रांक के द्वारा परिवहन व्यय का भुगतान कराये जाने हेतु प्रेषित पत्र के सम्बन्ध में सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मेरठ सम्भाग, मेरठ द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक के द्वारा वर्ष-2001 से वर्ष-2018 तक में कार्यरत रहे सभी उचित दर विक्रेताओं को अपने स्तर से संदिर्भत अवधि (वर्ष-2001 से वर्ष-2018 तक) का माहवार बिल बनाते हुए विपणन निरीक्षक से उठान एंव आपूर्ति निरीक्षक से वितरण का सत्यापन करते हुए बिल जिला खाद्य विपणन अधिकारी मेरठ को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में जनपद मेरठ में समस्त कार्यरत एवं भूतपूर्व उचित दर विक्रेतागण जिनको संदिर्भत अवधि (वर्ष-2001 से वर्ष-2018 तक) के निर्गत खाद्यान का परिवहन व्यय का भुगतान प्राप्त नही हुआ है, जनपद के ऐसे समस्त कार्यरत व भूतपूर्व विक्रेतागण से अपेक्षा है कि वह उक्त अवधि से सम्बन्धित समस्त बिलो को उपरोक्तानुसार सत्यापित कराते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी, मेरठ को उपलब्ध कराया जाना है जिससे कि नियमानुसार भुगतान कराया जा सकें।

सम

## 15 मिनट में आधा दर्जन केंद्र सील

# मेरठ में कोचिंग संस्थानों पर मेडा की बड़ी कार्रवाई

**मेरठ।** लखनऊ में एक कोचिंग संस्थान में हुए अग्निकांड के बाद मेरठ विकास प्राधिकरण ने शहर के कोचिंग संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को एमडीए की टीम पुलिस बल के साथ बच्चा पार्क चौराहा स्थित स्टार प्लाजा पहुंची और करीब 15 मिनट के भीतर आधा दर्जन कोचिंग संस्थानों को सील कर दिया। अचानक हुई कार्रवाई से पूरे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**पुलिस बल के साथ पहुंची टीम, तेजी से हुई सीलिंग**

एमडीए की टीम भारी पुलिस बल के साथ स्टार प्लाजा पहुंची और पहले से चिन्हित कोचिंग संस्थानों पर सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी। महज 15 मिनट के भीतर करीब आधा दर्जन कोचिंग संस्थानों को सील कर टीम वहां से रवाना हो गई। कार्रवाई के दौरान परिसर में मौजूद विद्यार्थियों और संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

**संचालकों का आरोप, सामान निकालने का भी नहीं मिला समय**

कोचिंग संचालकों का कहना है कि कार्रवाई इतनी तेजी से की गई कि उन्हें संस्थानों के भीतर रखा सामान तक बाहर निकालने का अवसर नहीं दिया गया। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान होने की आशंका है।



**एमडीए का दावा, पहले ही दिए जा चुके थे नोटिस**

एमडीए अधिकारियों का कहना है कि संबंधित कोचिंग संस्थानों को पहले ही नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद संस्थानों का संचालन जारी मिला। इसी आधार पर नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# शराब पार्टी के बाद भोला झाल में नहा रहे युवक की डूबने से मौत, परिवार में कोहराम

**मेरठ।** रविवार की शाम जानी थाना क्षेत्र स्थित भोले की झाल पर शराब पार्टी के बाद नहा रहे युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक के शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर, घटना के बाद परिवार के लोगों में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक तारापुरी निवासी 25 वर्षीय समीर पुत्र बाबू स्क्रैप का कारोबार करता था। परिजनों के मुताबिक रविवार को समीर अपने कुछ दोस्तों के साथ भोले की झाल पर नहाने गया था। बताया जाता है कि सभी दोस्तों ने नहर के किनारे बैठकर शराब पार्टी की। इसके बाद नहर में नहाने लगे। मगर, समीर



गहरे पानी में चला गया। जिसके चलते वह डूबने लगा। युवक के दोस्तों ने शोर मचाया। मगर देखते ही देखते समीर नहर में समा गया।

जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से समीर के शव को नहर से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। समीर के परिवार में पत्नी सहित छह वर्षीय सबसे बड़ा बेटा और तीन बेटियां हैं। समीर की मौत के बाद क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

# ग्रामीणों से मिले दिग्विजय शिशौदिया, किसानों और विकास के मुद्दों पर किया संवाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** युवा समाजसेवी दिग्विजय शिशौदिया ने धौलाना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने उनका फूल-मालाओं व पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए शिक्षा, रोजगार, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं और किसानों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (अ) टिकैत द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में भी दिग्विजय शिशौदिया का सम्मान किया गया। किसान नेताओं और पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में कृषि, सिंचाई, फसलों के उचित मूल्य तथा ग्रामीण विकास से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। दिग्विजय शिशौदिया ने कहा कि जनता का विश्वास और स्नेह उनके लिए सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों के हितों और क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।





# विद्युत सुरक्षा मानकों की जांच के लिए RWA को नोटिस, ईवी चार्जिंग व्यवस्था पर मांगी रिपोर्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव, नेहरू नगर-3 स्थित सोसायटी में कथित रूप से अधिष्ठापित विद्युत अधिष्ठापन एवं ईवी (EV) चार्जिंग व्यवस्था में विद्युत सुरक्षा मानकों की अनदेखी किए जाने की शिकायत पर सहायक निदेशक, विद्युत सुरक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, गाजियाबाद जोन सौरभ सिंह ने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (RWA) के अध्यक्ष/सचिव को नोटिस जारी किया है। जारी पत्र के अनुसार, 3 जुलाई 2026 को सोसायटी के निवासी गौरव बंसल (SP2-201) द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सोसायटी परिसर में स्थापित ईवी चार्जिंग व्यवस्था एवं विद्युत अधिष्ठापन में आवश्यक विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। नोटिस में RWA को निर्देशित किया गया है कि ईवी चार्जिंग एवं विद्युत अधिष्ठापन की जांच किसी 'क' श्रेणी के विद्युत सुरक्षा ठेकेदार से कराई जाए। साथ ही जांच रिपोर्ट, लाइसेंस, फर्म का विनिर्माण/परीक्षण प्रमाण-पत्र तथा किए गए सुरक्षा संबंधी कार्यों का पूरा विवरण कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके।

**गौरव बंसल की शिकायत पर विद्युत सुरक्षा विभाग सख्त, RWA से मांगी जांच रिपोर्ट**




सहायक निदेशक ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित कार्रवाई की सूचना कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराई जाती है और भविष्य में कोई अप्रिय घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी RWA गुलमोहर एन्क्लेव की होगी। इस पत्र की प्रतिलिपि जिलाधिकारी गाजियाबाद तथा उपनिदेशक, विद्युत सुरक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, गाजियाबाद क्षेत्र को भी आवश्यक जानकारी एवं अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित की गई है।

# नई सोसाइटीयो के निर्माण पर सम्पूर्ण रोक लगनी चाहिए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बताते चलें डीपी त्यागी ने लिखा खत नन्द किशोर कलाल , जय हिन्द , हम जानते है की अदक की सुरक्षित सीमा 60 माइक्रोग्राम प्रतिक्यूबिक मीटर है` यह सीमा अमेरिका में 20 है` यानी हमारी वायु प्रदूषण की सुरक्षित सीमा जन्म से ही तीन गुणा ज्यादा प्रदूषित है।

हमारी अदक में श्डउ (वोलाटाइल आर्गेनिक कंपाउंड ) शामिल नहीं है यदि यह भी शामिल कर लिए जाए तो ये स्थिति और भी गंभीर हो जायेगी`गाजियाबाद में वायु प्रदूषण के मुख्य कारण वाहन और निर्माण है।

गाजियाबाद में ताबड़तोड़ सोसाइटीयो के नए निर्माण किये जा रहे है ' नए निर्माण का मतलब अतिरिक्त प्रदूषण ' यही कारण है की गाजियाबाद देश का सर्वाधिक प्रदूषित शहर बन गया है 'वायु प्रदूषण के कणों ( PM 2.5 ) के जमने के कारण फेफड़ो की क्षमता कम हो जाती है जिसका वर्तमान में कोई मेडिकल उपचार नहीं है` यह समस्या उभरते हुए बच्चों के लिए और भी ज्यादा हानिकारक है क्योंकि उनका वायु इंटेक ज्यादा होता है।

अर्थात हमारा वर्तमान भी खराब है और भविष्य अत्यंत खराब होने वाला है 'गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने 2005 में बापू धाम योजना का शिलान्यास किया ' यह योजना करीब 5 एकड़ भूमि में थी ' इसमें करीब 12 हजार फ्लेट बनाये गए जिसमे बहुत सारे खाली पड़े है , बहुत सारे जर्जर हालत में है और बहुत सारे खाली होने वाले है` अब दोबारा 5.20 एकड़ में हरनंदी पुरम बसाने की योजना है इसमें करीब 50 हजार फ्लेट बनाये जायेंगे ` अंदाजा लगाया जासकता है की निर्माण का घनत्व पहले से ज्यादा होगा और वायु प्रदूषण में असहनीय इजाफा होगा गाजियाबाद के निवासियों का अनुरोध ही नहीं आग्रह है की हमें कोंक्रिट के जंगल से बचाया जाए।

आपकी बहुमंजली इमारतो के कबूतर खाने में तापक्रम खुले से 5 डिग्री ज्यादा हो जाता है जिसके लिए हर कमरे में ऐयरकंडीसनर लगाने पड़ते है जिनकी गर्मी से खुली हवा का तापक्रम भी बढ़ने लगता है और यह कुचक्र अनगिनत बीमारियों को जन्म दे रहा है ' गाजियाबाद में अगले 20 साल तक नई बहुमंजली सोसाइटीयो के निर्माण पर सम्पूर्ण रोग लगनी चाहिए ।

# 125 वीं जयन्ती पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125 वें जन्मोत्सव पर ऑनलाइन विचार गोष्ठी का आयोजन करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**समान आचार संहिता लागू करना डॉ.मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि -राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि देश में समान आचार संहिता लागू करना ही डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।आज समान अचार संहिता लागू करना समय की आवश्यकता है,हमें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी जी धारा 370 के बाद इस पुनीत कार्य को भी अपने कर कमलों से करके इतिहास बनाएंगे उन्होंने कहा कि आर्य समाज समान आचार संहिता का पुरजोर समर्थन करता है।एक देश में एक समान कानून लागू होने ही चाहिए।डॉ. मुखर्जी अखण्ड भारत के स्वप्न द्रष्टा थे,उन्होंने उस समय जम्मू कश्मीर की परमिट परिपाटी के विरुद्ध संघर्ष का सिंहनाद किया था।उन्होंने राष्ट्र को सन्देश दिया कि एक देश में दो प्रधान,दो विधान,दो निशान नहीं चलेंगे।वे जम्मू कश्मीर को भारत का अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान हो गए।उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धारा 370 व 35अ समाप्त करके दी गयी है।वह कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम आयु के उपकुलपति बने, उन्होंने पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं की रक्षा के लिए उल्लेखनीय कार्य किया।उल्लेखनीय है कि डॉ. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के अत्यन्त प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था।उनके पिता भी सर आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे एवं शिक्षाविद् के रूप में विख्यात थे।अपने पिता का अनुसरण करते हुए उन्होंने भी अल्पायु में ही विद्याध्यन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएँ अर्जित कर लीं व 33 वर्ष की अल्पायु में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने कहा कि डॉ.मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता अखंडता के लिए अपना बलिदान दिया,उनके कार्य सदियों तक आने वाली पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। वह राष्ट्र वाद के सच्चे प्रहरी थे। आचार्य महेन्द्र भाई ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने का आह्वान किया ।




# AKTU परिणामों में RKGIT की शानदार सफलता, पांच विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में बनाई जगह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (AKTU) द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (RKGIT), गाजियाबाद के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है विश्वविद्यालय की टॉप-10 मेरिट सूची में अनुष्का मिश्रा (एमसीए) ने चौथा स्थान, मौसम सिंह (बी.टेक. - ईसीई) ने नौवां स्थान, श्रिधि (बी.टेक. - सूचना प्रौद्योगिकी) ने दसवां स्थान, तथा अंशिका भारद्वाज (एम.फार्म.) ने नौवां स्थान एवं तान्या अग्रवाल (एम.फार्म.) ने दसवां स्थान प्राप्त कर RKGIT की शैक्षणिक उत्कृष्टता को नई पहचान दिलाई है। यह उपलब्धि संस्थान की उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण अकादमिक वातावरण एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता का परिणाम है। इस अवसर पर संस्थान के सलाहकार श्री लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी.के. चौहान, निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा, डीन (एकेडमिक्स) डॉ. आर.के. यादव तथा प्राचार्या (फामेर्सी) डॉ. मोनिका सचदेव ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना की तथा इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक सहयोग को दिया। संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने कहा, "AKTU की टॉप-10 मेरिट सूची में हमारे पांच विद्यार्थियों का स्थान प्राप्त करना पूरे फ्क्त्रक्ष्ळ परिवार के लिए गर्व का विषय है। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्कृति का परिणाम है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नवाचार, अनुसंधान और नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए सर्वोत्तम अवसर उपलब्ध कराना है। संस्थान ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## 197 शिकायतें प्राप्त, मौके पर 15 का निस्तारण

# जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

**मोदीनगर तहसील**

मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 80 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम मोदीनगर श्री अजीत कुमार सिंह, तहसीलदार सहित राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**लोनी तहसील**

एडीएम एल/ए श्री अवनीश सिंह की अध्यक्षता में लोनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 70 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 04 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार सदर सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



**सदर तहसील**

एसडीएम अरूण दीक्षित की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 47 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 08 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार सहित राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों में 197 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 15 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए 11 वर्षीय बच्चे को पुलिस ने चंद घंटों में तलाश कर परिजनों को सौंपा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** नगर की व्यापारीयान कॉलोनी निवासी 11 वर्षीय बच्चा 3 जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कुछ ही घंटों में बच्चे को तलाश कर उसकी माँ को सौंप दिया। व्यापारीयान कॉलोनी में शब्बो अपने दिव्यांग पति व बच्चों के साथ रहती है। उनका 11 वर्षीय पुत्र उजैब तीन जुलाई की दोपहर को बाजार गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा था। काफी तलाश करने के बाद भी जब बच्चा नहीं मिला तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस की बात पर यकीन किया जाये तो पुलिस ने सूचना मिलने के बाद तीन घंटों में है बच्चे को तलाश कर उसकी मां को सौंप दिया। जबकि बच्चा तीन तारीख को लापता हुआ था। इस मामले पुलिस का बयान है कि 05 जुलाई को पुलिस को बच्चा गायब होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने बच्चे की मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम का गठन कर बच्चे की तलाश के लिए अभियान चलाकर मात्र तीन घंटों में बच्चे को बरामद कर उसकी मां को सौंप दिया।



# आई.टी.एस डेंटल कॉलेज द्वारा जून, 2026 माह में पांच हजार से अधिक मरीजों के लिए लगाए गए स्वास्थ्य शिविर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज द्वारा जून माह में गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों जैसे लोनी, डासना, विजय नगर, चिरौड़ी, इंद्रगढ़ी, नेकपुर, कुशलिया, अर्थला, फरूकनगर, नंदग्राम, भोपुरा, फरीदनगर, लाल कुंआ, इस्लामनगर, रावली, तथा मछरी के साथ-साथ ऑफिसर सिटी-1, अरबन होम्स, स्टार रामेश्वरम एवं यूनिनव हाइट्स जैसी कॉलोनियों में मरीजों के लिए नियमित शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में लगभग 5100 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, व्यक्तियों को सामान्य दंत समस्याओं के प्रारंभिक संकेतों के बारे में शिक्षित करना और मुफ्त निदान तथा उपचार सेवाएं प्रदान करना था। प्रत्येक शिविर की शुरूआत मौखिक स्क्रीनिंग सत्र से हुई, जिसके बाद प्रत्येक मरीज को अपना उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष रूप से दांतों की सड़न, मसूड़ों की बीमारियों, दंत फ्लोरोसिस और उन्हें रोकने के उपायों पर जोर दिया गया। इसके साथ ही उन्हें कैरियोजेनिक खाद्य पदार्थो के बारे में शिक्षित किया गया जो दांतों में सड़न पैदा कर सकते है।







इसके अतिरिक्त मरीजों को संस्थान में प्रदान किये जाने वाले उन्नत उपचार जैसे डेंटल इंप्लांट, लैमिनेट्स, वेनीर्स, माइक्रोस्कोपिक रूट कैनाल ट्रीटमेंट, ब्रेसेस, एलाइनर्स, टीथ व्हाइटनिंग, हेयर ट्रांसप्लांट आदि के बारे में भी बताया गया। शिविर स्थल पर मरीजों के दांत निकाले गये, दांतो की सफाई करायी, दांतों की सड़न को रोकने के लिए एपीएफ जैल लगाना और और मरीजों का एक्स-रे तथा दांतो मे मसाला भी भरा गया। इसके अतिरिक्त, संस्थान के द्वारा भोजपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी.एच.सी) और मुरादनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी.एच.सी) में अपनी चल रही सेटेलाइट के जरिए मरीजों को निशुल्क उपचार प्रदान किया जाता है। आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर. पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इन स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया।

**सम्मेलन**

## हमारी पराधीनता का कारण वेद की अवहेलना : आचार्य धर्मपाल

# सघन वेदप्रचार सम्मेलन हर्षोल्लास से सम्पन्न, वेद मानव मात्र के सर्वांगीण विकास का मार्ग: आर्य कृष्ण मुनि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** सोमवार को जिला आर्य प्रतिनिधि सभा एवं जावली आर्य समाज के संयुक्त तत्वाधान में एस पी आर पैलेस जावली लोनी में सघन वेद प्रचार सम्मेलन जिला सभा के प्रधान विजयपाल कसाना की अध्यक्षता में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथिगण केपी सिंह कसाना,सविंदर भाटी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,अखिल भारतीय गुर्जर महासभा) ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज हमें आवश्यकता है आर्य समाज के सिद्धांतों पर चलने की तभी हम अपने परिवारों को सुसंस्कारित बना सकते है,सविंदर भाटी ने वेदों के प्रचार प्रसार के लिये जिला आर्य प्रतिनिधि सभा को ग्यारह लाख रुपये दान स्वरूप प्रदान किये और कहा आगे भी इसी प्रकार से समाज हित के लिए सहयोग करता रहूँगा।सुप्रसिद्ध भनोपदेशक कुलदीप आर्य एवं कल्याणी आर्या ने ईशभक्ति एवं देश भक्ति के भजनोपदेश के माध्यम से सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया और वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया।मुख्य वक्ता आचार्य धर्मपाल ने कहा कि हमारा देश लगभग 900 वर्ष पराधीन रहा है जिसका मुख्य कारण वेदों की अवहेलना रहा है, हमें फिर से अपनी प्राचीन परम्पराओं को लागू करना होगा तभी जाकर हम सनातन की रक्षा कर सकते है।

आर्य कृष्ण मुनि ने अतीत के गौरव का स्मरण कराते हुए वर्तमान समाज की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त नशा,आचारहीनता,अधैर्य,शोषण से बचने का उपाय केवल वेद में है और वेद मानव मात्र के सर्वांगीण विकास का मार्ग है,हमें अपने जीवन में इस ईश्वरीय वाणी को व्यवहार में लाना होगा।जब जाकर हम राष्ट्र और धर्म की रक्षा करते हुए संपूर्ण विश्व को एक सूत्र में बांध सकते है,जबसे हमने इस मार्ग को छोड़ा है उसी समय से मानव का पतन हो रहा है आओ सभी मिलकर इस ऋषि परंपरा को आगे बढ़ाये।




इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।स्वागताध्यक्ष सूबेदार जयपाल सिंह ने सभी विद्वानों एवं अतिथियों को पीतवस्त्र ओढाकर सम्मानित किया,लोनी क्षेत्र के कक्षा , 9,10,11,12 में 85% से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर जिला सभा द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य रूप से ज्ञानेंद्र सिंह आर्य,नरेंद्र पांचाल, राजपाल कसाना, कृष्णदेव आर्य , बबली कसाना जयप्रकाश आर्य, सतीश आर्य, विष्णुदत शर्मा,जगस्वरूप आर्य, नरेश त्यागी एवं गाजियाबाद की सभी आर्य समाजों के गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच का कुशल संचालन जिला सभा के मंत्री सत्यवीर चौधरी द्वारा किया गया। शांति पाठ एवं ऋषि लंगर के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# मतदान केंद्रों की प्रारूप सूची जारी, 11 जुलाई तक आमजन से मांगे गए सुझाव एवं आपत्तियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के द्वारा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में मतदेय स्थलों के निर्धारण करने के पश्चात मतदेय स्थलों की सूची का आलेख्य समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला स्तरीय प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराते हुए लिखित आक्षेप या सुधार आमंत्रित करने के निर्देश दिये गये हैं।अतः मैं रविन्द्र कुमार मांदड़, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद एतद्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-25 के उपबन्धों के अनुसरण में निम्नांकित तालिका में दिये गये विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदान स्थलों, मतदान केन्द्रों की संलग्न सूची में विनिर्दिष्ट मतदान केन्द्रों के समक्ष अंकित मतदान क्षेत्रों के मतदाताओं के समूहों के लिए मतदान केन्द्रों के रूप में प्रस्तावित सूची का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 04.07.2026 को एक सप्ताह की अवधि हेतु प्रकाशित करता हूँ।अतः सर्वसाधारण से अपील है कि जनपद में अवस्थित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों की आलेख्य सूची के बावत यदि कोई आपत्ति या सुझाव हों तो कृपया लिखित रूप में दिनांक 11.07.2026 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में अथवा संबंधित उप जिलाधिकारी / तहसीलदार के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं।

# पत्नी की हत्या करने के बाद पति फरार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जवां थाना क्षेत्र के गांव रफीपुर सिया में उस समय सनसनी फैल गई कि जब एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद की बात सामने आ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह 7 बजे गांव रफीपुर सिया निवासी दिनेश ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। सूचना पर थाना पुलिस भी पहुंच गई और घर के अंदर घुसी तो महिला का शव मिला। फॉरेंसिक टीम और फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। वारदात के बाद से आरोपी पति दिनेश फरार है। उसकी तलाश में पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



सीओ सिटी तृतीय सर्वम सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। मृतका के परिजनों से तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जर्मनी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एएमयू की शोधार्थी ने शोधपत्र प्रस्तुत किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की शोधार्थी उम्मे उम्माराह खान जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ बामबर्ग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कैप्टिवेटिंग क्रिमिनैलिटी-13ः क्राइम फिक्शन, कॉन्फ्लिक्ट एंड रिप्रेजेंटेशन में शोधपत्र प्रस्तुत किया। इस सम्मेलन का आयोजन इंटरनेशनल क्राइम फिक्शन एसोसिएशन और यूनिवर्सिटी ऑफ बामबर्ग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

उन्होंने रीडिंग रेडी प्लेयर वन ऐज क्राइम फिक्शनः कॉर्पोरेट कंट्रोल एंड लीगल फेल्योर इन द मेटावर्स शीर्षक से शोधपत्र प्रस्तुत किया, जिसे हमदा अख्तरुल आरफीन के साथ संयुक्त रूप से तैयार किया गया। हमदा एएमयू की पूर्व छात्रा हैं और वर्तमान में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के विधि विभाग में शोधार्थी हैं।




शोधपत्र में लेखक अर्नेस्ट क्लाइन के उपन्यास रेडी प्लेयर वन का अपराध कथा के दृष्टिकोण से विश्लेषण करते हुए मेटावर्स में कॉर्पोरेट नियंत्रण, निगरानी, आर्थिक शोषण और कानूनी जवाबदेही जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही, उभरते डिजिटल अपराधों से निपटने में वर्तमान कानूनी व्यवस्था के समक्ष मौजूद चुनौतियों का भी विश्लेषण किया गया। प्रस्तुति के बाद आयोजित संवादात्मक सत्र में शोधपत्र पर व्यापक चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने साहित्य और विधि के अंतर्विषयक दृष्टिकोण को विशेष रूप से सराहा। उम्मे उम्माराह खान ने कहा कि इस सम्मेलन ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय विद्वानों के साथ संवाद करने तथा अपने डॉक्टोरल शोध के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। सम्मेलन में सहभागिता के लिए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का धन्यवाद दिया।

# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के तृतीय दीक्षांत समारोह - शिक्षा, संस्कार और उत्कृष्टता का उत्सव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के तृतीय दीक्षांत समारोह का शुभारंभ कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी की उपस्थिति में एच.पी.वी. वैक्सीनेशन से हुआ, जिसके अंतर्गत सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 55 बच्चियों का एच.पी.वी. वैक्सीनेशन कराया गया, जिसमें 20 बच्चियां जिला प्रशासन अलीगढ़, 20 बच्चियां पुलिस प्रशासन अलीगढ़ तथा 15 बच्चियां विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव की तरफ से थी । इस स्वर्णिम, भव्य एवं अविस्मरणीय समारोह के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रोफेसर शेखर सी मांडे, कार्यक्रम अध्यक्ष उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया माननीय श्रीमती आनन्दी बेन पटेल व विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र बहादुर सिंह, कुलसचिव श्री प्रबुद्ध सिंह, परीक्षा नियंत्रक श्री धीरेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी श्री निजिलिंगप्पा, विद्या परिषद एवं कार्य परिषद के सदस्यगणों के साथ विद्वत परियात्रा में सम्मिलित हुए। यह शोभा यात्रा सभागार में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी, जन प्रतिनिधि, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यगण, शिक्षाविद्, शिक्षक, गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं, प्राथमिक विद्यालय के छात्र एवं शिक्षकगण, हाथरस, कासगंज , एटा एवं अलीगढ़ जिले की आंगनबाड़ी कार्यकत्री, विश्वविद्यालय कर्मी तथा अभिभावकों से खचाखच भरे हुए शीला गौतम सेंटर फॉर लर्निंग सभागार में पहुंची। सभी अतिथियों ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया । इसके पश्चात कार्यक्रम राष्ट्रगीत वंदे मातरम, वेद बटुकों द्वारा स्वस्तिवाचन एवं विश्वविद्यालय के कुलगीत -"श्रीकृष्ण की पुण्य पुनीत धरती" से प्रारंभ हुआ । कुलपति महोदय द्वारा मंचासीन अतिथियों का एकल पुष्प देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा दीक्षांत समारोह के शुभारंभ की विधिवत







घोषणा की गई । कुलपति प्रो.नरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा स्वागत भाषण व विश्वविद्यालय प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई तथा आगामी सत्र हेतु भावी योजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में सहायक आचार्य के विज्ञापित 26 पदों पर भर्ती प्रक्रिया अतिशीघ्र पूर्ण करना, परिसर 1 व परिसर 2 में नए भवनों का निर्माण करना, शैक्षणिक भवन 3 और अतिथि गृह के निर्माण कार्यों को पूर्ण करना, वर्तमान परिसर को वाई-फाई और सीसीटीवी सुविधाओं से युक्त करना, विभिन्न रोजगारपरक प्रमाण पत्र और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करना, परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना करना, पुस्तकालय को समृद्ध करना, आई.के.एस. सेंटर और स्वामी हरिदास शोध पीठ का सफल संचालन सुनिश्चित करना है ।तत्पश्चात माननीय कुलसचिव श्री प्रबुद्ध सिंह द्वारा उपाधि प्राप्तकताओं को दीक्षोपदेश देकर इस उपाधि के सदुपयोग की शपथ ग्रहण कराई । कार्यक्रम को आगे गति प्रदान करते हुए माननीय कुलाधिपति महोदया जी ने विश्वविद्यालय की सत्र 2025-26 की 45,079 स्नातक स्तर पर एवं 6,468 परास्नातक स्तर पर उपाधियों को डिजीलॉकर में अपलोड किया। इसके बाद स्वर्ण पदक विजेता छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं कुलाधिपति महोदया द्वारा मेडल पहनाकर कर एवं उपाधि पत्र देकर सम्मानित किया गया । दीक्षांत समारोह में स्नातक स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बीए के छात्र नितिन कुमार, श्री लालाराम शर्मा मेमोरियल महाविद्यालय जरारा, अलीगढ़ को कुलाधिपति पदक से सम्मानित किया गया । 50 स्वर्ण पदक में 16 पदक स्नातक स्तर पर तथा 34 पदक परास्नातक स्तर पर प्रदान किए गये। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों डॉ सुरेंद्र पाल सिंह, धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़, डॉ अजय कुमार, धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़, प्रो गुंजन अग्रवाल, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ को अध्यापन कार्य, नवाचार एवं शोध कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया । विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव के प्राथमिक विद्यालयों में दीक्षांत से पूर्व हुए दीक्षोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों की लघु फिल्म प्रस्तुत की गई ।

विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव में आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता में विजेता छात्रा कशिश द्वारा अपने भाषण "मेरी माँ" की संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई । इसी कड़ी में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा गीत अभिनय के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया । मुख्य अतिथि प्रोफेसर शेखर सी मांडे जी को माननीया कुलाधिपति महोदय द्वारा डी.लिट. की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया ।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने निभाया सामाजिक दायत्व, गरीब बेटी के विवाह दिया कन्यादान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** बोनेर क्षेत्र के गांव दीहोली निवासी बबलू की पुत्री के विवाह में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने आर्थिक सहयोग कर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। बेटी का विवाहआज 6 जुलाई को होना है। बेटी के पिता पल्लैदारी का काम करते है एवम बीमारी के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई है। विवाह की तैयारियां पूरी नहीं हो पाने से परिवार चिंता में था। इसकी जानकारी मिलने पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी परिवार के घर पहुंचे और बेटी के विवाह के लिए घरेलू उपयोग का सामान, आभूषण तथा वर के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर कन्यादान किया। संगठन के सहयोग से भावुक हुए परिजनों ने सभी पदाधिकारियों का तिलक कर सम्मानपूर्वक विदा किया और आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, ताकि किसी बेटी का विवाह आर्थिक अभाव के कारण प्रभावित न हो।




इस दौरान डॉ. शैलेन्द्र पाल सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, राजकुमार सिंह,उपेंद्र सिंह,कौशल सिंह, विवेक प्रताप सिंह अखिलेश तोमर(गुल्लेश) अतुल कुमार सिंह, अमित सारस्वत,अतुल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नेशनल राइटिंग चैंपियनशिप में मंगलायतन के शुभम जाखड़ बने रनर-अप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** इंक्वेल इनोवेटर्स की ओर से आयोजित नेशनल राइटिंग चैंपियनशिप-2026 का परिणाम घोषित होने के साथ ही दो माह तक चली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का सफल समापन हो गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने अपनी लेखन प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मंगलायतन विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग के छात्र शुभम सिंह जाखड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रनर-अप का खिताब अपने नाम किया। शुभम की इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। शिक्षकों एवं सहपाठियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह प्रतियोगिता वोटिंग आधारित रही, जिसमें प्रतिभागियों की रचनाओं को प्राप्त वोटों के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया।



# घर में घुसकर मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना अतरौली पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और जानलेवा हमले के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस के अनुसार, 2 जून 2026 की शाम आवेदक की पत्नी के साथ घर में घुसकर मारपीट करने, गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि आवेदक के सिर पर ईंट और डंडे से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल करने का प्रयास किया गया। इस संबंध में थाना अतरौली में मु0अ0सं0 297/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था मामले की विवेचना के दौरान थाना अतरौली पुलिस ने आरोपी राजेश पुत्र राकेश, निवासी ग्राम नौउरी भोजपुर, थाना अतरौली, जनपद अलीगढ़ को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गौरव कुमार, कांस्टेबल आदित्य कुमार एवं कांस्टेबल मोन्टी शामिल रहे।



# हरदुआगंज पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । थाना हरदुआगंज पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, वाद संख्या 1527/18 में भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 504 और 427 के तहत वांछित वारंटी तेजवीर पुत्र जुगेन्द्रपाल सिंह, निवासी ग्राम खान आलमपुर, थाना हरदुआगंज, जनपद अलीगढ़ को थाना क्षेत्र हरदुआगंज से गिरफ्तार किया गया पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।




गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हरिभान सिंह राठौड़, उपनिरीक्षक मनीष कुमार त्यागी तथा कांस्टेबल मनीष कुमार शामिल रहे।

# पिज्जा दुकान पर मारपीट और एससी/एसटी एक्ट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना देहलीगेट पुलिस ने पिज्जा की दुकान पर मारपीट, जानलेवा हमला और

**मामले में पुलिस ने राहुल पुत्र मुनेश, निवासी एसआरएस स्कूल के पास, रामनगर कॉलोनी, थाना देहलीगेट, अलीगढ़ को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया**

जातिसूचक शब्दों के प्रयोग के आरोप में दर्ज मुकदमे के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर थाना देहलीगेट में मु0अ0सं0 207/2026 के तहत बीएनएस की धारा 74, 109(1), 351(3) तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(5) में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता के साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। मामले में पुलिस ने राहुल पुत्र मुनेश, निवासी एसआरएस स्कूल के पास, रामनगर कॉलोनी, थाना देहलीगेट, अलीगढ़ को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मयंक चौधरी और कांस्टेबल आदर्श कुमार शामिल रहे।



# सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत, तहसीलदार से कार्रवाई की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम जिरौली धूम सिंह के कुछ ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ते पर अवैध निर्माण एवं कब्जे की शिकायत करते हुए तहसीलदार अतरौली को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बावजूद संबंधित लोग सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि रास्ते पर निर्माण हो गया तो गांव के लोगों के आवागमन में भारी परेशानी होगी। शिकायतकताओं ने यह भी दावा किया है कि जिस भूमि पर निर्माण



ने आरोप लगाया है कि गांव में लगभग 20 फीट चौड़े सार्वजनिक मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा है, जिससे रास्ता संकरा होने की आशंका है। शिकायतकताओं का कहना है कि 22 जून 2026 को उन्होंने निर्माण कार्य का विरोध किया तो संबंधित लोगों ने अभद्र व्यवहार किया। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य रुकवाया। किया जा रहा है, वह राजस्व अभिलेखों में संबंधित लोगों के नाम दर्ज नहीं है।ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से सार्वजनिक रास्ते से अवैध निर्माण हटवाकर भूमि को कब्जामुक्त कराने तथा दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र पर हरी सिंह, धर्मवीर, नन्हीं देवी तथा बिलनावी सहित कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है।

मेगा प्रोजेक्ट

## डॉक्टर्स डे संयुक्त मेगा प्रोजेक्ट

# जहाँ चिकित्सा का सम्मान होता है, वहाँ मानवता का सम्मान स्वयं हो जाता है

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । डॉक्टर्स डे के पावन अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ अलीगढ़ सिटी, इनर व्हील क्लब ऑफ न्यू एरा, इनर व्हील क्लब ऑफ यूनिक, इनर व्हील क्लब ऑफ सेंचुरी, इनर व्हील क्लब ऑफ अलीगढ़ गोल्ड सिटी एवं इनर व्हील क्लब ऑफ अलीगढ़ सिटी उड़ान के संयुक्त तत्वावधान में दीनदयाल अस्पताल, अलीगढ़ में एक भव्य संयुक्त मेगा प्रोजेक्ट का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सीएमएस डॉ. एम. के. माथुर, डॉ. टंडन, प्रबंधक खुशी, डॉ. सुमित वार्ष्णेय, रुबीना सिंह, अनामिका, अनुपम सेंगर एवं नीरज शर्मा सहित अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्टाफ को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, समर्पण एवं मानवता के प्रति योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर क्लब की पदाधिकारियों ने सभी चिकित्सकों के प्रति अपना सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टर केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि अपने ज्ञान, सेवा और समर्पण से अनगिनत लोगों के जीवन में नई आशा का संचार करते हैं।




सभी ने चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएँ, प्रेषित की उनके समर्पण, सेवा और मानवता के प्रति निष्ठा को नमन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीजीआर पारुल जिंदल रहीं। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष नीना जैन, सचिव शुभ्रा जैन, सिटी गोल्ड की अध्यक्ष शालिनी वशिष्ठ, न्यू एरा की अध्यक्ष मीनाक्षी जैन, यूनिक की साहिब सिद्दीकी,सेंचुरी की अध्यक्ष चारू चौहान, नीरू पाटनी, ऋषिका वार्ष्णेय, सुबुही खान सहित अनेक इनर व्हील सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस सत्यापित करेगी की,ये रोड एक्सीडेंट हैं या नहीं ?

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** सोमवार को मोदी नगर रोड स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार में प्रधानमंत्री कैशलेस स्कीम को के पीड़ित व्यक्तियों का मुफ्त इलाज हो, गोल्डन ऑवर में उनकी जान बचाई जा सके। सड़क दुर्घटना के पीड़ित को हॉस्पिटल टीएमएस पोर्टल के जरिए पुलिस को सूचना देगी,जिसके उपरांत



लेकर डिप्टी सीएमओ डॉ सुनील गुप्ता और जिला सूचना एवं विज्ञान विभाग से आईआरएडी जिला प्रभारी निशांत राजपूत के नेतृत्व में एक सभा का आयोजन किया गया । जिसका मुख्य उद्देश प्राइवेट हॉस्पिटल में सड़क दुर्घटना अगले 24 घंटे के अंदर ही पुलिस सत्यापित करेगी की ये रोड एक्सीडेंट हैं या नहीं । इसमें ज़िले के लगभग सभी प्राइवेट हॉस्पिटल के स्टाफ, सीएमओ ऑफिस से आयुष्मान वाली टीम से डॉ जहीर और राहुल मौजूद थे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : डीएम,एसपी,सीडीओ,एडीएम ने 14 फरियादियों को मौके पर दिलाया न्याय

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,गढ़,धौलाना।** जनपद की तीनों तहसीलों में जिलाधिकारी कविता मीना के

- डीएम ने गोद भराई कर,गर्भवती महिलाओं में बांटी पोषण किट
- जनता की शिकायतों का अधिकारी प्राथमिकता से करें निस्तारण:डीएम
- शिकायत का निस्तारण होने पर शिकायतकर्ता को अवगत कराये:कविता
- सम्पूर्ण समाधान दिवस की शासन स्तर से की जा रही है,समीक्षा

नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक,मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने शिकायतें सुनकर मौके पर 14 फरियादियों को न्याय दिलाया। शेष का शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारण कर शिकायतकर्ता को अवगत कराने के अधिकारियों को निर्देशित किया।

शासन के निर्देश पर प्रत्येक माह के प्रथम व तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में किया जाता है। जिसमें अधिकारी जनता की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण करते है। लेकिन सोमवार को जिले की तीनों तहसील में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन डीएम की अध्यक्षता में किया गया।





हापुड़ में नगर पालिका परिषद सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने मौके पर ही 05 लोगों को न्याय दिलाया।

गढ़मुक्तेश्वर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने मौके पर 07 फरियादियों को न्याय दिलाया। धौलाना तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम संदीप कुमार की अध्यक्षता में किया। उन्होंने मौके पर 2 लोगों का निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारी शिकायतें अवैध कब्जा हटवाने,सरकारी चकरोड़ से अवैध कब्जा हटवाने,रास्ता खुलवाने,सड़क निर्माण की जांच कराने,मुकदमा दर्ज कराने आदि की आई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 82 शिकायतें प्राप्त हुई,जिसमें से अधिकारियों ने 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

इस अवसर पर सीएमओ डा.किशोर कुमार आहुजा,पीडी अनवर शेख,सदर एडीएम इला प्रकाश,श्रीराम यादव,डीआईओएस डा.श्वेता पूठिया,बीएसए दीपा भाटी सहित सहित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

**शिकायतों को प्राथमिकता से करें निस्तारण**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी कविता मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया,कि शेष शिकायतों को प्राथमिकता से समय सीमा में निस्तारण करने के साथ शिकायतकर्ता को अवगत कराये। सम्पूर्ण समाधान दिवस की शासन स्तर से भी समीक्षा की जा रही है।

**गोद भराई कर पोषण किट वितरित की**

जिलाधिकारी कविता मीना ने 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म विधि विधान से करने के उपरांत उनमें पोषण किट का वितरण किया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार एवं प्रसव पूर्व देखभाल के बारे में जानकारी दी।

# मिशन सेफ फ्यूचर अभियान : बिना फिटनेस के संचालित होने पर 2 स्कूली वाहनों का किया चालान : एआरटीओ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त के निर्देश पर जनपद में मिशन सेफ फ्यूचर अभियान में बिना फिटनेस व अपूर्ण प्रपत्रों के संचालित मिलने पर दो स्कूली वाहनों का चालान यात्री,मालकर

**अपूर्ण प्रपत्रों के वाहन संचालित होने पर विद्यालय के खिलाफ की जायेगी कार्यवाही**

अधिकारी द्वारा किया गया। सहायक सम्भागीय अधिकारी प्रवर्तन रमेश चंद चौबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त के निर्देश पर जनपद में मिशन सेफ फ्यूचर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सोमवार को यात्री,मालकर अधिकारी प्रीति पाण्डेय ने स्कूली वाहनों के प्रपत्रों की जांच की गयी। जिसमें एक स्कूली वाहन बिना




फिटनेस और एक अपंजीकृत संचालित मिलने पर वाहनों का चालान किया गया। उन्होंने जनपद के समस्त स्कूल,कालेज के प्रबन्धक व प्रधानाचार्यों से अपील करते हुए कहा कि स्कूली वाहनों के प्रपत्रों को सही कराने के उपरांत ही संचालित करायें,अन्यथा की स्थिति में इन संचालित वाहनों को निरुद्ध किया जायेगा,तथा सम्बंधित विद्यालय के खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी। \यात्री, मालकर अधिकारी ने अभिभावकों से भी अनुरोध करते हुए कहा कि वह ऐसे वाहन जो अपूर्ण प्रपत्रों के संचालित हो रहे है,जिनकी सूची पूर्व में समाचार पत्रों में प्रकाशित की जा चुकी है,उन वाहनों में अपने बच्चों की स्कूल नहीं भेजे।

# वन महोत्सव सप्ताह : हापुड़ को हरा भरा बनाएं,एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाये: रेखा नागर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** सोमवार को को वन महोत्सव सप्ताह में वन विभाग द्वारा मोदीनगर रोड स्थित श्रीमति ब्रहमादेवी बालिका विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**जिला पंचायत चेयरमैन ने ब्रहमादेवी बालिका मंदिर में पौधारोपण किया**

डीएफओ गौतम सिंह ने बताया कि एक जुलाई से आगामी 7 जुलाई तक वन सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों व विभाग के अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया जायेगा। सोमवार को को वन विभाग द्वारा मोदीनगर रोड स्थित श्रीमति ब्रहमादेवी बालिका विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश




दिया।

जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर ने कहा कि यूपी की योगी सरकार पौधारोपण के प्रति काफी गंभीर है। वर्ष 2026-27 में प्रदेश में 35 करोड़ से अधिक पौधे रोपित किये जायेंगे। जिसका शुभारंभ गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू हो गया है।


उन्होंने कहा कि आओ मिलकर जनपद हापुड़ को हरा भरा बनाये,एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाये।

# रेलवे स्टेशन के बाहर जल भराव,यात्री परेशान,रेलवे विभाग नहीं ले रहा सुध

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के बाहर जल भराव होने के कारण यात्रियों को प्रतिदिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों द्वारा सूचना देने के बाद भी रेलवे विभाग सुध लेने को तैयार नहीं है।

आपको बता दें,कि स्थानीय रेलवे स्टेशन के बाहर जल भराव रहता है। जल निकासी की कोई भी पुख्ता व्यवस्था न होने के कारण स्थायी तालाब बन चुकी है। जल भराव होने के कारण स्टेशन आने-जाने वाले आम यात्रियों,बुजुर्गों,महिलाओं और बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। लोगों को स्टेशन पहुंचने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। लोग पानी में गिरकर घायल हो रहे है। स्टेशन के



बाहर जल भराव होने के कारण दुकानदारों और ऑटो/रिक्शा चालकों का काम पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। जल भराव होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है,जिससे महामारी फैलने का खतरा है। रेलवे स्टेशन के बाहर जल भराव की सूचना स्थानीय लोगों के साथ-साथ यात्रियों ने रेलवे विभाग के अधिकारियों को दी,लेकिन अभी तक जल निकासी को कोई समाधान नहीं किया है,ऐसा लगता है,कि रेलवे विभाग बड़ा हादसा होने का इंतजार कर रहा है।

# हापुड़ में रजत पदक विजेता निशांत का भव्य स्वागत किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद के प्रतिभाशाली मुक्केबाज निशांत ने गत 23 जून से 29 जून 2026 तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर (पंजाब) में आयोजित 5वीं अंडर-15 सब जूनियर राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के 70+

**5वीं अंडर-15 सब जूनियर राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया**

किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर जनपद हापुड़ एवं उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने के उपलक्ष्य में सोमवार को जिला खेल कार्यालय एवं जिला हापुड़ बॉक्सिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में मूलचंद त्यागी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में निशांत का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उप क्रीड़ा अधिकारी अरुणा,जिला हापुड़



बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक त्यागी, महासचिव रोबिन सिंह तथा मूलचंद त्यागी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बॉक्सिंग कोच शाहरुख खान ने पुष्पमालाएं पहनाकर निशांत का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी खिलाडियों ने भी उनका गर्मजोशी से अभिनंदन करते हुए उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बताया गया कि निशांत वर्तमान में स्पोर्ट्स हॉस्टल, झांसी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके कोच सुनील कुमार ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर जिला हापुड़ बॉक्सिंग एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी निशांत को रजत पदक जीतने पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हापुड़ और उत्तर प्रदेश का नाम और अधिक गौरवान्वित करेंगे।

**निरीक्षण** | **जिलाधिकारी ने परखी बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता**

# डीएम ने प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ गढ़मुक्तेश्वर के प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता परखने के साथ-साथ

**डीएम ने रसोईघर में भोजन परोसने की व्यवस्था का भी लिया जायजा**

विद्यालय की रसोईघर में भोजन परोसने की व्यवस्था का भी जायजा लिया।

सोमवार को जिलाधिकारी कविता मीना ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी के साथ गढ़मुक्तेश्वर के प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान के बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता परखने के साथ-साथ रसोईघर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता





व मेन्यू के अनुसार भोजन व बच्चों को परोसे जाने की व्यवस्था का जायजा लिया। और बच्चों से भी भोजन के स्वाद के बारे में पूछा।

डीएम ने निरीक्षण में विद्यालय में पेयजल,शौचालय,फर्नीचर की उपलब्धता की जांच करने के उपरांत निपुण भारत मिशन,स्कूल चलो अभियान,यूनिफार्म,जूता वितरण व कायाकल्प योजना के तहत विद्यालय में कराये गये कार्यों की प्रगति भी देखी। जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन दिया जाये,बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने व साफ सफाई का विशेष ध्यान देखने के निर्देश दिये।

# अब आरटीओ कार्यालय के चक्कर नहीं,हापुड़ में ही होगा ड्राइविंग टेस्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** परिवहन आयुक्त के निर्देश पर कपिल ट्रेडिंग कंपनी एटीएस सेंटर प्राइवेट लिमिटेड को प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र एडीटीसी के रूप में औपबन्धिक रूप से अधिकृत किया गया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन छवि सिंह ने बताया कि उक्त आदेश के अनुपालन में कपिल ट्रेडिंग कंपनी,ग्राम पटना स्थित एडीटीसी केंद्र पर 10 जुलाई 2026 से ड्राइविंग टेस्ट की सुविधा शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब हापुड़ में एलएमवी, एचएमवी,टू-व्हीलर और ई-रिक्शा



के ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदकों को आरटीओ कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सभी प्रकार के ड्राइविंग टेस्ट इसी प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र पर किए जाएंगे। एआरटीओ ने बताया कि इस व्यवस्था से आवेदकों को काफी राहत मिलेगी और लाइसेंस प्रक्रिया तेज व पारदर्शी होगी।

**आवश्यकता है**

**टार्गेटेड इंटरवेंशन प्रोजेक्ट हापुड़ हेतु**

**पद:- आउटरीच वर्कर (02) IDUS/TG**

- न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता: इंटर मीडिएट पास
- निर्धारित मानदेय: रू0 10,500 प्रतिमाह
- यात्रा भत्ता : रू0 1,500 प्रतिमाह

**पद:- डॉक्टर (01)**

**योग्यता:- एम.बी.बी.एस डिग्री होल्डर**

- निर्धारित मानदेय: रू0 20,000 प्रतिमाह

**आवेदन करने की अंतिम तिथि:** 13/07/2026

**पता: नवभारत समाज कल्याण समिति सोमती हॉस्पिटल के पास कविनगर हापुड़**

फोन नं.:- 8126548342, 6397218422

Email: navbharatsamaj2010@gmail.com

**प्रायोजक:- उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटीसप्तम तल मंडी समिति भवन- चारबाग लखनऊ**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम IJAHAR से बदलकर IZHAR कर लिया है भविष्य में मुझे IZHAR S/O AHASAN से जाना व पहचाना जाए।

**निवासी: 925, किला कोहना, हापुड़।**

## सम्पादकीय

# छात्र-नौजवानों का भविष्य अंधकारमय



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

समस्या यह धारणा है कि परीक्षा तंत्र अकुशलता और भ्रष्टाचार के ग्रस्त है। इससे छात्रों का भविष्य अंधकारमय हुआ है। परीक्षा केंद्रों को 'बंकरइ में तब्दील करने से यह धारणा दूर नहीं होगी। पेपर लीक के बाद दोबारा हुए नेशनल एलिजिबिलिटी- कम- एंट्रेस टेस्ट (स्नातक पूर्व) के लिए देश में बने 5,440 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा का ऐसा घेरा खड़ा किया गया (अथवा ऐसा करने का प्रचार किया गया), मानों उन केंद्रों को किसी बड़े आतंकवादी हमले से बचाने की चुनौती सामने हो! परीक्षा आयोजन में वायु सेना, केंद्रीय सशस्त्र बलों, डाक विभाग, केंद्र सरकार के वित्तीय सेवा विभाग, और नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर की मदद ली गई। अंत में यह खबर भी आ गई कि नीट परीक्षार्थियों को असुविधा से बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली हवाई अड्डे पर 45 मिनट तक इंतजार किया! यह दीगर बात है कि इन बड़ी सुर्खियों से पेपर लीक और परीक्षा संचालन व्यवस्था की पोल को ढका नहीं जा सका है। छात्रों का टीवी रिपोर्टरों से यह कहना अविश्वास के गहराते माहौल को जाहिर कर देता है कि दोबारा परीक्षा में शामिल होने को लेकर वे उतने नर्वस नहीं हुए, जितनी इस आशंका से हैं कि कहीं फिर पेपर लीक ना हो जाए! वैसे दोबारा परीक्षा की दहशत से भी दर्जन भर से अधिक छात्र नर्वस हुए, जिनकी आत्महत्या की खबरें हाल में चर्चित रही हैं। ऐसी घटनाओं ने नौजवानों के एक बड़े वर्ग में आक्रोश भरा है। उसका नजारा फिलहाल दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन में देखने को मिल रहा है। गुस्सा इसको लेकर है कि वर्तमान सरकार के तहत जवाबदेही की अवधारणा ही दफना दी गई है। कुछ भी हो जाए, उसके लिए कोई उत्तरदायी नहीं होता! गंभीर से गंभीर समस्या में सरकार के पास दो ही जवाब होते हैः 'सिक्युरिटी स्टेटइ के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन और धुआंधार प्रचार से अपने पक्ष में नैरेटिव खड़ा करना। नीट के दोबारा आयोजन में इन दोनों उपायों का खुल कर मुजाहिरा किया गया। लेकिन इन उपायों से समस्याएं दूर नहीं होतीं। समस्या बनी यह धारणा है कि परीक्षा का सरकारी तंत्र अकुशलता और भ्रष्टाचार के ग्रस्त है। इससे करोड़ों छात्र- नौजवानों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। परीक्षा केंद्रों को 'बंकरइ में तब्दील करने से यह धारणा दूर नहीं होगी।

## आज का विचार

**बाहर की चुनौतियों से नहीं हम अपनी अंदर की कमजोरियों से हारते हैं**

# सांप्रदायिक ध्रुवीकरण में वृद्धि?



जुनैद मलिक अत्तारी

दक्षिणपंथी यूट्यूबर राजनीतिक दलों के नेता अक्सर अपने कंटेंट में प्रोपेगैंडा, गलत सूचना, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और नफरत भरे भाषणों का इस्तेमाल करते हैं। ये चैनल्स यूट्यूब की एल्गोरिदम का फायदा उठाकर दर्शकों की भावनाओं को भड़काते हैं और समाज में विभाजन पैदा करने वाले मुद्दों को बढ़ावा देते हैं।ऐसे कई यूट्यूबर अक्सर अपने वीडियो में धर्म, राष्ट्रवाद और इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करते हैं। वे अल्पसंख्यकों, उदारवादी विचारकों या सरकार की आलोचना करने वालों को देश विरोधी के रूप में चित्रित करते हैं।दक्षिणपंथी पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े इन्फ्लुएंसर्स अक्सर ट्रोल आर्मी का निर्माण करते हैं, जो महिला पत्रकारों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकताओं को बड़े पैमाने पर ऑनलाइन निशाना बनाती है और उनके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करती है।शोधकताओं ने पाया है कि यूट्यूब का रेकमेंडेशन सिस्टम दर्शकों को उनकी विचारधारा के अनुकूल वीडियो दिखाता है। इसके चलते धुर दक्षिणपंथी, चरमपंथी और षड्यंत्रकारी सामग्री को बहुत जल्दी अधिक व्यूज और पहुंच मिल जाती है।2022 के पैगंबर मोहम्मद संबंधी टिप्पणी मामले में तेलंगाना विधायक टी. राजा सिंह की रिहाई हाल के वर्षों में सबसे अधिक राजनीतिक और सांप्रदायिक रूप से विवादास्पद घृणास्पद भाषण अभियोगों में से एक के अंत का प्रतीक है। यह मामला केवल एक व्यक्ति के विवादास्पद बयानों तक सीमित नहीं था।यह घटना सांप्रदायिक ध्रुवीकरण में वृद्धि, राजनीतिक हस्तियों द्वारा पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ बार-बार की गई अपमानजनक टिप्पणियों पर देशव्यापी आक्रोश, हैदराबाद में व्यापक विरोध प्रदर्शन, एक मौजूदा विधायक के खिलाफ निवारक हिरासत लागू होने और घृणास्पद भाषणों से संबंधित भारत के कानूनी ढांचे की नए सिरे से जांच के माहौल में घटी। हैदराबाद स्थित सांसदों और विधायकों के लिए विशेष न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले में सिंह को यह मानते हुए बरी कर दिया गया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। हालांकि इस फैसले से इस विशेष मामले में आपराधिक कार्यवाही समाप्त हो गई है, लेकिन यह राजनीतिक घृणास्पद भाषण, सांप्रदायिक लामबंदी, जन प्रतिनिधियों की जवाबदेही और भारत की मौजूदा कानूनी व्यवस्था के तहत सजा दिलाने की चुनौतियों से जुड़े बड़े सवालों को खत्म नहीं करता है।राजा सिंह की टिप्पणियों के खिलाफ जनता का आक्रोश तेजी से और तीव्र रूप से फैल गया। हैदराबाद के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर पुराने शहर में, हजारों लोग इकट्ठा हुए और उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। हैदराबाद पुलिस आयुक्त सीवी आनंद के कार्यालय के बाहर बड़े प्रदर्शन आयोजित किए गए, जबकि शालीबांडा, मंगलहाट और चारमीनार सहित कई इलाकों में विरोध मार्च और जनसभाएं हुईं।विरोध प्रदर्शन कई दिनों तक जारी रहे, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि राजनीतिक नेताओं द्वारा बार-बार की गई नफरत भरी टिप्पणियों पर अपर्याप्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए, राजा सिंह के पुतले जलाए और कड़ी आपराधिक अभियोजन की मांग की।इस मामले की शुरूआत अगस्त 2022 में हुई, जब स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी का हैदराबाद में कार्यक्रम निर्धारित था। उस समय गोशामहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रहे राजा सिंह ने सार्वजनिक रूप से इस कार्यक्रम का विरोध करते हुए फारूकी पर अपने कॉमेडी प्रदर्शनों के दौरान हिंदू देवी-देवताओं का बार-बार अपमान करने का आरोप लगाया। कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका को देखते हुए, हैदराबाद पुलिस ने 20 अगस्त 2022 को सिंह को एहतियाती तौर पर घर में नजरबंद कर दिया और फारूकी के प्रदर्शन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की।राजा सिंह ने फारूकी के शो पर प्रतिक्रिया देते हुए अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो अपलोड किया। वीडियो के दौरान उन्होंने पैगंबर मुहम्मद के बारे में कई अपमानजनक टिप्पणियां कीं, जिनमें ऐसी बातें भी शामिल थीं जिन्हें कई मुसलमान बेहद आपत्तिजनक और ईशनिंदा मानते हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया और धार्मिक संगठनों, नागरिक समाज समूहों और राजनीतिक नेताओं ने इसकी तुरंत निंदा की।ये टिप्पणियां एक बेहद संवेदनशील समय पर आईं। कुछ ही सप्ताह पहले, भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद के बारे में की गई विवादास्पद टिप्पणियों के बाद भारत में राजनयिक संकट पैदा हो गया था। इन टिप्पणियों के कारण कई देशों में विरोध प्रदर्शन हुए और खाड़ी देशों तथा अन्य मुस्लिम बहुल देशों की सरकारों ने कड़ी आलोचना की। इस पृष्ठभूमि में, राजा सिंह के बयानों को एक और ऐसे मुद्दे के रूप में देखा जा रहा था जो पहले से ही नाजुक सांप्रदायिक संबंधों को और भड़का सकता था।कई शिकायतों के बाद, मंगलहाट पुलिस ने राजा सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत सांप्रदायिक घृणा और सार्वजनिक अव्यवस्था से संबंधित आपराधिक मामला दर्ज किया।आरोपों में निम्नलिखित शामिल थेः (1)विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने के लिए आईपीसी की धारा 153ए के तहत मामला दर्ज किया गया है;

(2)भारतीय दंड संहिता की धारा 295ए के तहत जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण तरीके से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से किए गए कृत्य;

(3)भारतीय दंड संहिता की धारा 504 के तहत जानबूझकर अपमान करना जिससे शांति भंग होने की संभावना हो;

विभिन्न समुदायों के बीच घृणा, शत्रुता या दुर्भावना को बढ़ावा देने वाले बयानों के लिए आईपीसी की धारा 505(2); और भारतीय दंड संहिता की धारा 506 आपराधिक धमकी से संबंधित है।ये प्रावधान भारत में पारंपरिक रूप से घृणास्पद भाषण के मामलों में अभियोजन चलाने का प्रमुख वैधानिक ढांचा बनाते हैं। इनके प्रयोग के लिए अभियोजन पक्ष को न केवल यह साबित करना होता है कि आपत्तिजनक शब्द बोले गए थे, बल्कि यह भी कि भाषण में जानबूझकर किए गए इरादे, दुर्भावनापूर्ण आचरण या सांप्रदायिक घृणा को बढ़ावा देने जैसे विशिष्ट वैधानिक तत्व शामिल थे।इस विवाद के तत्काल राजनीतिक परिणाम भी सामने आए। राजा सिंह की गिरफ्तारी के कुछ ही घंटों के भीतर, भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया और कारण बताओ नोटिस जारी किया। यह निलंबन भाजपा नेताओं द्वारा पैगंबर मोहम्मद के बारे में भड़काऊ




टिप्पणियों पर देश और विदेश में चल रही कड़ी आलोचना के बीच हुआ।पार्टी के प्रवक्ताओं ने सार्वजनिक रूप से कहा कि भाजपा घृणास्पद भाषणों या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले बयानों का समर्थन नहीं करती है। राजनीतिक विश्लेषकों ने इस निलंबन को बढ़ते विवाद को नियंत्रित करने का प्रयास माना, विशेष रूप से पार्टी प्रवक्ताओं से जुड़े पिछले विवादों के बाद उत्पन्न राजनयिक नतीजों को देखते हुए।हालांकि इस विशेष अभियोग में राजा सिंह को बरी कर दिया गया, लेकिन भड़काऊ सांप्रदायिक बयानबाजी के अपने लंबे इतिहास के कारण वह भारत के सबसे विवादास्पद राजनीतिक व्यक्तियों में से एक बने हुए हैं।पिछले एक दशक में उनके खिलाफ घृणास्पद भाषण, सांप्रदायिक द्वेष को बढ़ावा देने और उकसाने के आरोप में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। उनके भाषणों में अक्सर मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाया गया है और नागरिक समाज संगठनों और मानवाधिकार समूहों द्वारा उनकी बार-बार आलोचना की गई है।पश्चिम बंगाल की 41 वर्षीय निवासी और स्वयं को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अल्पसंख्यक मोर्चा नेता बताने वाली नाज़िया इलाही खान, जिन्हें यू-ट्यूब पर नाज़िया सनातनी के नाम से भी जाना जाता है। खुद को "नाज़िया सनातनी" के छद्म नाम से पुकारते हुए, खान ने कट्टरपंथी दक्षिणपंथी दर्शकों को लुभाना शुरू कर दिया। व्यूज के लालच में उन्होंने डिजिटल पहचान की राजनीति में एक शक्तिशाली पहलू को पहचानाः जब अल्पसंख्यक समूह में जन्मा कोई व्यक्ति बहुसंख्यक वर्ग के पूर्वाग्रहों को दोहराता है, तो उसके बयानों को अक्सर उन पूर्वाग्रहों की अकाट्य पुष्टि के रूप में देखा जाता है। वह एक अंदरूनी सूत्र बन गईं, जो हिंदुत्व समर्थकों के सबसे बुरे डर की पुष्टि करने को तैयार थीं, और प्रभावी रूप से अपनी पृष्ठभूमि का इस्तेमाल निराधार दावों को आधिकारिकता का आवरण प्रदान करने के लिए एक हथियार के रूप में कर रही थीं। उनके भाषण अक्सर उन मंचों से दिए गए हैं जिनकी मेजबानी सांप्रदायिक घृणा के दक्षिणपंथी प्रचार को बढ़ावा देने वाले संगठनों द्वारा की जाती है और उनमें लगातार लव जिहाद, गजवा-ए-हिंद, मुसलमानों का आर्थिक बहिष्कार और भारतीय मुसलमानों की देशभक्ति पर सवाल उठाने वाले आरोपों जैसे विषय गूंजते रहे हैं।सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय से नफरत करने वाले लोगों की वो बेहद प्रिय बन गईं। उन्होंने इसी को ध्यान में रखकर बहुत पैसा कमाया। हालिया विवाद 19 जून, 2026 के आसपास अपलोड किए गए एक इंस्टाग्राम पॉडकास्ट रील को लेकर है। वीडियो में नाज़िया इलाही खान, दिव्या सिंह नामक एक होस्ट के साथ बातचीत करती नजर आ रही हैं। दर्शकों का आरोप है कि खान ने इस पॉडकास्ट के दौरान पैगंबर मोहम्मद और उनके परिवार के बारे में अपमानजनक और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं, जो बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गईं।इन कथित बयानों ने मुस्लिम समुदाय में व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया, जिसके चलते कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन हुए और कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई गई। रजा अकादमी जमात ए इस्लामी हिंद सहित समुदाय के नेताओं और संगठनों ने तर्क दिया कि ये टिप्पणियां उनकी धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाने वाली थीं।पॉडकास्ट के प्रसारित होने के बाद, यूट्यूबर खान के खिलाफ कई एफआईआर और शिकायतें दर्ज की गईं। गौरतलब है कि नाज़िया इलाही खान को इससे पहले 26 अगस्त, 2021 को कोलकाता के गिरीश पार्क पुलिस स्टेशन ने भारतीय दंड संहिता की धारा 419, 420, 506 और 34 के तहत दर्ज एफआईआर संख्या 116/2020 के संबंध में गिरफ्तार किया था। उन पर धोखाधड़ी, प्रतिरूपण, आपराधिक धमकी और असामान्य इरादे के आरोप थे।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# स्मार्ट नहीं, समावेशी शहर: सूरत का स्लम-फ्री सफर राष्ट्रीय प्रेरणा बने



प्रो. आरके जैन अरिजीत

जब किसी शहर की चमक झुग्गियों के अँधेरे को ढकने लगे, तब समझ लेना चाहिए कि विकास की तस्वीर अभी अधूरी है। भारत के अधिकांश शहर इसी अधूरेपन का बोझ ढो रहे हैं। ऐसे परिदृश्य में सूरत ने साबित किया है कि इच्छाशक्ति और सुशासन मिल जाएँ, तो तस्वीर बदल सकती है। वर्ष 2006 में जहाँ इस शहर की लगभग 36 प्रतिशत आबादी झुग्गियों में रहती थी, वहीं वर्ष 2026 तक यह आँकड़ा पाँच प्रतिशत से भी नीचे पहुँच गया। लगभग 70 से 80 लाख की आबादी वाले इस महानगर ने दिखा दिया कि शहरी गरीबी कोई अपरिहार्य नियति नहीं है। राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक दक्षता और जनभागीदारी मिलकर झुग्गियों को इतिहास बना सकती हैं। अब देश के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि सूरत की राह राष्ट्रीय नीति कब बनेगी। हर बड़ा परिवर्तन किसी बड़ी सीख से जन्म लेता है। सूरत के लिए यह सीख 1994 की प्लेग जैसी महामारी थी, जिसने स्पष्ट किया कि अव्यवस्थित बस्तियाँ केवल गरीबी नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, शहरी नियोजन और आर्थिक विकास–तीनों के लिए खतरा हैं। इसके बाद नगर प्रशासन ने झुग्गी पुनर्वास को विकास की प्राथमिकता बनाया। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), बेसिक सर्विसेज फॉर अर्बन पुअर (बीएसयूपी) और स्मार्ट सिटी मिशन को स्थानीय जरूरतों के अनुसार लागू किया गया। पुनर्वास के साथ पक्के मकानों के अलावा स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय, सड़कें और सामुदायिक सुविधाएँ भी दी गईं।

परिणामस्वरूप पुनर्वासित परिवारों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, स्वास्थ्य सेवाएँ बेहतर हुईं, बच्चों का स्कूल छोड़ना घटा और अपराध दर में कमी आई।

किसी भी बदलाव की सबसे मजबूत नींव जनता का भरोसा होती है। सूरत ने विकास को सरकारी योजना नहीं, जनभागीदारी का अभियान बनाया। देश में अनेक पुनर्वास योजनाएँ इसलिए विफल रहीं क्योंकि लोगों को केवल लाभार्थी माना गया, भागीदार नहीं। सूरत ने यह सोच बदल दी। महिलाओं, स्व-सहायता समूहों और स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों को योजना निर्माण, क्रियान्वयन और निगरानी के हर स्तर पर भागीदारी दी गई। महिलाओं ने बस्तियों की जरूरतें सामने रखीं, पुनर्वास कार्यों की निगरानी की और निर्णय प्रक्रिया में भाग लिया। इससे योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ी, नए आवासीय क्षेत्रों के प्रति अपनत्व विकसित हुआ और पुनर्वासित बस्तियाँ समुदाय की अपनी बस्तियाँ बन गईं।

# डिजिटल पायरेसी पर निर्णायक प्रहार



विनोद कुमार सिंह

भारत तीव्र गति से डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। मनोरंजन,शिक्षा,व्यापार, पत्रकारिता और संचार का बड़ा हिस्सा अब ऑनलाइन माध्यमों पर निर्भर है।तकनीकी विकास ने रचनात्मक उद्योगों के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा किए हैं,वहीं डिजिटल पायरेसी जैसी चुनौती भी उतनी ही गंभीर होती गई है।कभी पायरेटेड सीडी और डीवीडी इस अवैध कारोबार का माध्यम थीं, फिर टोरेंट वेबसाइटों का दौर आया और अब एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म,क्लाउड स्टोरेज,निजी डिजिटल समूह तथा स्वचालित बॉट नेटवर्क पायरेटेड सामग्री के प्रसार के नए माध्यम बन चुके हैं। ऐसे परिदृश्य में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा ळी'१ँ को जारी नोटिस केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं,बल्कि भारत की डिजिटल शासन व्यवस्था में उभर रहे नए दृष्टिकोण का स्पष्ट संकेत है।सरकार ने ळी'१ँ से अपेक्षा की है कि वह केवल शिकायत मिलने पर सामग्री हटाने तक सीमित न रहे,बल्कि अपने प्लेटफॉर्म पर पायरेटेड फिल्मों, ओटीटी सामग्री और अन्य कॉपीराइट संरक्षित ऑडियो-विजुअल कंटेंट की पहचान, रोकथाम और निष्कासन के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करे तथा निर्धारित समय में विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करे।यह संदेश भी स्पष्ट है कि डिजिटल मध्यस्थ होने का अर्थ केवल तकनीकी मंच उपलब्ध कराना नहीं,बल्कि कानून के अनुरूप आवश्यक सावधानी और उत्तरदायित्व का पालन करना भी है।यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब भारत विश्व के सबसे बड़े फिल्म निर्माण देशों में शामिल होने के साथ-साथ सबसे तेजी से बढ़ते ओटीटी बाजारों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है।भारतीय भाषाओं की फिल्में और वेब सीरीज आज वैश्विक दर्शकों तक पहुँच रही हैं।डिजिटल माध्यमों ने छोटे शहरों के कलाकारों,स्वतंत्र फिल्मकारों और नए रचनाकारों को भी विश्वस्तरीय मंच प्रदान किया है।यह परिवर्तन केवल मनोरंजन उद्योग तक सीमित नहीं, बल्कि भारत की उभरती हुई क्रिएटर इकोनॉमी का आधार बन चुका है।डिजिटल पायरेसी का सबसे बड़ा नुकसान केवल फिल्म निमार्ता तक सीमित नहीं रहता।किसी भी फिल्म या वेब सीरीज के निर्माण में लेखक,निर्देशक, संगीतकार,गीतकार,अभिनेता, तकनीशियन,कैमरामैन,संपादक, ध्वनि विशेषज्ञ,ग्राफिक्स कलाकार, वितरक,प्रचार एजेंसियाँ और हजारों प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष कर्मचारी जुड़े होते हैं। किसी फिल्म की वैध आय में कमी का अर्थ इन सभी के श्रम और निवेश का अवमूल्यन है। यही कारण है कि विकसित देशों में बौद्धिक संपदा संरक्षण को आर्थिक विकास,नवाचार और निवेश की अनिवार्य शर्त माना जाता है। भारत में भी कॉपीराइट संरक्षण के लिए पर्याप्त कानूनी व्यवस्था उपलब्ध है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम,2000,सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021,कॉपीराइट अधिनियम,1957 तथा सिनेमैटोग्राफ अधिनियम के विभिन्न प्रावधान डिजिटल माध्यमों पर होने वाले उल्लंघनों से निपटने का आधार प्रदान करते हैं। न्यायपालिका ने भी समय-समय पर "जॉन डो" अथवा "अशोक कुमार" आदेश तथा "डायनेमिक इंजंक्शन" जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से यह स्वीकार किया है कि डिजिटल अपराध स्थिर नहीं होते, इसलिए उनके समाधान भी तकनीक के अनुरूप गतिशील होने चाहिए।विश्व के अनेक देशों ने इसी अनुभव के आधार पर डिजिटल प्लेटफॉर्मों की जवाबदेही बढ़ाई है।अमेरिका में डिजिटल मिलेनियम कॉपीराइट एक्ट,यूरोपीय संघ में डिजिटल सर्विसेज एक्ट तथा जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की नीतियाँ इस दिशा में स्पष्ट संकेत देती हैं कि तकनीकी कंपनियाँ केवल निष्क्रिय माध्यम बनकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकतीं। भारत का वर्तमान दृष्टिकोण भी इसी वैश्विक प्रवृत्ति के अनुरूप दिखाई देता है।

हालाँकि यह विषय केवल कानून लागू करने का नहीं है।डिजिटल प्लेटफॉर्म आज शिक्षा,शोध, व्यापार,नागरिक संवाद और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के भी प्रमुख माध्यम हैं।करोड़ों भारतीय ळी'१ँ जैसे प्लेटफॉर्मों का उपयोग पूरी तरह वैध उद्देश्यों के लिए करते हैं।इसलिए पायरेसी के विरुद्ध किसी भी कार्रवाई में यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वैध उपयोगकताओं की निजता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और डिजिटल अधिकारों पर अनावश्यक प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। लोकतांत्रिक शासन की सफलता इसी संतुलन में निहित है कि अपराध पर कठोरता हो, लेकिन नागरिक अधिकार सुरक्षित रहें।

आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कंप्यूटिंग और एन्क्रिप्टेड संचार प्रणालियों ने डिजिटल पायरेसी को और जटिल बना दिया है।पहले किसी पायरेटेड फिल्म को बड़े पैमाने पर प्रसारित करने के लिए संगठित नेटवर्क की आवश्यकता होती थी,जबकि अब कुछ ही मिनटों में स्वचालित बॉट,निजी समूह और क्लाउड लिंक के माध्यम से वही सामग्री हजारों स्थानों तक पहुँच सकती है।परिणामस्वरूप केवल सामग्री हटाने की पारंपरिक व्यवस्था पर्याप्त नहीं रह गई है। दुनिया भर में अब रोकथाम, पूर्व पहचान और तकनीकी निगरानी आधारित मॉडल पर अधिक बल दिया जा रहा है।भारत के सामने भी यही चुनौती है।किसी एक प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई करके डिजिटल पायरेसी की समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है।इंटरनेट की प्रकृति ऐसी है कि एक माध्यम बंद होने पर दूसरा सक्रिय हो जाता है।इसलिए सरकार,डिजिटल प्लेटफॉर्म,इंटरनेट सेवा प्रदाता, फिल्म उद्योग,ओटीटी कंपनियाँ, साइबर विशेषज्ञ और कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सतत समन्वय विकसित करना होगा।यह केवल कानूनी नहीं,बल्कि तकनीकी और प्रशासनिक सहयोग का भी विषय है।

रचनात्मक उद्योगों को भी समय के अनुरूप अपनी रणनीति बदलनी होगी।अनेक देशों के अनुभव बताते हैं कि जब फिल्में और डिजिटल सामग्री उचित मूल्य पर,उच्च गुणवत्ता के साथ और समय पर वैध मंचों पर उपलब्ध होती हैं,तब पायरेसी स्वतः घटती है।इसलिए केवल दंडात्मक कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी। उपभोक्ता-अनुकूल डिजिटल पारिस्थितिकी,तेज वैध वितरण और किफायती सेवाएँ भी इस लड़ाई का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।इसके साथ-साथ समाज में बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति सम्मान विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है।हमारे यहाँ अक्सर बिना भुगतान के फिल्म या वेब सीरीज देखना गंभीर अपराध नहीं माना जाता,जबकि वास्तव में यह किसी रचनाकार के श्रम और अधिकार का अतिक्रमण है।

## मंगलवार का राशिफल

**मेष:** विदेश में विवि में प्रवेश का मार्ग बनेगा,गर्मी से दस्त लग सकते हैं,कमर्शियल प्रोपर्टी में समस्या आ सकती हैं। भाग्य प्रतिशत-64

**वृषभ:** संघर्ष का दिन है,नगर निगम,नर्सिंग,बिजली विभाग में है तो विरुद्ध शिकायत हो सकती है, शारीरिक रोग समस्या बढ़ सकती है, गुरु की शरण लें। भाग्य प्रतिशत-50

**मिथुन:** अचानक विपरित परिस्थिति आ सकती है सीनियर से बहस से बचें, प्रतिष्ठा का ध्यान रखें, किडनी या शुगर सम्बन्धित रोग से परेशानी, यात्रा में अजनबी से सावधान रहें। भाग्य प्रतिशत-48

**कर्क:** कोई अनुमान सही साबित होगा,पड़ोसी से दूरी बना कर रखें, पैसे का गलत निवेश हो सकता है इरादा टाल दे, नौकरी में स्थिति बेहतर रहेगी। भाग्य प्रतिशत-54

**सिंह:** जहां एकबार घाटा हुआ है उसी कार्य में पैसा ना लगाए, इनवेस्टमेंट कोचिंग, बैंकिंग वकालत, जन सुविधा केन्द्र, शिशु रोग विशेषज्ञ का कार्य उत्तम चलेगा। भाग्य प्रतिशत-62

**कन्या:** कोई निर्णय लेकर बदल सकते हैं, किसी की चालाकी को पहचाने, संतान पर मुश्कि ल आ सकती है। भाग्य प्रतिशत-51

**तुला:** पारिवारिक टेंशन बढ़ेगी, अवसाद जैसा अनुभव होगा, व्यवसाय में अचानक मुश्कि ल आ सकती है, निवेश और लेनदेन में सतर्कता बरतें। भाग्य प्रतिशत-50

**वृश्चिक:** उच्च शिक्षा पूरी करने में मुश्किल होगी, पारिवारिक जीवन में दूरी सम्भव हैं बातचीत बनाये रखें, किसी से काम कराए तो हिसाब गड़बड़ा सकता है। भाग्य प्रतिशत-49

**धनु:** संतान को लेकर असुरक्षा बढ़ेगी, पैसे भी ज्यादा खर्च होंगे, मतलबी समबन्धो को समझ जाएंगे, नौकरी मिल जाएगी। भाग्य प्रतिशत-53

**मकर:** व्यवसाय में साझेदार से नहीं बनेगी, नौकरी में कई इंटरव्यू दे सकते हैं, तनावपूर्ण माहौल से दूर जाना चाहेंगे। भाग्य प्रतिशत-52

**कुंभ:** घर का तनाव पूर्ण माहौल दुखी मन रहेगा, संतान का ध्यान रखें, नौकरी से छुट्टी ले सकते हैं, छूट भी सकती है, जीवन साथी से मन नहीं मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-48

**मीन:** प्रेम समबन्ध में स्तिथि बिगड़ सकती हैं, किसी कोर्स को करके असंतुष्ट रहेंगे, किसी ऊंचे स्थान पर जाना हो सकता हैं, विवाह तय आसानी से नहीं हो पाएगा। भाग्य प्रतिशत-47



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# गन्ने के खेत में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर ( अनवर खान )।** निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव पूठरी में सोमवार सुबह एक युवक का शव गन्ने के खेत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव पर धारदार हथियार और भारी वस्तु से किए गए हमले के निशान मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से खतौली निवासी नामित कुमार अपने पिता निर्दोष कुमार और पत्नी के साथ गांव पूठरी में रहकर जीवनयापन कर रहा था। वह मेरठ के मोतीपुर स्थित एक निजी फैक्ट्री में कार्यरत था। परिजनों के मुताबिक रविवार शाम करीब सात बजे वह अपने पिता को लेने के लिए निवाड़ी कस्बे गया था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। सोमवार सुबह करीब 10 बजे ग्रामीणों ने गांव पूठरी के निकट एक गन्ने के खेत में उसका शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक के पेट, सिर और आंख के पास गंभीर चोटों के निशान पाए गए। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक पर धारदार हथियार और किसी भारी वस्तु से हमला किया गया। परिजनों का आरोप है कि नामित की हत्या की गई है।

एसीपी मोदीनगर ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

# डॉक्टर्स डे पर दो चिकित्सकों का किया गया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर ( अनवर खान )।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर गोल्डन लायनेस क्लब मोदीनगर टाउनशिप द्वारा समाज और चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ पुरु त्यागी एवं डॉ निहार मित्तल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नीतू जैन ने दोनों चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र, पौधा एवं स्मृति चिन्ह उपहार स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नीतू जैन ने कहा कि गोल्डन लायनेस क्लब मोदीनगर टाउनशिप सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ निरंतर कार्य कर रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और जरूरतमंदों की सहायता के क्षेत्र में क्लब की गतिविधियां समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। चिकित्सकों का सम्मान उनके अमूल्य



योगदान के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। क्लब की वरिष्ठ पदाधिकारी मनजीत चौधरी ने कहा कि गोल्डन लायनेस क्लब का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक सहायता और संवेदनशीलता पहुंचाना है। क्लब आगे भी स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण से जुड़े सेवा कार्यों को विस्तार देकर समाजहित में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। सम्मान समारोह के दौरान डॉ पुरु त्यागी और डॉ निहार मित्तल ने गोशशक्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब पिछले कई वर्षों से समाज सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, जो अन्य संस्थाओं के लिए भी प्रेरणादायी है।कार्यक्रम में अनीता गुप्ता, सुनीता शर्मा, अरोड़ा, आशा गोयल, सुरभि शर्मा एवं निर्मल सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# संजय शर्मा को सौंपी गई श्री परशुराम सेवा संगठन की जिम्मेदारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** श्री परशुराम सेवा संगठन की आयोजित बैठक में संगठन को नई दिशा देने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से संजय शर्मा को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।



बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकजुटता बढ़ाना, युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ना तथा जरूरतमंद लोगों की हरसंभव सहायता करना है। आगामी समय में धार्मिक, सांस्कृतिक और सेवा से जुड़े कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि संगठन के सभी सदस्यों के सहयोग से समाजहित के कार्यों को नई गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन की पहचान सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता से जुड़ी है, जिसे और अधिक मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य किया जाएगा। बैठक में संरक्षक पंडित विकास शर्मा, डॉ. योगेंद्र शर्मा, विनय शर्मा, नलिन शर्मा, मनोज शर्मा, अमित शर्मा, गौरव शर्मा, ओमकार शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# पूजा अर्चना के बाद किया गया विशाल भंडारा आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर/ खतौली ( अनवर खान )।** थानेश्वर महादेव मंदिर, खतौली में शनिवार को धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निवाड़ी निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता संजय त्यागी एवं उनके सहयोगियों ने सहयोग करते हुए भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार और आरती के बीच क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर आयोजक भाजपा नेता संजय त्यागी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे कार्यक्रम आपसी



भाईचारे, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। भगवान शिव की कृपा से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे, यही हमारी प्रार्थना है। समाजहित के कार्यों में सभी को बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। पूजन कार्यक्रम के उपरांत मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं, बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।कार्यक्रम को सफल बनाने में ठेकेदार राजीव त्यागी, अनमोल त्यागी, पार्थ त्यागी, पूर्व सभासद अनुज त्यागी, आदर्श बीज भंडार निवाड़ी के स्वामी सचिन त्यागी, एंड अभिषेक त्यागी, मयंक त्यागी, त्यागी जी टेंट वाले, कोल गांव के वर्तमान प्रधान तथा मंदिर के मुख्य पुजारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु और संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों व खिलाड़ियों के हित में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर ( अनवर खान )।** गांधी ग्राउंड में सिंथेटिक ट्रैक निर्माण तथा क्षेत्र के सभी विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू कराने की मांग को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में कहा गया कि कांग्रेस पार्टी मार्च 2026 से लगातार प्रशासन को पत्र लिखकर मोदीनगर तहसील क्षेत्र के सभी स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने की मांग कर रही है। जिससे ह्लएक देश, एक शिक्षाह्व की अवधारणा लागू हो सके। साथ ही ज्ञापन में गांधी ग्राउंड में सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण की मांग भी उठाई गई। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनील शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं के विकास न होने से युवाओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि गांधी ग्राउंड में सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कराए और सभी विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू कराए। नगर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन ने कहा कि गांधी ग्राउंड लंबे समय से उपेक्षा का शिकार है और इसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि खिलाड़ियों द्वारा वर्षों से सिंथेटिक ट्रैक की मांग किए जाने के बावजूद शासन-प्रशासन ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। और इस मांग पर शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए।

इस दौरान चांद वीर चौधरी, अभिनव शर्मा, रजनी शर्मा, ममता शर्मा, समसा खान, रिहाना, विनोद कुमार गुप्ता, जाकिर हुसैन, मनीष शर्मा, कामेश शर्मा, रामकिशन शर्मा, ओमपाल शर्मा, महेशदत्त शर्मा, सीताराम शर्मा, अनस सैफी, विशाल कौशिक, प्रवीण शर्मा, आकाश कुमार, रविंद्र कुमार शर्मा, सुरेश दोसा, चौधरी जगपाल सिंह, वेद प्रकाश कोरी, कौशल जाटव, रियासत सैफी, फकीरचंद कश्यप, दीपक प्रजापति, जहूर अहमद आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# पुलिस चौकी से मात्र 50 मीटर दूरी पर दुकान में चोरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर ( अनवर खान )।** निवाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस चौकी के नजदीक स्थित एक परचून की दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए करीब 50 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस चौकी से महज 50 मीटर की दूरी पर हुई इस घटना ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

जानकारी के अनुसार पतला गांव निवासी ऋषिपाल की दुकान पतला पुलिस चौकी के पास स्थित है। रविवार देर रात अज्ञात चोर दुकान के पीछे से सेंध लगाकर अंदर घुस गए और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सोमवार सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा मिला



और कई वस्तुएं गायब थीं। चोर दुकान से दो गैस सिलेंडर, कोल्ड ड्रिंक की बोतलें, बीड़ी, सिगरेट तथा अन्य परचून का सामान चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान की कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के व्यापारी भी मौके पर पहुंच गए। दुकानदार ऋषिपाल ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में उनकी दुकान में चोरी की यह चौथी घटना है। वहीं स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने पुलिस गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।उधर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही घटना के खुलासे का दावा किया गया है।

# सच बोलने से मत घबराओः जैदी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला काज़ियान स्थित इमामबाड़ा शहीदान-ए-कर्बला में सज्जादिया कमेटी की जानिब से आयोजित खम्सा-ए-सज्जादिया की पहली मजलिस को खिताब करते हुए शेरकोट से तशरीफ लाए मौलाना सय्यद सिब्ते हैदर जैदी ने कहा कि सच बोलने से कभी घबराना नहीं चाहिए। सच उसी बेबाकी से बोलना चाहिए जैसे इमाम सय्यद-ए-सज्जाद (अ.स.) ने यजीद के दरबार में बोला था । उन्होंने कहा कि अहलेबैत का सच्चा चाहने वाला इल्म से दूर नहीं रह सकता। इल्म के बिना अहलेबैत की मनज़िलत और उनके पैगाम को समझना मुमकिन नहीं। रसूल-ए-इस्लाम और अहलेबैत (अ.स.) ने अपने किरदार और इल्म के जरिए दीन-ए-इस्लाम को फैलाया। कर्बला में यजीद ने इल्म को मिटाने की कोशिश की, लेकिन हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के नेजे पर बुलंद मुबारक सर ने कुरआन की तिलावत कर यह पैगाम दिया कि अहलेबैत के जिस्म को शहीद किया जा सकता है, मगर उनका इल्म कभी खत्म नहीं किया जा सकता।

मौलाना ने कहा कि इल्म हासिल करने की कोई उम्र नहीं होती। यही इंसान को इज्जत, बेहतर शख्सियत और दुनिया व आखिरत की कामयाबी अता करता है।




उन्होंने कहा कि कर्बला के बाद इमाम सय्यद सज्जाद जैनुल आबेदीन (अ.स.) ने सब्र, इल्म और बेबाक हकगोई के जरिए यजीद को उसके ही दरबार में बेनकाब कर यजीदियत को हमेशा के लिए शर्मसार कर दिया। उन्होंने युवाओं से इल्म हासिल करने, हक का साथ देने तथा हिंदुस्तान की तरक़्क़ी, अमन और हिफाजत के लिए दुआ करने की अपील की।

इससे पूर्व सय्यद जवाद काजमी ने मरसिया पेश किया, जबकि अंजुमन अकबरी ने नौहाख़्वानी के फराइज अंजाम दिए। बड़ी तादाद में मोमिनीन व अजादारों ने मजलिस में शिरकत कर फैज हासिल किया।

# प्रतियोगी छात्रों की समस्याओं पर सांसद ने उठाई आवाज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर ( अनवर खान )।** बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने गाजियाबाद के जिलाधिकारी को पत्र भेजकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं एवं कोचिंग संस्थानों से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग की है। उन्होंने विभिन्न विभागों के नियमों में विरोधाभास के कारण उत्पन्न स्थिति को छात्रों के हित में गंभीर बताया है। सांसद ने पत्र में लिखा है कि गाजियाबाद के प्रतियोगी छात्रों ने उन्हें ज्ञापन देकर अवगत कराया है कि कोचिंग संस्थानों के संचालन और पंजीकरण को लेकर अलग-अलग विभागों के नियमों में असंगति होने से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।



उन्होंने कहा कि जहां उच्च शिक्षा विभाग पंजीकरण के लिए वाणिज्यिक भवन की अनिवार्यता बताता है, वहीं जीडीए वाणिज्यिक भवनों में संचालित संस्थानों के लिए एजुकेशनल लैंड की शर्त रख रहा है, जिससे संस्थानों के समक्ष कठिनाइयां खड़ी हो रही हैं। डॉ राजकुमार सांगवान ने जिलाधिकारी से विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर स्पष्ट एवं व्यवहारिक नीति तैयार कराने का आग्रह किया है। उन्होंने मांग की कि नई नीति लागू होने तक कोचिंग संस्थानों के विरुद्ध सीलिंग एवं दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। ताकि छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो। साथ ही यदि नए मानक निर्धारित किए जाते हैं तो संस्थानों को उन्हें पूरा करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए। पत्र में सांसद ने कहा कि कोचिंग संस्थान युवाओं के भविष्य और रोजगार निर्माण से जुड़े हैं, इसलिए छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाने चाहिए।

**वार्ता** — खंड शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

# शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी से की वार्ता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को संघ के अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही के नेतृत्व में खंड शिक्षाधिकारी शिवम गुप्ता के साथ बैठक कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर वार्ता की। इसमें कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद द्वारा मई माह में स्वीकृत चयनवेतनमानों (प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत कुल 33 अध्यापक /अध्यापिकाओं) को वेतन निर्धारण कर कार्यालय वित्त एवं लेखाधिकारी भेजने,

एक ही पद पर निरंतर 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण होने पर लगने वाले चयनवेतनमान प्रकरणों को प्रत्येक माह के अंत तक निस्तारित कर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजनें के संबंध में,जिससे अध्यापकों को स्वीकृती उपरांत ससमय चयन वेतनमान का लाभ प्राप्त हो सके.आयकर से संबंधित फॉर्म 16 वितरण के संबंध में,.मानव सम्पदा पोर्टल पर अध्यापक /अध्यापिकाओं के विवरण अपलोड के संबंध में, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण/ अंतः जनपदीय स्थानांतरण के फलस्वरूप विकास क्षेत्र छजलैट में कार्यभार ग्रहण करने वाले जिन शिक्षकों की आफलाइन सेवापुस्तिका अभी तक अप्राप्त हैं।उनकी सूची तैयार कराकर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित की जाए,जिससे इन



अध्यापकों के चयन वेतनमान /अवकाश /जी पी एफ लोन संबंधी आ रही समस्याओं का निस्तारण हो सके।सभी समस्याओं प? खंड शिक्षाधिकारी द्वारा सहानुभूति पूर्वक विचार विमर्श कर संबंधित को तत्काल निस्तारित करने के आदेश दिये।प्रतिनिधि मंडल में दुष्यंत यादव (तहसील प्रभारी), सर्मेन्द्र कुमार सिंह, हरवीर सिंह, हेतराम सिंह,मेघराज सिंह, रिजवान अहमद, भूपेंद्र यादव,गौरव चौधरी, जुबैर अहमद, कृष्ण गोपाल सिंह,जावेद अहमद, जुल्फीकार अहमद आदि शामिल थे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। ( नासिर मंसूरी )** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर दुहाई के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया,जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात व्यक्ति की मौत, गंग नहर रेलवे पुल के पास पडा मिला शव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। ( नासिर मंसूरी )** गंगनहर पुल के पास ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है।

एसीपी मसूरी सर्किल ने बताया कि सूचना मिली कि गंगनहर रेलवे पुल के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की उम्र करीब 55 साल है और शिनाख्त नहीं हुई है। एसीपी ने बताया ट्रेन की चपेट में आकर मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

# ई-रिक्शा में ब्लेड से थैला काटकर उड़ाए जेवर, पांच घंटे में दबोचा आरोपित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)** । संभल से मायके जा रही महिला के थैले को ई-रिक्शा में ब्लेड से काटकर सोने-चांदी के जेवर चोरी करने वाले शातिर को हजरतनगर गढ़ी पुलिस ने वारदात के महज पांच घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी किए गए सभी जेवर और घटना में प्रयुक्त ब्लेड बरामद कर उसे न्यायालय में पेश किया। कोतवाली क्षेत्र के मंडी किशनदास सराय निवासी रेशमा पत्नी आसिफ रविवार को पति से कहासुनी होने के बाद अपने मायके मुरादाबाद के मैनाठेर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहजाद खेड़ा जाने के लिए ई-रिक्शा से निकली थीं। ई-रिक्शा में अन्य सवारियां भी मौजूद थीं। जब ई-रिक्शा हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के मुरादाबाद मार्ग स्थित आबाद वाली के पास पहुंचा, तभी साथ बैठा एक युवक ब्लेड से उनका थैला काटकर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर निकालने लगा। आभास होने पर महिला ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपित हाथ छुड़ाकर सड़क किनारे जंगल की ओर भाग निकला। भागने की जल्दबाजी में आरोपित का मोबाइल मौके पर ही गिर गया। ई-रिक्शा में सवार अन्य यात्रियों ने भी उसका पीछा किया, लेकिन वह फरार होने में सफल रहा। इसके बाद पीड़िता सीधे हजरतनगर गढ़ी थाने पहुंची और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल से मिले मोबाइल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपित की पहचान कर उसकी तलाश शुरू कर दी। वारदात के करीब पांच घंटे बाद पुलिस ने भमरौआ गांव से फुलसिंघा जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम उस्मान निवासी गांव शाहपुर डसर, थाना असमोली बताया। उसकी तलाशी लेने पर चोरी की गई सोने की दो अंगूठियां, टीका, झुमकी, लांग तथा चांदी की पाजेब बरामद हुई। साथ ही घटना में इस्तेमाल किया गया ब्लेड भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया।



# जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक की उपस्थित में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)** । जिला मजिस्ट्रेट डॉ0 नितिन गौड़ की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव की उपस्थित में तहसील हसनपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने शिकायतों को सुनकर समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण दी गई है, उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का समाधान ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।समाधान दिवस में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी,जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, पीओ डूडा, जिला सेवायोजन अधिकारी,अधिशासी अभियंता जल निगम, अधिशासी अभियंता नलकूप,अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई,अधिशासी अभियंता सिंचाई और डीसी मनरेगा का स्पष्टीकरण जारी करने के साथ शीघ्रता से जवाब देने के निर्देश दिए।डॉ0 नितिन गौड़ ने कहा कि कुछ शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण न होने के कारण असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हो रहा है। इससे जिले की रैंकिंग खराब हो रही है तथा कुछ शिकायतों की पुनरावृत्ति हो रही है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि शिकायत का निस्तारण करते समय शिकायतकर्ता से अवश्य बात करें, मौके पर जाकर उनकी समस्या सुनें और उचित समाधान करें। निस्तारण की जियो-टैग फोटो भी अनिवार्य रूप से अपलोड करें। इसके साथ ही सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए कि पोर्टल पर शिकायत निस्तारण अपलोड करते समय उसकी स्वयं मॉनिटरिंग करें तथा सुनिश्चित करें कि शिकायत की पुनरावृत्ति न हो।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर से सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की निरन्तर समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री स्वयं इन शिकायतों की समीक्षा करते हैं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 09, पुलिस विभाग की 06, विद्युत विभाग की 05, विकास विभाग की 04 और अन्य विभाग की 02 सहित कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। भूमि संबंधी मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया।जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ ही निर्धारित समयावधि में शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं।डीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।डॉ0 नितिन गौड़ ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता दर्शन, सीएम हेल्पलाइन, आईजीआरएस पोर्टल, तहसील दिवस एवं अन्य दिवसों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापरक तरीके से त्वरित निस्तारण करें।पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने कहा कि पुलिस अधिकारी आमजन की पुलिस संबंधी शिकायतों का उचित,गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी हसनपुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी,पीडी डीआरडीए सहित जिला व तहसील व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# सम्भल में स्कूल के बच्चों ने जिलाधिकारी से गंदे पानी की समस्या और सड़क की समस्या के समाधान की अपील की है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)** । नगर के भूरे शाह रोड देहली दरवाजा सिलवेंजा हॉस्पिटल मार्ग पर सड़क पर जलभराव के बीच जहां आम जनता को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं स्कूल आने जाने वाले बच्चों को भी गंदे पानी मे होकर गुजरना पड़ रहा है' यहां नाले का पानी निकास नही हो रहा जबकि आगे सड़क के न बन पाने की वजह से भी जगह जगह जलभराव की समस्या बनी हुई है' गुजरने वाले रिक्शे पलट जाते है तो बाइकें फंस जाती है लोग चोटिल हो जाते हैं जबकि कारों का आना जाना को बंद है' सड़क का और नाले का निर्माण ना होने की वजह से जलभराव की समस्या कई सालों से ज्यों की त्यों बनी हुई है और नगर पालिका व इलाके के जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे हुए हैं कोई सुनने को तैयार नहीं है' बरसात के समय यह समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है' अनेक बार वाहनों के फंसने और पलटने एवं लोगों के चोटिल होने की घटनाएं भी प्रकाश में आती रहती हैं' रोज इस रास्ते से स्कूल आने जाने वाले बच्चे जिसमें सैंट जिलानी पब्लिक स्कूल की कुङ्मरियम फातिमा कक्षा 01 अल नूर पब्लिक स्कूल कक्षा नर्सरी की छात्रा कुङ्म कशिश फातिमा ने भावुक अपील सम्भल जनपद के जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल से करते हुए गंदे पानी की समस्या और सड़क की समस्या के समाधान की अपील की है।



# प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि, मुखर्जी के योगदान का किया स्मरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** सोमवार को नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में उनकी जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण, शिक्षा और राष्ट्रीय एकता में योगदान को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकिशोर अग्रवाल ने की तथा संचालन दिनेश चंद्र गुप्ता ने किया। अंत में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अमरोहा पुलिस ने विशेष अभियान चलकर डेढ़ हजार से भी अधिक वाहनों की जांच की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अमरोहा पुलिस ने विशेष अभियान चलकर डेढ़ हजार से भी अधिक वाहनों की जांच की जिस में विभिन्न यातायात उल्लंघनों पर लगभग साढ़े दस लाख रूपए का जुमार्ना वसूल किया।पुलिस अपर महानिदेशक,यातायात,उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेशानुसार सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है।इसी क्रम में विगत दो दिनों से जोया टोल प्लाजा पर यातायात पुलिस की आठ टीमों द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान लगभग1600 वाहनों की सघन जांच की गई। चेकिंग के दौरान सात वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त 80 वाहनों में प्रेशर हॉर्न तथा 35 वाहनों में दोषपूर्ण नंबर प्लेट पाए जाने पर भी चालान की कार्रवाई की गई।विशेष अभियान के दौरान कुल विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ?10,45,000 (दस लाख पैंतालीस हजार रुपये) का जुमार्ना आरोपित किया गया। पुलिस टीम प्रमुख ने बताया कि यह अभियान चलता रहेगा ताकि सड़क दुघटनाओं को रोका जा सके। साथ ही अमरोहा पुलिस ने अपील की है कि सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वाहन चलाते समय कभी भी शराब का सेवन न करें, यातायात नियमों का पालन करें तथा स्वयं एवं अन्य सड़क उपयोगकताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें।





# जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (दानिश अली )।** हिंदू जागृति मंच द्वारा नगर के तिरंगा मार्केट में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के विचारों पर चलने और राष्ट्र एकता के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च प्राथमिक विद्यालय भवानीपुर के प्रधानाचार्य एवं मुख्य अतिथि अतुल कुमार शर्मा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी की सोच थी कि विभाजित कश्मीर नहीं बल्कि संपूर्ण कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इसीलिए भारतीय जनसंघ अर्थात वर्तमान भारतीय जनता पार्टी का स्पष्ट मत है जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है। जो कश्मीर हमारा है, वह सारा का सारा है उन्होंने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को भारत का हिस्सा बताते हुए इसे भारत में मिलाने की आवश्यकता पर बल दिया इस अवसर पर सुबोध कुमार गुप्ता, राजेंद्र सिंह गुर्जर, अरुण कुमार अग्रवाल, उमेश श्रीमाली, शलभ रस्तोगी,रोहित कुमार सुमन वर्मा* आदि ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके राष्ट्रभक्ति, स्पष्टवादिता और जनसेवा के विचारों को साझा किया वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अद्भुत देशभक्त, कुशल राजनीतिज्ञ,भारत माता का अनन्य सेवक और जन-जन के प्रेरणा स्रोत बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा ने की एवं संचालन सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

- **जो कश्मीर हमारा है वह सारा का सारा है**
- **डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर हिंदू जागृति मंच की विचार गोष्ठी**



# बबराला में अमरनाथ यात्रियों का जत्था फूल माला पटका पहनकर किया विदा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुन्नौर (लल्ला सलमानी )।** बबराला नगर से आज बाबा अमरनाथ जम्मू कश्मीर की यात्रा पर दर्शन करने के लिए एक दर्जन लोगों का जत्था रवाना हुआ जिसमें शामिल पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा रेलवे सलाहकार सदस्य भारत सरकार विनय कुमार वार्ष्णेय एडवोकेट, राजीव महेश्वरी ,सुभाष यादव, गिरीश गुप्ता, आकाश गुप्ता ,आदित्य गुप्ता, सुधांशु गुप्ता ,अंकित गुप्ता ,प्रिंस ,मीना गुप्ता आस्था वार्ष्णेय, भाजपा सभासद एवं जिला योजना समिति सदस्य नीना गुप्ता एवं पूर्व महामंत्री दिनेश कौशल,सुखदेव वार्ष्णेय एडवोकेट द्वारा फूल माला एवं पका पहनकर,मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया सभी अमरनाथ यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। तथाजय भोले की हर हरमहादेव के नारे लगा कर विदा किये।



# चंद मिनट की बारिश से मिली राहत, तेज धूप निकलते ही बढ़ी उमस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** सोमवार दोपहर शहर में हुई चंद मिनट की बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और उमस से कुछ समय के लिए राहत दिलाई। बारिश के चलते मौसम सुहाना हो गया और तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि बारिश थमने के कुछ देर बाद ही तेज धूप निकल आई, जिससे उमस पहले की अपेक्षा अधिक महसूस होने लगी और लोग फिर से पसीने से परेशान नजर आए।

बारिश का असर शहर के पार्कों, खाली पड़े मैदानों और सड़क किनारे भी दिखाई देने लगा है। कई स्थानों पर घास तेजी से बढ़ने लगी है, जिससे आसपास हरियाली नजर आने लगी है।

किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होती है तो खरीफ फसलों की बुवाई को भी गति मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। फिलहाल मौसम के बार-बार बदलते मिजाज से लोग गर्मी, उमस और राहत–तीनों का अनुभव एक ही दिन में कर रहे हैं।

# चलो मानवता का फर्ज निभाएं, रक्तदान कर के किसी की जिंदगी बचाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा** । इंसानियत का पैगाम फाउंडेशन ब्लड डोनेशन ग्रुप का रक्तदान का लगातार क्रम जारी है।आज फाउंडेशन के सदस्य असद खान ने आशिक के लिए किया रक्तदान किया उनके साथ संस्था के अध्यक्ष अबसार सिद्दीकी मौजूद रहे। अमरोहा आर्थो मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती आशिक को बी पॉजिटिव ब्लड जरूरत थी पेशेंट बहुत परेशान थे जिसकी सूचना इंसानियत का पैगाम फाउंडेशन ब्लड डोनेशन ग्रुप को हुई जिसपर इंसानियत का पैगाम फाउंडेशन के सदस्य असद खान रक्तदान करने ब्लड बैंक पहुंचे। फाउंडेशन के अध्यक्ष अबसार सिद्दीकी ने कहा कि हमारी फाउंडेशन लगातार जरूरतमंद को रक्त मुहैय्या कराने में प्रयास में लगी रहती है जिसका मकसद समय पर रक्त मुहैय्या कराकर जीवन बचाना होता है।ज्ञात रहे यह संस्था निस्वार्थ भाव से कसी भी भेद भाव से उठ कर समाज के बीमार लोगों को रक्तदान कर के उनके जीवन दान करती है।



# एक तरफा मौहब्बत में प्रेमिका और उसके शौहर का कत्ल करने वाले दरिंदे को उम्र कैद

**मेरठ।** लगभग पांच साल पहले एक तरफा मौहब्बत में प्रेमिका और उसके शौहर का कत्ल करने वाले दरिंदे को अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। खास बात यह है कि इस सुनवाई में मृतका की 16 वर्षीय बेटी की गवाही अहम साबित हुई।

घटना 21 सितंबर 2021 की है। बताया जाता है कि समीर उर्फ हसीन आबाद का दोस्त था। हसीन आबाद की पत्नी जाविदा से एक तरफा प्रेम करता था। मगर जाविदा हसीन के प्यार को ठुकरा चुकी थी। घटना वाली रात प्लानिंग के तहत हसीन अपने दोस्त आबाद के घर पर रुका। रात 2:00 बजे हसीन ने छुरे से ताबड़तोड़ वार करके आबाद और जाविदा की हत्या कर दी। घटना के समय दंपति की 12 वर्षीय बेटी सानिया घर पर ही मौजूद थी। आबाद के पड़ोसी दिलशाद की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेजा था। मुकदमे की सुनवाई एडीजे 12 की अदालत में चल रही थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फरजाना मकसूद ने बताया कि पूरी घटना में दिलशाद सहित 12 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके थे।

**लगा करेंट**

## करेंट लगने से विधुत पोल से गिरा लाइनमैन हालत गंभीर, मुरादाबाद रेफर

# नगर पालिका की स्ट्रीट लाइट मरम्मत के दौरान, करेंट की चपेट में आया लाइनमैन


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई ( दिनेश सक्सेना )** । करेंट लगने से एक और व्यक्ति मौत और जिन्दगी से लड रहा है जंग ज्ञात हो बीते शनिवार को करेंट की चपेट में आने से एक 25बर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी उसके बाद भी नही चेता नगरपालिका,आज और एक घटना हो गई घटित। बहजोई नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या-16 में सोमवार को स्ट्रीट लाइट की मरम्मत के दौरान नगर पालिका के संविदा लाइनमैन रूपकिशोर करंट की चपेट में आ गया,और करंट लगने से उनका संतुलन बिगड़ गया और वह बिजली के पोल से नीचे गिर गया ।

और बह गंभीर रूप से घायल हो गया आनन फानन में उसको अस्पताल पहुंचाया गया,प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या-16 के सभासद संजय रस्तोगी ने क्षेत्र में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए संविदा लाइनमैन रूपकिशोर को बुलाया था। मरम्मत कार्य के दौरान अचानक बिजली का करंट प्रवाहित हो गया, जिससे रूपकिशोर करंट की चपेट में आ गया और पोल से नीचे गिर पड़ा घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों और नगर पालिका कर्मियों की सहायता से घायल लाइनमैन को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए मुरादाबाद रेफर कर दिया।

वहीं इस हादसे ने एक बार फिर विद्युत कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों के पालन, बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद करने तथा हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट, इंसुलेटेड दस्ताने सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की आवश्यकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं,स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे जोखिम भरे कार्यों के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाने चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।



**लगातार विधुत पोल से घटनाओं का क्या है मामला**

सबसे बडी लापरवाही यह है कि चैक नही किये जाते केबिल कोन सा कटा हुआ है और कोन सा तार पोल पर टच हो रहा है, जबकि पोल पर लपेटने के लिए प्लास्टिक का प्रावधान है परन्तु उसके पैसों का बंटवारा कर लिया जाता है इसे के चलते आये दिन घटना घटित हो रही है परन्तु संबंधित लोगों ने आंखें मूंद रखी है।

**रेलिंग कटिंग से बढ़ रही है घटनाएं**

नगरपालिका के द्वारा जो रोड के बीचोंबीच डिवाइडर के रूप में रेलिंग लगा रखी है हर बीस मीटर पर एक छोटा सा मोड दिया गया है उस हर मोड़ पर एक- दो पाइप काट दिए गये है राहगीर उन्ही कटों से रोड पार करते हैं और घटनाएं घटित हो जाती है , खास बात यह भी है कि हर मोड़ पर एक स्ट्रीट पोल खडा है यह पोल वही है जहां शनिवार के दिन एक नवयुवक ने अपनी जान गंवा दी थी।

# ब्लैकमेल कर धन उगाही करने वाले वांछित अभियुक्त को थाना डिडौली पुलिस ने किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** ब्लैकमेल कर धन उगाही करने वाले वांछित अभियुक्त को थाना डिडौली पुलिस ने किया गिरफ्तार कर के उसके कब्जे से दस हजार रूपए नगद , मोबाइल फोन व मोटर साइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना डिडौली पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।गत रात्रि थाना डिडौली पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान थाना डिडौली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 275/2026, धारा 308(7) बीएनएस में वांछित अभियुक्त मनवीर पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम सैतली, थाना डिडौली, जनपद अमरोहा को रात ग्यारह बजे सागर रत्ना के निकट जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया।पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि उसने अपनी सहयोगी रिहाना पत्नी स्वर्गीय रूकसाद निवासी ग्राम ढकिया चमन थाना डिडौली, जनपद अमरोहा के साथ मिलकर वादी की आपत्तिजनक (नग्न) वीडियो बना ली थी तथा उक्त वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उससे दो लाख रूपए की मांग की गई थी। अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर अन्य व्यक्तियों की भी आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल कर अवैध रूप से धन उगाही करता था।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



# पुलिस ने की कार्रवाई, शांति भंग मे 11 लोग गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली पिलखुवा पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों से 11 लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपितों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया।



कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अतुल चौहान ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने गालंद निवासी विशाल, रोहित, दीपू और शिवम तोमर, मसौता निवासी कपिल तोमर, लोहगला निवासी शहजाद और सोहेल, सद्दीकपुरा निवासी शमशाद और नदीम, रिलायंस रोड स्थित नंदनी कंपनी में रहने वाले बबलू तथा अहमदपुर नया गांव निवासी साजिद को गिरफ्तार किया।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शांति भंग करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। लोगों से कानून का पालन करने और किसी भी विवाद की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील भी की गई।

# बस स्टैंड अंडरपास की ऊंचाई बढ़ी, अब ट्रक-बस और कंटेनर भी गुजर सकेंगे आसानी से

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** शहर के यातायात को अधिक सुगम, सुरक्षित और आधुनिक बनाने की दिशा में उत्तर मध्य रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है।

**तीसरी रेलवे लाइन परियोजना के तहत रेलवे ने निमार्णाधीन अंडरपास की ऊंचाई 3 मीटर से बढ़ाकर 3.7 मीटर की, शहर के यातायात को मिलेगी बड़ी राहत**

मथुरा-भूतेश्वर तीसरी रेलवे लाइन परियोजना के तहत नए बस अड्डे के समीप निर्माणाधीन रेलवे अंडरपास की ऊंचाई 3 मीटर से बढ़ाकर 3.7 मीटर कर दी गई है। इस निर्णय के बाद अब ट्रक, बस, कंटेनर और अन्य भारी व्यावसायिक वाहन भी बिना किसी रुकावट के अंडरपास से आसानी से गुजर सकेंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह बदलाव भविष्य में बढ़ने वाले यातायात दबाव और भारी वाहनों की निर्बाध आवाजाही को ध्यान में रखते हुए किया गया है। पहले अंडरपास की कम ऊंचाई के कारण बड़े वाहनों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना पड़ता था। इससे ट्रैफिक जाम, समय की बबार्दी और ईंधन की अतिरिक्त खपत जैसी समस्याएं सामने आती थीं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद इन समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। रेलवे परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों के माध्यम से तेजी से कराया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करना है। तीसरी रेलवे लाइन परियोजना न केवल रेल संचालन क्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि शहर के सड़क यातायात को भी अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और सुचारु बनाएगी।



अंडरपास के निर्माण के बाद नए बस अड्डे, आसपास के आवासीय क्षेत्रों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तक पहुंच पहले की तुलना में अधिक आसान होगी। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और वाहन चालकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। माना जा रहा है कि यह परियोजना मथुरा के शहरी यातायात ढांचे को नई मजबूती देने के साथ-साथ भविष्य की परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य तय समय के भीतर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि आमजन को जल्द से जल्द बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

# सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस, 34 शिकायतें पहुंचीं, अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** सदर तहसील में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी

**एसडीएम आदेश कुमार ने की जनसुनवाई, नालियों की सफाई, चकरोड, जलभराव, बिजली आपूर्ति और भूमि विवाद से जुड़े मामले रहे प्रमुख**

समस्याएं लेकर पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष शिकायतें दर्ज कराईं। अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। सदर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) आदेश कुमार ने बताया कि समाधान दिवस में कुल 34



शिकायतें प्राप्त हुईं। सभी शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजते हुए उनके शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक फरियादी को समय पर न्याय मिले और शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम ने बताया कि समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें नालियों की सफाई, चकरोड, जलभराव, बिजली आपूर्ति और भूमि विवाद से संबंधित प्राप्त हुईं। इसके अलावा अन्य विभागों से जुड़ी जनसमस्याओं पर भी सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी मामलों का पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाए, ताकि आमजन को जल्द राहत मिल सके और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से लोगों तक पहुंचे। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान कर शासन और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत बनाना है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में मनाया गया "विश्व जूनोसिस दिवस "

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** शासन के निर्देश पर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व जूनोसिस दिवस मनाया गया। ब्लाक कार्यक्रम मैनेजर चंद्रशेखर यादव ने इस संबंध में विस्तार से बताया' हर साल 6 जुलाई को विश्व जूनोसिस दिवस (World Zoonoses Day) मनाया जाता है इसका मुख्य उद्देश्य जानवरों से इंसानों में फैलने वाली संक्रामक बीमारियों (जूनोटिक रोगों) के खतरों और उनके बचाव के बारे में जागरूकता फैलाना है' जूनोटिक बीमारियां क्या हैं ऐसी बीमारियां जो जानवरों से इंसानों में फैलती हैं, उन्हें जूनोटिक रोग (Zoonoses कहा जाता है दुनिया भर में इंसानों को होने वाली संक्रामक बीमारियों का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 60% से अधिक) इसी श्रेणी में आता है प्रमुख जूनोटिक रोगों के उदाहरणःरेबीज (Rabies)कोविड-19 (COVID-19) स्वाइन फ्लू (Swine Flu) इबोला (Ebola) बर्ड फ्लू (Avian Influenza) विश्व जूनोसिस दिवस का इतिहास यह दिन फ्रांसीसी वैज्ञानिक लुई पाश्चर (Louis Pasteur) द्वारा 6 जुलाई 1885 को रेबीज के खिलाफ पहले सफल टीके (Vaccination) की याद में मनाया जाता है' रेबीज एक खतरनाक जूनोटिक बीमारी है जो जानवरों के काटने से इंसानों में फैलती है बचाव के उपाय इस दिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा लोगों को जानवरों के संपर्क में आने पर कुछ सावधानियां बरतने की सलाह दी जाती हैःपालतू जानवरों का नियमित टीकाकरण (Vaccination) कराएं। जानवरों को छूने या उनके संपर्क में आने के बाद अपने हाथ साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं।बीमार जानवरों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें' इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अनेक लोग मौजूद थे ।



# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने सोमवार को नगर के विभिन्न बूथों पर जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके राष्ट्रवादी विचारों को स्मरण किया गया।





नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र के प्रति समर्पण और त्याग प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि संगठन के निदेर्शानुसार सभी बूथों पर सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कार्यकताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता विश्व प्रकाश शर्मा ने भी मुखर्जी के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। संचालन नगर महामंत्री गुड्डू प्रजापति ने किया। इस दौरान हिमांशु शर्मा, नरेंद्र सैनी, अतुल सैनी, योगेश कुमार, अंकुर गहलोत, राजेंद्र राठी, डॉ. विपुल अग्रवाल, धीरज गर्ग, विशाल कौशिक, कमल कंसल, मदन पाल सिसोदिया सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी गईं फरियादें, तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** गोवर्धन तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों की सुनवाई की गई। कार्यक्रम में पुलिस

**गोवर्धन तहसील सभागार में एसपी ग्रामीण और अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने की जनसुनवाई, अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश**

अधीक्षक ग्रामीण और अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई कर विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के साथ पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की भी गंभीरता से समीक्षा की। जनसुनवाई के दौरान



पुलिस विभाग से संबंधित कुल सात शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता और संवेदनशीलता बरतने को कहा।

संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी गोवर्धन, तहसीलदार गोवर्धन तथा क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए और जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

अधिकारियों ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर प्रशासन के प्रति विश्वास को मजबूत करना है। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# गुरु जंभेश्वर कारिडोर को लेकर एमडीए जल्द ही शुरू करेगा सर्वे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ, मुरादाबाद (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद के दौरे पर 29 जून को आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु

**राष्ट्रीय स्तर पर" धार्मिक स्थल के रूप में विकसित "होगा लोदीपुर धाम**

जंभेश्वर मंदिर लोदीपुर धाम के विकास और कारिडोर निर्माण की घोषणा की थी।

लोदीपुर धाम से अगवानपुर स्थित रिंग रोड तक लगभग पांच किलोमीटर लंबे कारिडोर का निर्माण कराया जाएगा। यह मार्ग 18 मीटर चौड़ा होगा और पूरे रास्ते में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए "खेजड़ी के पेड़ "लगाए जाएंगे। साथ ही तहसील से सोनकपुर पुल सह्याद्रि योजना से होते हुए लोदीपुर धाम जाने वाले रास्ते का भी विकास होगा। इसको लेकर एमडीए की टीम जल्द ही सर्वे शुरू करेगी। सर्वे में रूट में पड़ने वाले एक-एक स्थल, सड़क समेत सभी बिंदुओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। दूरगामी परिणाम समेत सभी बिंदुओं का आंकलन होगा। एमडीए को इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना संग पूरी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये गए है।एमडीए अफसर उच्चाधिकारियों को पूरी रिपोर्ट भेजेंगे जिस पर मंथन होगा। सामने आए सुझावों समेत अन्य बिंदुओं को शामिल कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। रिपोर्ट पर मुहर के बाद डीपीआर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर काम शुरू होगा।गुरु जंभेश्वर मंदिर लोदीपुर धाम बिश्नोई समाज का लगभग 550 वर्ष पुराना प्रमुख तीर्थस्थल है। मान्यता है कि राजस्थान से भ्रमण के दौरान गुरु जंभेश्वर भगवान अपनी परम भक्त सुरजी देवी के अस्वस्थ होने का समाचार मिलने स्वयं यहां आए थे और



लगभग एक माह तक इस स्थान पर रहे।इसी दौरान उन्होंने अपनी स्मृति के रूप में परिसर में खेजड़ी का एक पौधा रोपा जो आज विशाल और हरे-भरे खेजड़ी के पेड़ के रूप में श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां गुरु जंभेश्वर भगवान के चरण पड़ने पर उनके नाम से मंदिर की स्थापना की गई। गुरु जंभेश्वर भगवान को प्रकृति और जीव संरक्षण का संदेश देने वाला महान संत माना जाता है, इसलिए कारिडोर के दोनों ओर खेजड़ी के पेड़ लगाने की योजना भी उनकी शिक्षाओं से जुड़ी मानी जा रही है। लोदीपुर धाम में प्रत्येक वर्ष चैत्र मास की अमावस्या पर तीन दिवसीय विशाल धार्मिक मेले का आयोजन होता है। बिश्नोई समाज लंबे समय से इस ऐतिहासिक धाम को राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग कर रहा था। मुख्यमंत्री की कारिडोर निर्माण की घोषणा के बाद अब कार्ययोजना को लेकर काम शुरू होने से उम्मीदें बढ़ गई हैं।

# डा दिनेश बंसल के भाई महेश कुमार बंसल को श्रद्धांललि देने उमड़ा जनसैलाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बागपत।** सुप्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय महेश कुमार बंसल की तेरहवीं एवं रस्म पगड़ी का आयोजन बड़ौत नगर स्थित विहर्ष सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक एवं व्यापारिक जगत से जुड़े हजारों लोगों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार को अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। ज्ञात है कि गत 23 जून को अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण महेश कुमार बंसल का आकस्मिक निधन हो गया था। उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। तेरहवीं के अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने उनके ज्येष्ठ पुत्र वरुण बंसल को पगड़ी बांधकर परिवार की परंपराओं एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर दिवंगत महेश कुमार बंसल के भाई डॉ दिनेश बंसल भावुक हो उठे। उन्होंने अपने भाई के साथ बिताए गए अविस्मरणीय पलों को याद करते हुए कहा कि महेश कुमार बंसल केवल उनके बड़े भाई ही नहीं, बल्कि उनके जीवन के सबसे अच्छे मित्र, मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत भी थे।

# आॅटो चालक संदिग्ध परिस्थितियों में गंग नहर में डूबा, पुलिस मान रही आत्म हत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** गाजियाबाद निवासी एक आॅटो चालक सोमवार दोपहर करीब एक बजे गंग नहर में नहाते समय पानी के तेज बहाव में बह गया। पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। पुलिस गोताखोरों की मदद से आॅटो चालक की तलाश कर रही है। परिजनों को इस संबंध में सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार सोमवार दोपहर एक युवक आॅटो लेकर मुरादनगर आया। पहले तो युवक आॅटो लेकर इधर उधर घूमता रहा। करीब एक बजे के आसपास युवक ने अपना आॅटो गंगनहर पटरी पर खड़ा किया और भागते हुए आया और नहर में छलांग लगा दी। नहर में नहा रहे युवकों ने उसे बचाने का भरकस प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हुए। युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। एसीपी मसूरी सर्किल मनोज कुमार ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ई चालान एप पर जब आॅटो का नंबर डाला तो नाम गोलू पुत्र धर्म सिंह निवासी मकान नंबर 1644 अर्थला मोहननगर थाना साहिबाबाद आया। उन्होने बताया कि युवक अविवाहित है और उसके माता पिता भी नहीं है। युवक के फुफेरे भाई रवि से संपर्क किया गया है। युवक की तलाश में एक दर्जन से अधिक गोताखोरों को लगाया गया है। युवक को गंग नहर में तलाश करने के लिए एनडीआरएफ टीम को भी पत्र लिखा गया है। अब यहां सवाल यह पैदा होता है कि जब गंग नहर में नहाने पर पुलिस ने प्रतिबंध लगा रखाहै, हर समय गंग नहर पुलिस की तैनाती रहती है, उसके बावजूद गंग नहर में लोगों के डूबने का सिलसला नहीं रुक पा रहा है। करीब दो सप्ताह पूर्व भी गंग नहर के रेलवे पुल के नीचे गंग नहर में डूब रहे बच्चे को बचाते समय एक युवक की नहर में डूबने से मौत हो गई थी। यह दोनों हादसे पुलिस की लापरवाई की कहानी खुद बयान कर रहे हैं। आॅटो चालक के नहर के पानी के तेज बहाव में बहने पर शायद पुलिस अपनी बदनामी से बचने के लिए आत्म हत्या की कहानी गढ़ कर आॅटो चालक का आत्म हत्या के इरादे से नहर में कूदना बता रही है। जबकि हमें मिली जानकारी के अनुसार आॅटो चालक अपने दोस्तों के साथ गंग नहर में नहाने आया था। जब वह पानी के तेज बहाव में बह गया तो उसके साथी नहर से फरार हो गए।

**जब गंग नहर में नहाने पर पुलिस ने प्रतिबंध लगा रखा है, और गंग नहर पर पुलिस तैनाती की बात भी कही जाती है, उसके बावजूद गंग नहर में डूबने का सिलसिला खत्म नहीं हुआ आखिर क्यों ?**



**एक्शन** सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी के नेतृत्व में चला अभियान, दोबारा अतिक्रमण करने पर कारोबार सील करने की चेतावनी

# डीगगेट में अतिक्रमण पर नगर निगम का बड़ा एक्शन, सड़क पर रखा कबाड़ हटवाया, कई कारोबारियों के चालान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर निगम ने शुक्रवार को डीगगेट क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाया। सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने डीगगेट स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा से लेकर मेवाती मोहल्ला मस्जिद तक तथा आसपास की सड़कों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अभियान के दौरान सड़क पर रखा कबाड़ हटवाया गया और नियमों का उल्लंघन करने वाले कई कारोबारियों के चालान भी काटे गए। नगर निगम को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि फल गोदाम संचालकों, कबाड़ी कारोबारियों और अन्य व्यापारियों द्वारा सड़क पर सामान एवं कबाड़ रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में छोटे और बड़े वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही थी और राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए नगर निगम ने पुलिस के सहयोग से संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान नगर निगम कर्मचारियों और डीगगेट पुलिस टीम ने सड़क पर फैले कबाड़ और अन्य अतिक्रमण को हटवाया। अधिकारियों ने कारोबारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक सड़क और फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का सामान नहीं रखा जाए। कार्रवाई के दौरान कई अतिक्रमणकारियों पर जुमार्ना भी लगाया गया।





सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी ने कहा कि सार्वजनिक सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में फल गोदाम संचालक, कबाड़ी या अन्य व्यापारी दोबारा सड़क पर अतिक्रमण करते पाए गए तो उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित कारोबार को सील करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम ऐसे अतिक्रमणकारियों की पहचान कर रहा है, जिनके द्वारा बार-बार सड़क पर कब्जा करने की आशंका रहती है। शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा।

# रूहानियत और इंसानियत की मिसाल: हकीम हाजी अब्दुल्ला पठान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- दवाखाने पर रो जाना लंगर से मस्जिदों-कब्रिस्तानों की हिफाजत तक, खिदमत का सिलसिला जारी
- मेरी औलाद भी यही राह अपनाएगी, दस्तरख़्वान कयामत तक लगा रहेगा

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)** । शहर-ए-कुन्दरकी की सरजमीं पर खिदमत-ए-खल्क की जब भी मिसाल दी जाएगी, हकीम हाजी अब्दुल्ला पठान का नाम सबसे पहले लिया जाएगा। दौलत-ओ-शोहरत से दूर, खुलूस-ए-दिल से मखलूक-ए-खुदा की खिदमत करने वाले हकीम हाजी अब्दुल्ला पठान के नेक आमाल की चर्चा हर जुबान पर है।

**दवाखाने पर रूहानी दस्तरख़्वान:**
हकीम अब्दुल्ला पठान के दवाखाने की पहचान सिर्फ. हिकमत नहीं, बल्कि सखावत भी है। यहां इलाज के लिए आने वाले हर मरीज, उसके तीमारदार और राहगीर जरूरतमंद के लिए हर रोज खाना और हल्वा, शरबत , और मिठाई मुफ़्त तकसीम किया जाता है। सुबह से शाम तक लंगर जारी रहता है। उनका अकीदा है: शिफा देने वाला अल्लाह है। हमारा काम है कि बीमार के साथ भूखा कोई ना जाए। दवा के साथ लुक़्मा भी मिले तो दुआ दुगनी लगती है।


मशहूर हाजी हकीम अब्दुल्ला पठान

**मस्जिदों की तामीर-ओ-आबादकारी:**
अल्लाह के मुकद्दस घरों की अजमत को बुलंद रखने के लिए हकीम अब्दुल्ला पठान हमेशा पेश-पेश रहते हैं। शहर और आसपास की दर्जनों मस्जिदों में मरम्मत, तौसीअ, वजूखानों की तामीर, रंग-रोगन और बिजली-पानी का इंतजाम उनकी जाती दिलचस्पी और माली तआवुन से मुकम्मल हुआ। उनका कहना है: मस्जिदें सिर्फ. ईंट-पत्थर नहीं, रूहानी मरकज हैं। इनकी आबादकारी उम्मत की आबादकारी है।

**कब्रिस्तानों की हिफाजत:**
मौत के बाद की आखिरी आरामगाह की बेहुरमती हकीम अब्दुल्ला पठान से बर्दाश्त नहीं होती। उन्होंने अपने खर्च पर कई कब्रिस्तानों की मजबूत चारदीवारी बनवाई, गेट लगवाए और रास्ते दुरुस्त कराए। पहले जहां आवारा जानवरों और नाजायज कब्जों से अहले-कब्र की बेहुरमती होती थी, अब वहां सुकून-ओ-अमन है। अवाम दुआ देती है: हाजी साहब ने हमारे बुजुर्गों की कब्रों को महफूज कर दिया।

**मुसीबतजदा लोगों का सहारा:**
यतीमों की कफालत, बेवाओं की मदद, बीमारों का इलाज, गरीब बच्चियों की शादी, तालीम के लिए वजीफे और बेरोजगारों के लिए रोजगार का इंतजाम – हकीम अब्दुल्ला पठान का दस्त-ए-शफकत हर मुसीबतजदा के सर पर है। बस खामोशी से फरियाद सुनना और खिदमत कर देना उनका काम है।

**विरासत का एलान:**
अपनी खिदमत के जज्बे को आने वाली नस्लों तक मुंतकिल करने का अहद करते हुए हाजी हकीम अब्दुल्ला पठान ने कहा: यह दौलत, यह शोहरत, सब फानी है। मेरे बाद मेरी बात याद रखना, मेरी औलाद भी इसी तरह के नेक काम करती रहेगी। यह दस्तरख़्वान हमेशा लगा रहेगा। कयामत तक जारी रहेगा ।

**रूहानी सुकून का राज:**
लोग पूछते हैं इतना करते क्यों हो। हाजी हकीम अब्दुल्ला पठान मुस्कुराकर जवाब देते हैं*: मुझे यह सब काम करके रूहानी सुकून मिलता है। रात को सुकून की नींद आती है। और यह काम सिर्फ. अल्लाह की रजा के लिए करता हूं। उसका अज्र वही देगा। दुनिया की वाह-वाही नहीं चाहिए।

**अवाम की आवाज**
इलाके के बुजुर्गों का कहना है: हाजी अब्दुल्ला पठान इस दौर के रियाकारी से पाक, खुदा तरस इंसान है। एक गरीब ख़्वातीन बताती हैं: मेरी बेटी की शादी में पूरा खर्च हाजी साहब ने उठाया। अल्लाह इन्हें सलामत रखे।

# बेसिक के शिक्षक-कार्मिकों को मिलेगा सामूहिक जीवन बीमा: एक करोड़ रुपये तक का दुर्घटना बीमा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों, शासकीय व अनुबंधित कार्मिकों को सामूहिक जीवन बीमा का लाभ मिलेगा। विभाग इसके लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के साथ करार करेगा। इससे विभाग के लगभग 4.50 लाख स्थायी तथा 5.50 लाख संविदा कार्मिक एसबीआई के विशेष सैलरी पैकेज में बीमा सुरक्षा से जुड़ेंगे।

शिक्षकों व कार्मिकों को सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा देने के लिए एमओयू मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आठ जुलाई को वाराणसी में होने वाले कैशलेस चिकित्सा सुविधा व डीबीटी वितरण कार्यक्रम में होगा। प्रस्ताव के अनुसार जिन स्थायी कार्मिकों का वेतन 10 हजार रुपये से अधिक है, उन्हें 10 लाख रुपये का ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस कवर (सामूहिक जीवन बीमा) दिया जाएगा। साथ ही एक करोड़ रुपये का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर, एक करोड़ रुपये का स्थायी दिव्यांगता बीमा कवर और 1.60 करोड़ रुपये तक का एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर मिलेगा। साथ ही अनहोनी की स्थिति में कार्मिकों के बच्चों की शिक्षा और बेटियों के विवाह के लिए भी एड ऑन कवर उपलब्ध कराया जाएगा।

एमओयू के तहत 10 हजार रुपये से अधिक कुल मासिक वेतन पाने वाले संविदा कार्मिकों को 30 लाख रुपये तक का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर मिलेगा। स्थायी विकलांगता की स्थिति में 30 लाख रुपये और आंशिक विकलांगता में 15 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा। इसके अलावा एयर एक्सीडेंट की स्थिति में 30 लाख रुपये का इंश्योरेंस कवर भी मिलेगा। अनहोनी होने पर कार्मिकों के बच्चों की पढ़ाई व बेटियों के विवाह के लिए भी एड ऑन कवर भी मिलेगा। वहीं 10 हजार रुपये से कम नेट मासिक वेतन पाने वाले कार्मिकों को जीरो बैलेंस खाते व रुपे डेबिट कार्ड के आधार पर एक लाख का इंश्योरेंस कवर दिया जाएगा।

लाभ पाने के लिए एसबीआई में खोलें वेतन खाता : एमओयू लागू होने के बाद जिन कार्मिकों के वेतन खाते पहले से भारतीय स्टेट बैंक में हैं, उन्हें एसबीआई के सैलरी पैकेज में बदला जाएगा। जिन कार्मिकों के वेतन खाते भारतीय स्टेट बैंक में नहीं हैं, उन्हें एसबीआई में वेतन खाता खोलने के लिए प्रेरित किया जाएगा ताकि वे भी एमओयू के अंतर्गत उपलब्ध सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

# कुन्दरकी में आगामी विधानसभा का रण, नावेद उर्फ बब्लू ने फूंका बिगुल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी )**। उत्तर प्रदेश में 2027 का चुनाव अभी दूर है, मगर कुन्दरकी विधानसभा में सियासी बारूद अभी से बिछ गयी है। जिला पंचायत सदस्य वार्ड 22 मौहम्मद नावेद उर्फ बब्लू का नाम सपा की सियासत में बम की तरह फूटा है।

**सपा से नावेद उर्फ बब्लू की दावेदारी से सियासी पारा हाई, गांव-गांव हलचल**

**पंचायत से विधानसभा तक की हुंकार**
नावेद उर्फ बब्लू सिर्फ कुर्सी वाला नेता नहीं है। जिसके लिए रात 12 बजे भी फोन उठे, थाने में गरीब के साथ खड़ा हो, किसान की फसल के लिए अफसर से भिड़ जाए, वही बब्लू है। वार्ड 22 की गली-गली में एक ही नारा: हमारा नावेद उर्फ बब्लू , सबसे आला है।

**युवाओं का ब्रांड बन गये नावेद उर्फ बब्लू**
कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्र का नौजवान अब भाषण नहीं, एक्शन मांगता है। नावेद उर्फ बब्लू की बुलेट जहां रुकी, वहां मजमा लग गया। सोशल मीडिया पर नावेद उर्फ बब्लू ट्रेंड कर रहा है। बुजुर्गों की जुबान पर भी एक ही बात है कि अच्छे खानदान का लड़का है, जमीन से जुड़ा है।


जिला पंचायत सदस्य नावेद उर्फ बब्लू

**टिकट पर टक्कर, जंग आर-पार**
लखनऊ तक गूंज पहुंच चुकी है कि कुन्दरकी में ग्राउंड पर सिर्फ नावेद उर्फ बब्लू है। मगर पार्टी के पुराने दिग्गज भी ताल ठोक रहे हैं। अब देखना है समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव जवानी पर दांव लगाते हैं या तजुर्बे पर भरोसा करते हैं। अगर बब्लू को साइकिल से टिकट मिली, तो 2027 में कुन्दरकी विधानसभा की जंग यूपी की सबसे बड़ी फाइट होगी।

**वफादारी की मिसाल बने नावेद**
बीते जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में नावेद उर्फ बब्लू ने आखिर तक समाजवादी पार्टी के सच्चे सिपाही की भूमिका निभाई। जब तमाम चेहरे पाला बदल रहे थे, तब बब्लू अकेले ही विपक्ष में डटे रहे। पार्टी के प्रति ये निष्ठा ही आज उनकी सबसे बड़ी ताकत बन गई है।

# मुरादाबाद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव का आज दौरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद (एम.के.भारती सैफी )**। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव आज मंगलवार को सुबह 10:30 बजे दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस, मुरादाबाद पहुंचेंगे। समाजवादी पार्टी की जिला इकाई द्वारा उनके स्वागत एवं अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया है। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव और जिला महासचिव फुरकान अली ने बताया कि लाल बिहारी यादव इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। आगामी शिक्षक एम एल सी के चुनाव को लेकर कार्यकताओं को संबोधित भी करेंगे। कार्यक्रम में नजीबाबाद के विधायक तस्लीम अहमद, विधायक पंकज मलिक तथा शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी दानिश अख्तर भी उपस्थित रहेंगे। जिला इकाई ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर सर्किट हाउस पहुंचने का अनुरोध किया है।

# सर्वे में "मुरादाबाद के 1113 घरों में मिला मच्छरों "का लार्वा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। मानसून की दस्तक के साथ डेंगू का सीजन शुरू होने वाला है, लेकिन उससे पहले ही स्वास्थ्य विभाग के सर्वे ने चिंताजनक तस्वीर सामने रख दी है। वीबीडी गतिविधियों के ताजा आंकड़े बताते हैं कि मुरादाबाद और संभल जिलों में डेंगू के लिहाज से ज्यादा निगरानी की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार मुरादाबाद में 1113 घरों में मच्छरों का लार्वा मिला। इतने ही कंटेनर संक्रमित पाए गए। अन्य प्रजनन स्थलों पर भी 576 स्थानों पर लार्वा मिले। संभल की स्थिति और अधिक चिंताजनक मानी जा रही है। यहां अपेक्षाकृत कम घरों के निरीक्षण के बावजूद 2,182 घरों में लार्वा मिला, जबकि 2,163 कंटेनर पॉजिटिव पाए गए। यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो डेंगू का खतरा तेजी से बढ़ सकता है।रामपुर, अमरोहा और बिजनौर जिले के घरों में भी लार्वा मिला है, लेकिन मुरादाबाद और संभल के आंकड़े सबसे ज्यादा खतरे का संकेत दे रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जुलाई से सितंबर के बीच डेंगू के मामले सबसे अधिक बढ़ते हैं। ऐसे में यदि घरों की छतों, कूलर, टंकियों, गमलों और अन्य जलभराव वाले स्थानों की नियमित सफाई करनी चाहिए।

# मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर तेज रफ्तार कार का कहर, ई-रिक्शा चालक की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )**। मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर गांव डोमघर के पास सोमवार की शाम को तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक रामलाल की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और चालक सड़क पर जा गिरा। मृतक की पहचान रामलाल पुत्र रामस्वरूप, निवासी गांव चांदपुर मंगोल के रूप



में हुई है। रामलाल ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में बेटा श्यामलाल और बेटी रेखा हैं। पिता की मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।
प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रामलाल ई-रिक्शा से हाईवे पर जा रहा था। तभी तेज गति से आई कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल रामलाल को सीएचसी कुन्दरकी पहुंचाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने रामलाल को जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भाजपा 10 जुलाई तक घोषित करेगी मोर्चों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। विधानसभा चुनाव की तैयारियों में राजनीतिक दल पूरी ताकत झोंक रहे हैं। लखनऊ पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में संगठन व पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों संग हुई बैठक में जिलों का भी खाका खींचा गया जिसमें तय किया गया कि 10 जुलाई तक हर हाल में मोर्चों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भी तय कर दिए जाएं' मोर्चों व प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी भी हर हाल में घोषित कर दी जाए। कार्यकारिणी के घोषित होने के साथ ही जल्द ही अब जिलों में नए सिरे से प्रभारी बनाए जाएंगे। प्रभारियों के साथ जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष मंडलों में प्रवास भी करेंगे। लखनऊ में बैठक दो चरणों में हुई। बैठक में सभी को दो टूक कहा गय कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरे मनोयोग से जुट जाए। नए सिरे से बनाए जाएंगे जिलों के प्रभारी, मंडलों में करेंगे प्रवास' चुनाव में और मजबूत करने का पदाधिकारियों को लक्ष्य दिया गया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों संग बैठक शुरू हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, शहर विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, जिला प्रभारी राजेश यादव मौजूद रहे।

# हाईस्पीड कॉरिडोर अलीगढ़-मुरादाबाद: 94 गांवों में होगा अधिग्रहण,जिले के 25 गांवों से होकर गुजरेगा कॉरिडोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। हाईस्पीड कॉरिडोर मुरादाबाद जिले के 25 और संभल के 69 गांवों से होकर गुजरेगा। इन 94 गांवों में कहां और कितनी भूमि का अधिग्रहण किया जाना है यह फाइनल हो चुका है' एनएचएआई द्वारा जारी की गई फाइनल कार्ययोजना के बाद उन गांवों में जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक लगा दी है जहां से होकर कॉरिडोर गुजरेगा। परिवहन के लिहाज से यह बड़ा प्रोजेक्ट माना जा रहा है। यह फोरलेन होगा। इसके तैयार हो जाने के बाद मुरादाबाद से अलीगढ़ का सफर बेहद आसान हो जाएगा। श्रद्धालुओं को मथुरा जाने में भी कम समय लगेगा।संभल जिले की दो प्रमुख तहसील संभल और गुन्नौर के गांव इस हाईस्पीड कॉरिडोर से जुड़ेंगे। एनएचएआई ने पत्र में स्पष्ट किया है कि कॉरिडोर का रूट संभल के 69 गांवों से होकर गुजरेगा। जमीन की पैमाइश और अधिग्रहण की कागजी कार्रवाई को समय से पूरा करने के लिए कंसलटेंसी कंपनियों के अधिकृत प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंप दी है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कॉरिडोर गंगा एक्सप्रेसवे से सीधे जुड़ेगा, जिससे गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित हो रहे औद्योगिक गलियारे को अलीगढ़ और मुरादाबाद की सीधी राष्ट्रीय राजमार्ग कनेक्टिविटी मिलेगी।अभी तक संभल जिले को मुख्य रूप से स्टेट हाईवे के माध्यम से अलीगढ़ और मुरादाबाद से जोड़ा जाता है लेकिन इस परियोजना के पूर्ण हो जाने से पहली बार संभल सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से जुड़ेगा।संभल जिले में हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में पौटा गांव से अलीगढ़ मुरादाबाद हाईस्पीड कॉरिडोर प्रवेश करेगा। इसके बाद संभल तहसील के 40 गांव से होते हुए कैलादेवी क्षेत्र की ओर बढ़ेगा और फिर गुन्नौर तहसील में प्रवेश कर रजपुरा क्षेत्र से होते हुए बबराला थाना क्षेत्र के जिजौड़ा डांडा के निकट गंगा नदी को पार करेगा। इसके बाद यह बुलंदशहर य जनपद होते हुए अलीगढ़ से जुड़ेगा। इस कॉरिडोर के लिए मुरादाबाद जिले में 25 गांवों की जमीनों का अधिग्रहण किया जाएगा।इसमें बिलारी तहसील के 21 और मुरादाबाद तहसील के चार गांव शामिल होंगे। एनएचएआई के पीडी अरविंद कुमार ने अलीगढ़, संभल और मुरादाबाद के डीएम को पत्र भेजा है।बिलारी तहसील क्षेत्र के नगलिया मसमौला, महमूदपुर माफी, असालतनगर बागा, कलाल खेड़ा उर्फ शहजाद खेड़ा, बागी गोवर्धनपुर, नौसना शेखूपुर, मदारपुरा, कुतुबपुर रैब, खुर्रमनगर बिचौला, अल्लापुर बिखन, ललवारा, रसूलपुर हमीर, जफरपुर, बहादुरपुर राजपूत, लालपुर गंगवाड़ी, फतेहपुर खास, रतनपुर कलान, मलकपुर, करीमपुर जब्ती, अजमतपुर और मालीपुर शामिल हैं। मुरादाबाद तहसील क्षेत्र के गजगौला नानकबारी, उमरी, गिन्नौर देह माफी और मुरादाबाद की जमीन को शामिल किया जाएगा। हाईस्पीड कॉरिडोर को अलीगढ़ से लेकर मुरादाबाद तक फोरलेन किया जाएगा। इससे अभी तक इस मार्ग पर रेंगने वाले ट्रैफिक को रफ्तार मिलेगी। दरअसल अभी तक सिंगल रोड थी जिससे कई प्वाइंट पर जाम लग जाता था। सफर में समय भी अधिक खर्च होता था। लेकिन फोरलेन हो जाने के बाद कम समय में सफर पूरा हो सकेगा। पीडी अरविंद कुमार का कहना है कि मुरादाबाद अलीगढ़ ग्रीन फील्ड हाईवे फोर लेन का होगा।

# डंपर की रफ्तार ने छीन लीं दो घरों की खुशियां: दोनों छात्र अपने घर के" इकलौते चिराग" थे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। प्रशासन के कड़े निर्देश के बाद भी डंपरों की स्पीड कम नहीं हो रही है जिससे सड़कें जानलेवा होती जा रही हैं। शनिवार की रात दो छात्रों की हादसों में मौत ने एक बार फिर ट्रैफिक व्यवस्था और सड़क सुरक्षा के सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसों के बाद कार्रवाई और सख्ती के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन हालात नहीं बदलते। दुर्घटना में जान गवांने वाले बिहार निवासी दोनों छात्र अपने घर के इकलौते चिराग थे। घटना स्थल डंपर की स्पीड की गवाही दे रहा है। स्पीड इतनी तेज थी कि ब्रेक लगाने के बाद भी डंपर काफी दूर तक घसीटता हुआ बाइक को लेकर गया है। बाइक घसीटने के निशान के अलावा रोड पर टायर के निशान भी बने हुए है।छात्र प्रिंस के पिता अरविंद की काफी समय पहले बीमारी के चलते



मृत्यु हो गई थी। परिवार में मां और छोटी बहन मनीषा है। मनीषा ने बीए फाइनल तक की पढ़ाई की है। प्रिंस शिक्षक बनने के लिए पढ़ाई कर रहा था। लंबे समय से संघर्ष कर अपने बेटे और बेटी को पढ़ा रही मां को भी लग रहा था कि अगर बेटा शिक्षक बन गया तो आगे की जीवन आसान हो जाएगा, लेकिन उन्हें क्या पता था कि जीवन की सबसे बुरी खबर मुरादाबाद से आएगी। वहीं छात्र ओमकुमार भी घर अपने घर का इकलौता चिराग थे। पिता राजकुमार मध्यम किसान है। राजकुमार के बेटे ओमकुमार के अलावा तीन बेटी अनुपम कुमारी, मौसम कुमार, आकृति कुमारी है।
डंपर की टक्कर से कुल के दोनों इकलौते चिराग बुझ गए। बताया जाता है कि जिस डंपर ने बाइक में टक्कर मारी उस दौरान उसकी रफ्तार बहुत तेज थी। ब्रेक लगाने के बाद डंपर काफी दूर तक बाइक को घसीटता हुआ चला गया। रोड पर टायरों के निशान बन गए। इससे साफ है कि डंपर चालक सिर्फ रफ्तार बढ़ाने पर ही ध्यान दे रहा था।

# चार हजार डुप्लीकेट वोटरों का होगा सत्यापन : एसआईआर के बाद 24.59 लाख वोटर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे प्रशासन को चुनाव आयोग ने चार हजार डुप्लीकेट वोटरों की सूची भेजी है। इन मतदाताओं का सत्यापन कराया जाएगा। इन वोटरों के डबल फोटो और दो जगह नाम हैं। सत्यापन के बाद डुप्लीकेट वोटरों के नाम हटाए जाएंगे। एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रकाशित फाइनल सूची के मुताबिक जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 2459455 है। विधानसभा चुनाव 2022 की तुलना में एसआईआर प्रक्रिया में 2.48 लाख वोट कम हो गए। सबसे अधिक 72030 वोट देहात विधानसभा क्षेत्र और सबसे कम 18940 वोट कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के कटे। एसआईआर नगर, कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्रों के सूची का दिलाएगा । एक सप्ताह के लिए जिले के प्रस्तावित मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इसमें सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्र शामिल हैं। इस पर 17 जुलाई तक सुझाव और आपत्तियां ली जाएगी। डीएम के अनुसार कांठ, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद देहात, मुरादाबाद आलेख्य प्रकाशन किया गया है। उन्होंने प्रस्तावित मतदान केंद्रों की सूची के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव हो तो उसे 17 जुलाई तक लिखित रूप में जिला निर्वाचन कार्यालय, संबंधित एसडीएम, तहसीलदार या सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्राप्त आपत्तियों व सुझावों पर नियमानुसार विचार करते हुए मतदान केंद्रों के अंतिम निर्धारण की कार्रवाई की जाएगी।

**कलक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता में जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम डॉ. राजेंद्र पैसिया ने बताया कि इन सभी 14 प्रकरणों में मतदाता का पहले से ही सूची में नाम दर्ज था। इसके बावजूद गलत सूचना देकर अन्य मतदेय स्थल पर अपना नाम दर्ज कराया**

। चुनाव आयोग की ओर से जिला प्रशासन को डुप्लीकेट वोटरों की सूची भेजी गई है। इस सूची में करीब चार हजार नाम शामिल हैं। इन वोटरों की फोटो और नाम दो जगह पाए गए हैं। इन डुप्लीकेट वोटरों का जिले स्तर पर सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदाताओं के नाम सूची से हटाया जाएगा। एडीएम प्रशासन संगीता गौतम ने बताया कि चुनाव से डुप्लीकेट वोटरों की सूची मिली है। इसका सत्यापन शुरू करा दिया गया है।तीन बार भेजी गई थी डुप्लीकेट वोटरों की सूची: फाइनल प्रकाशित मतदाता सूची से पहले चुनाव आयोग की ओर से तीन बार डुप्लीकेट वोटरों की सूची भेजी गई थी। पहले चरण में 2.35 लाख, दूसरे चरण में 4.66 लाख और तीसरे चरण में 4.29 डुप्लीकेट वोटरों की सूची भेजी गई थी' दो जगह से बनवाए वोट तो होगी एफआईआर दर्ज: अगर आपने दो जगह वोट बनवाया है तो एक जगह से अपना नाम हटवा दें वरना आपके खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। जिले में ऐसा करने वाले अभी तक 14 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है।जांच में इनके नाम दो जगह दर्ज होने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 की धारा 31 के तहत कार्रवाई की गई। कलक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता में जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम डॉ. राजेंद्र पैसिया ने बताया कि इन सभी 14 प्रकरणों में मतदाता का पहले से ही सूची में नाम दर्ज था। इसके बावजूद गलत सूचना देकर अन्य मतदेय स्थल पर अपना नाम दर्ज कराया।

मातम

## विधायक प्रतिनिधि ने परिजनों को बंधाया ढांढस

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से किशोरी की मौत, गांव में मातम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी**। विधानसभा क्षेत्र के गांव भैंसिया में रविवार की देर शाम एक हृदय विदारक हादसा हो गया। गांव निवासी मोहम्मद जाबिर की 14 वर्षीय पुत्री आलिया की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से आकस्मिक मृत्यु हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

**सूचना मिलते ही पहुंचे विधायक प्रतिनिधि**
हादसे की सूचना मिलने पर विधायक प्रतिनिधि ब्रजानंद उर्फ विक्की ठाकुर रविवार रात गांव भैंसिया पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और दुख की इस घड़ी





में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। विक्की ठाकुर ने मौके पर ही बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों से बात की। उन्होंने मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा दिलाने और गांव में जर्जर हाईटेंशन लाइन को तुरंत दुरुस्त कराने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विभाग को ठोस कदम उठाने को कहा। ग्रामीणों ने बताया हाईटेंशन लाइन काफी नीचे थी, जिसकी शिकायत कई बार की जा चुकी थी। किशोरी की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# लोदीपुर धाम में 12 जुलाई को आयोजित बिश्नोई बिजनेस समिट को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। 12 जुलाई 2026 को लोदीपुर धाम, मुरादाबाद में आयोजित होने जा रहे बिश्नोई बिजनेस समिट की रूपरेखा एवं तैयारियों को लेकर आज लोदीपुर धाम में एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई जिसमें गौरव विश्नोई, डॉ विवेक विश्नोई, राजकुमार विश्नोई, राजीव विश्नोई, तक्षराज विश्नोई, शरद विश्नोई, आदि उपस्थित रहें ' बैठक में समस्त बिश्नोई समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, व्यापारियों एवं समाजसेवियों से 12 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में लोदीपुर धाम पहुंचकर अपने सुझाव एवं सहयोग प्रदान करने की अपील



की गई ताकि यह आयोजन समाज की एकता, प्रगति और नई दिशा का प्रतीक बन सके।




# इंटीमेट सीन सिर्फ काम का हिस्सा, निजी जिंदगी से नहीं जोड़ना चाहिए: सिंपल कौल

टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री सिंपल कौल अपने दमदार अभिनय के साथ-साथ बेबाक अंदाज के लिए भी पहचानी जाती हैं। शरारत, तारक मेहता का उल्टा चश्मा और कई लोकप्रिय टीवी शोज में अपनी अलग पहचान बना चुकीं सिंपल इस बार इंटीमेट सीन्स और रिश्तों को लेकर दिए गए अपने बयान की वजह से चर्चा में हैं। उन्होंने कहा कि किसी अभिनेता का स्क्रिप्ट की मांग पर किसिंग या इंटीमेट सीन करना सिर्फ उसके पेशे का हिस्सा है। इसे निजी जिंदगी या रिश्तों से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। सिंपल कौल ने कहा, अभिनय एक पेशा है और इस पेशे में कलाकारों को कहानी की जरूरत के अनुसार अलग-अलग तरह के किरदार निभाने पड़ते हैं। अगर किसी स्क्रिप्ट में किसिंग सीन या कोई अन्य इंटीमेट सीन जरूरी है, तो अभिनेता उसी के अनुसार अपना काम करते हैं। ऐसे सीन को निजी जिंदगी से जोड़ना सही नहीं है, क्योंकि कलाकार उस समय केवल अपने किरदार को निभा रहे होते हैं। दर्शकों को यह समझना चाहिए कि कैमरे के सामने जो दिखाई देता है, वह कहानी का हिस्सा होता है, न कि कलाकार की निजी जिंदगी।

सिंपल कौल ने अपने निजी जीवन का उदाहरण देते हुए भी इस मुद्दे पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, अगर मेरे पति को किसी फिल्म या शो में ऐसे कोई सीन करना पड़े, तो मुझे इससे कोई परेशानी नहीं होगी। एक रिश्ते में सबसे जरूरी चीज भरोसा होता है। अगर दोनों लोगों के बीच विश्वास मजबूत है, तो ऐसे सीन्स से रिश्ते पर कोई असर नहीं पड़ता। हालांकि, उन्होंने आगे कहा, पेशेवर काम और निजी रिश्तों के बीच बहुत बड़ा अंतर होता है। अगर कोई व्यक्ति अपने रिश्ते के बाहर किसी और के साथ संबंध बनाता है, तो वह पूरी तरह गलत है। काम के लिए कैमरे के सामने किया गया अभिनय और असल जिंदगी में किसी के साथ रिश्ता बनाना एक जैसा नहीं है। दोनों बातों की तुलना करना सही नहीं है। सिंपल कौल ने कहा, चीटिंग का कोई दूसरा अर्थ नहीं होता। धोखा आखिर धोखा ही होता है। अगर दो लोग एक-दूसरे से सच्चा प्यार करते हैं, तो उन्हें अपने रिश्ते के प्रति पूरी ईमानदारी रखनी चाहिए। किसी भी मजबूत रिश्ते की नींव भरोसे पर टिकी होती है और जब यह भरोसा टूटता है, तो रिश्ता भी कमजोर पड़ जाता है। उन्होंने आगे कहा, यदि किसी व्यक्ति के मन में किसी और के लिए आकर्षण पैदा होता है या रिश्ते में कोई परेशानी आती है, तो उसे छिपाने के बजाय अपने साथी से खुलकर बात करनी चाहिए। कई बार लोग सच बताने से बचते हैं, जिससे बाद में गलतफहमियां और बड़े विवाद पैदा होते हैं। इसलिए रिश्ते में बातचीत बनाए रखना और अपनी भावनाओं को ईमानदारी से साझा करना बेहद जरूरी है।

# अल्फा की एंट्री से वेलकम टू द जंगल की रफ्तार धीमी, 100 करोड़ क्लब से चंद कदम दूर, कैरी ऑन जट्टा 4 की कमाई में भी गिरावट

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। 26 जून को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले सप्ताह में दमदार कमाई करते हुए 93.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि दूसरे सप्ताह में आलिया भट्ट की नई रिलीज अल्फा से मिली कड़ी टक्कर का असर फिल्म की कमाई पर दिखाई दिया।




सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के आठवें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को 4.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 97.65 करोड़ रुपये पहुंच गई है। अब फिल्म को 100 करोड़ क्लब में शामिल होने के लिए केवल 2.35 करोड़ रुपये की जरूरत है। फिल्म ने पेड प्रीव्यू से 3.37 करोड़ रुपये की शुरूआत की थी। इसके बाद पहले दिन 15.25 करोड़, दूसरे दिन 20 करोड़ और तीसरे दिन 20.75 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया। सप्ताह के दिनों में कमाई में सामान्य गिरावट के बावजूद फिल्म ने पहले सप्ताह में मजबूत प्रदर्शन दर्ज कराया।

**कैरी ऑन जट्टा 4 की कमाई में भी गिरावट**

गिप्पी ग्रेवाल और सरगुन मेहता अभिनीत पंजाबी फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 की रफ्तार भी दूसरे सप्ताह में धीमी पड़ गई है। पहले सप्ताह में 12.25 करोड़ रुपये कमाने वाली इस फिल्म ने दूसरे शुक्रवार को 0.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म की कमाई में पहले की तुलना में गिरावट दर्ज की गई।

**कॉकटेल 2 तीसरे सप्ताह में लाखों तक सिमटी**

शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना स्टारर कॉकटेल 2 की कमाई तीसरे सप्ताह में काफी घट गई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने 15वें दिन यानी तीसरे शुक्रवार को 0.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 90.15 करोड़ रुपये पहुंच गई है।

**मां इंति बंगारम की रफ्तार भी पड़ी धीमी**


सामंथा रुथ प्रभु अभिनीत मां इंति बंगारम की कमाई में भी तीसरे शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली। फिल्म ने 0.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया और इसकी कुल कमाई 54.70 करोड़ रुपये हो गई।

**मैं वापस आऊंगा ने चौथे सप्ताह में भी बनाए रखी पकड़**

इम्तियाज अली निर्देशित मैं वापस आऊंगा चौथे सप्ताह में भी बॉक्स ऑफिस पर टिके रहने में सफल रही। फिल्म ने रिलीज के 22वें दिन यानी चौथे शुक्रवार को 1.05 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 53.30 करोड़ रुपये पहुंच गया।

# पवन कल्याण की ओजी 2 में पूजा हेगड़े होंगी शामिल लग सकता है बड़ा दांव

पवन कल्याण की फिल्म दे कॉल हिम ओजी पिछले साल सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। दर्शकों से मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, निमार्ताओं ने इसकी दूसरी कड़ी का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। हाल ही में, अभिनेता की टीम की तरफ से एक पोस्ट के जरिए सीक्वल पर अपडेट साझा किया गया था। अब खबर है कि इस एक्शन ड्रामा के दूसरे भाग में अभिनेत्री के तौर पर पूजा हेगड़े को शामिल किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ओजी 2 में पूजा को संभावित उम्मीदवार माना जा रहा है। हालांकि निमार्ताओं की ओर से अभी तक



कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर यह चर्चा तेजी से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। फिल्म की पहली कड़ी में प्रियंका मोहन ने मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाया था, लेकिन कहानी के बीच में उनकी मौत का दृश्य देखने को मिला था। इसलिए, सीक्वल के लिए पूजा का नाम चर्चा में है।

हाल ही में, निमार्ताओं ने ओजी 2 का ऐलान करते हुए एक वीडियो साझा किया था। इसमें पवन के साथ निर्देशक सुजीत की पहली रचनात्मक बैठक को दिखाया गया था। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा था, तूफान आने से पहले... एक पल का मौन छा जाता है। गंभीरा की अनकही कहानी अब सामने आने के लिए तैयार है। साथ में ओजी यूनिवर्स लिखा था। इस ऐलान के बाद से फैंस परियोजना को लेकर बेहद उत्साहित चल रहे हैं।

# प्राणायाम को अपने रूटीन का बनाएं हिस्सा, मिलेंगे ये 5 स्वास्थ्य लाभ

प्राणायाम योग का एक अहम हिस्सा है, जो सांस की गति पर ध्यान केंद्रित करके शरीर और मन को संतुलित करता है। यह न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक सेहत के लिए भी फायदेमंद है। प्राणायाम के अलग-अलग तरीके जैसे अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी आदि का नियमित अभ्यास करने से शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है और तनाव कम होता है। आइए आज हम आपको



प्राणायाम के अभ्यास से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताते हैं।

**तनाव को कम करने में है सहायक**

प्राणायाम का नियमित अभ्यास तनाव को कम करने में बहुत मदद कर सकता है। जब हम गहरी सांस लेते हैं तो हमारे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है, जो हमारे दिमाग को शांत और संतुलित रखती है। इसके अलावा यह हमारी मानसिक स्थिति को भी सुधारता है और हमें अधिक सकारात्मक महसूस कराता है। प्राणायाम से हमारा ध्यान केंद्रित होता है और हम अपनी चिंताओं से दूर रहते हैं, जिससे तनाव का स्तर कम होता है।

**पाचन क्रिया को कर सकता है सुधार**

प्राणायाम का नियमित अभ्यास पाचन क्रिया के लिए बहुत फायदेमंद होता है। गहरी सांस लेने से हमारे पेट में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, जो पाचन रसों के उत्पादन को बढ़ाती है और हमारी आंतों को स्वस्थ रखती है। इसके अलावा प्राणायाम से हमारी आंतों की मांसपेशियों में मजबूती आती है, जिससे खाना आसानी से पचता है। नियमित प्राणायाम से कब्ज, गैस जैसी समस्याओं से भी राहत मिलती है और हमारा पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने में है कारगर

प्राणायाम रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी मदद करता है। नियमित रूप से प्राणायाम करने से हमारे शरीर की रक्त संचार प्रणाली बेहतर होती है, जिससे पोषक तत्वों और ऑक्सीजन का वितरण पूरे शरीर में सही तरीके से होता है। इसके अलावा प्राणायाम से हमारी श्वसन प्रणाली भी मजबूत होती है, जिससे हम आसानी से सांस ले पाते हैं और हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है। इससे हमारा शरीर संक्रमण और बीमारियों से लडने में सक्षम बनता है।

नींद की गुणवत्ता हो सकती है सुधार

प्राणायाम नींद की गुणवत्ता सुधारने में भी मददगार साबित हो सकता है। रात को सोते समय अगर हम कुछ मिनट तक हल्की सांस लेते रहें तो हमारी नींद गहरी होती जाती है और सुबह ताजगी महसूस होती है। प्राणायाम से हमारा मन शांत होता है और हम बेहतर तरीके से आराम कर पाते हैं। इसके अलावा प्राणायाम से हमारी श्वसन प्रणाली भी मजबूत होती है, जिससे हम आसानी से सांस ले पाते हैं।

**मानसिक एकाग्रता बढ़ाने में है मददगार**

प्राणायाम मानसिक एकाग्रता बढ़ाने में भी सहायक है। जब हम गहरी सांस लेते हैं तो हमारा ध्यान केंद्रित होता है और हम अधिक प्रभावी ढंग से काम कर पाते हैं। प्राणायाम से हमारा मन शांत होता है और हम बेहतर तरीके से सोच पाते हैं। इन सभी लाभों के कारण प्राणायाम को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना बहुत जरूरी है ताकि हम स्वस्थ रह सकें।

# मस्कारा खरीदने से पहले इन 5 बातों का रखें ध्यान, मिलेगा सही विकल्प

मस्कारा एक ऐसी सुंदरता बढ़ाने वाली चीज है, जो आंखों की खूबसूरती को बढ़ाने में मदद करती है। सही मस्कारा चुनना थोड़ा मुश्किल हो सकता है क्योंकि बाजार में कई तरह के विकल्प उपलब्ध हैं। ऐसे में आपको कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि आप अपने लिए सबसे अच्छा मस्कारा चुन सकें। इस लेख में हम आपको मस्कारा खरीदते समय ध्यान देने योग्य 5 अहम बातें



बताएंगे, जो आपकी मदद करेंगी।

**अपनी पलकों के प्रकार को समझें**

मस्कारा खरीदते समय सबसे पहले अपनी पलकों के प्रकार को समझना जरूरी है। अगर आपकी पलकें पतली और हल्की हैं तो घना दिखाने वाला मस्कारा चुनें। इससे आपकी पलकें भरी-भरी दिखेंगी, वहीं अगर आपकी पलकें पहले से ही लंबी और घनी हैं तो आपको लंबाई बढ़ाने वाला मस्कारा चाहिए होगा। यह आपकी पलकें और भी ज्यादा आकर्षक बनाएगा और आपके लुक को खास बनाएगा।

**ब्रश की बनावट पर ध्यान दें**

मस्कारा खरीदते समय ब्रश की बनावट पर खास ध्यान देना चाहिए क्योंकि इसका असर आपके लुक पर पड़ता है। अगर आप घने ब्रश वाले मस्कारा का इस्तेमाल करेंगे तो यह आपकी पलकें को अच्छी तरह से कोट करेगा और उन्हें अलग-अलग करेगा। वहीं अगर ब्रश पतला होता है तो यह आपकी पलकें को लंबा और घना बनाएगा। इसलिए अपनी जरूरत अनुसार ब्रश की बनावट चुनें ताकि आपका लुक बेहतरीन लगे।

**जलरोधी या सामान्य का चयन करें**

मस्कारा खरीदते समय यह तय करना जरूरी है कि आपको पानी से बचाने वाला मस्कारा चाहिए या सामान्य। पानी से बचाने वाला मस्कारा बारिश, पसीने या आंसुओं से बचाता है और पूरे दिन चलता रहता है, वहीं सामान्य मस्कारा आसानी से साफ हो जाता है और त्वचा पर हल्का महसूस होता है। अगर आप रोजाना मेकअप करते हैं तो पानी से बचाने वाला मस्कारा बेहतर रहेगा क्योंकि यह लंबे समय तक टिकता है और ब्लेंडिंग में भी मदद करता है।

रंग का चयन करें

मस्कारा खरीदते समय रंग का चयन भी अहम होता है। काला रंग हमेशा सुरक्षित विकल्प होता है क्योंकि यह हर प्रकार की त्वचा पर सूट करता है और आंखों को खास लुक देता है। हालांकि, अगर आप कुछ नया आजमाना चाहते हैं तो भूरा या नीला जैसे रंग भी अच्छे लग सकते हैं। ये रंग आंखों को अलग अंदाज देते हैं और आपके लुक को खास बनाते हैं।

**ब्रांड पर ध्यान दें**

अंतिम लेकिन अहम बात यह है कि मस्कारा खरीदते समय ब्रांड पर ध्यान देना चाहिए। हमेशा किसी प्रसिद्ध ब्रांड का मस्कारा चुनें जो अच्छी गुणवत्ता और भरोसेमंद हो। इससे आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे और आपकी आंखें खूबसूरत दिखेंगी। इन 5 बातों का ध्यान रखकर आप अपने लिए सही मस्कारा चुन सकते हैं जो आपकी आंखों को सबसे अच्छा लुक देगा।

# एक लाख का इनामी मानव तस्कर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली, (ऐजाज अली)।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की आर.के. पुरम स्थित एनडीआर यूनिट ने नाबालिग की कथित मानव तस्करी, यौन शोषण और धोखाधड़ी से जुड़े एक सनसनीखेज मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक लाख रुपये के इनामी आरोपी मोहम्मद फिरोज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले करीब दो वर्षों से पुलिस की गिरफ्त से बचता फिर रहा था और उसकी तलाश में लगातार कई राज्यों में छापेमारी की जा रही थी। आखिरकार तकनीकी निगरानी, गुप्त सूचना और मुखबिर तंत्र की मदद से उसे गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया गया।

**शादी का झांसा देकर नाबालिग का यौन शोषण, 2 लाख में कराई थी शादी**

क्राइम ब्रांच के डीजीपी चंद्र कुमार सिंह के अनुसार आरोपी मोहम्मद फिरोज से गहन पूछताछ की जा रही है। जांच एजेंसियां यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि इस पूरे मामले में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे तथा क्या वह किसी संगठित मानव तस्करी गिरोह से जुड़ा हुआ है। पुलिस के अनुसार यह मामला वर्ष 2023 में दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी थाने में दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि पीड़ित किशोरी तुगलकाबाद एक्सटेंशन क्षेत्र में पर्स बनाने का काम सीख रही थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात मोहम्मद फिरोज से हुई। आरोपी मूल रूप से बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला है और उस समय गुरुग्राम के उद्योग विहार स्थित एक फैक्टरी में कार्यरत था। आरोप है कि फिरोज ने पहले किशोरी का विश्वास जीता और फिर उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ अलग-अलग स्थानों पर ले गया। इस दौरान उसने कथित रूप से कई बार उसका यौन शोषण किया। पुलिस जांच के अनुसार बाद में आरोपी ने आर्थिक लाभ के लिए किशोरी की शादी राजस्थान के झुंझुनू जिले में एक अन्य व्यक्ति से करीब दो लाख रुपये लेकर करवा दी।




काफी समय तक किशोरी के घर नहीं लौटने पर उसके परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और बाद में पुलिस से संपर्क किया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और कार्रवाई करते हुए पीड़िता को सुरक्षित बरामद कर लिया। चिकित्सकीय परीक्षण में उसके साथ यौन उत्पीड़न की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो अधिनियम सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पुलिस की विभिन्न टीमों ने कई राज्यों में दबिश दी। लगातार फरार रहने के कारण उसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

## मासिक धर्म स्वच्छता पर छात्राओं को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** विब्योर इंटरनेशनल स्कूल में छात्राओं के लिए मासिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी उपलब्ध कराना रहा।






कार्यशाला में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकिता भारद्वाज ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता, पौष्टिक आहार, नियमित दिनचर्या तथा संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इससे जुड़े भ्रमों को दूर कर सही जानकारी अपनाना आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने खुलकर अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका चिकित्सक ने सरल और सहज भाषा में समाधान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राहुल चावला ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे।

## मंगलायतन विश्वविद्यालय और अमर सिंह कॉलेज के मध्य हुआ एमओयू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** उच्च शिक्षा और अनुसंधान को नई दिशा देने की पहल करते हुए मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़ एवं अमर सिंह कॉलेज, लखावटी (बुलंदशहर) के बीच शैक्षणिक एवं शोध सहयोग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता पर मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलसचिव कमांडर मनोज के (सेवानिवृत्त) व अमर सिंह कॉलेज के एग्रोनोमी विभाग के अध्यक्ष डा. राजपाल सिंह ने हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य अभ्यास-आधारित शिक्षा, अनुसंधान और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। यह एमओयू पांच वर्ष तक प्रभावी रहेगा तथा आवश्यकता के अनुसार आपसी सहमति से इसका विस्तार भी किया जा सकेगा।



मंगलायतन के कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने बताया कि एमओयू के तहत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से शोध परियोजनाओं पर कार्य करेंगे। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के सामाजिक उत्थान, स्थानीय उद्योगों के तकनीकी विकास तथा उभरती हुई तकनीकों पर अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त दोनों संस्थान छात्रों एवं शिक्षकों के आदान-प्रदान, संयुक्त शोध, व्याख्यान, संगोष्ठियों, सेमिनारों और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के आयोजन में भी सहयोग करेंगे। मंगलायतन के कुलसचिव कमांडर मनोज के ने बताया कि समझौते के अनुसार दोनों संस्थान डीबीटी, डीएसटी, सीएसआईआर, आईसीएमआर, आईसीएआर सहित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषण एजेंसियों के समक्ष संयुक्त शोध प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा ने बताया कि समझौते के तहत प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी), स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम (एसडीपी) तथा व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों के संचालन में दोनों संस्थान परस्पर सहयोग करेंगे। इस अवसर पर कृषि विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब में उत्साह पूर्वक मनाया गया संरक्षक मुरलीधर आहूजा का जन्मदिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** विकास दीप स्थित मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब में संरक्षक मुरलीधर आहूजा का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। श्री आहूजा वर्तमान में महाराष्ट्र के पुणे में होने के कारण समारोह में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित नहीं हो सके। ऐसे में क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने वीडियो कॉल के माध्यम से उनसे जुड़कर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर केक काटकर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु, सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



कार्यक्रम में अमरनाथ रावत, मंजू श्रीवास्तव, खुर्शीद खान राजू, नीरज जायसवाल, अभिषेक मिश्रा, रिजवान खान, मनु चंद्रा, मोहम्मद जुबैर, आकाश, गौतम तथा सविनय श्रीवास्तव सहित क्लब के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

सभी ने श्री मुरलीधर आहूजा के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना की। इस अवसर पर क्लब की कोषाध्यक्ष मंजू श्रीवास्तव ने कहा कि श्री मुरलीधर आहूजा का मार्गदर्शन, सहयोग एवं प्रेरणा क्लब के प्रत्येक सदस्य के लिए ऊर्जा का स्रोत है।

उनके संरक्षण एवं नेतृत्व में मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब निरंतर सामाजिक सरोकारों तथा पत्रकारिता से जुड़े रचनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री आहूजा का अनुभव और सकारात्मक सोच क्लब को नई दिशा प्रदान करती है तथा सभी सदस्यों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।

# द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा जयपुरिया स्कूल, राजाजीपुरम, लखनऊ में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से 60 से अधिक जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ, चिकित्सकीय परामर्श तथा दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैयद इसार अहमद (मरीन इंजीनियर) रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. जैनब शाह (एमबीबीएस, जनरल फिजिशियन), फातिमा जावेद (कंटेंट क्रिएटर) तथा जरीना खान छिब्बर (संस्थापक, ग्लोबल विजनेरा फाउंडेशन एवं CHOIR INDIA NEWS NETWORK) उपस्थित रहीं।

शिविर में एसआर सर्विसेज, लखनऊ के सहयोग से चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की गईं। चिकित्सा टीम में डॉ. जैनब शाह, डॉ. सुंबुल गजनफर (एमबीबीएस), उम्मे ऐमन, डॉ. तमजीद आरिफ, डॉ. साद, डॉ. जमशेद, डॉ. अबूजर, अंदलीब तथा नबील ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएँ दीं।

शिविर में ब्लड प्रेशर जाँच, ब्लड शुगर जाँच, वजन जाँच, सामान्य स्वास्थ्य परामर्श, स्वास्थ्य जागरूकता परामर्श तथा निःशुल्क दवा वितरण जैसी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं।

इस आयोजन को सफल बनाने में एमिटी यूनिवर्सिटी के स्वयंसेवकों माही बिष्ट, दिव्यांशु, क्षितिज सिंह, के. आशिनी, नमरा सिद्दीकी एवं शिफा बानो का विशेष योगदान रहा।



वहीं, द एमएसजी फाउंडेशन की टीम के मोहम्मद सादिक, असद मुर्तजा, अली अब्बास, रजा, जमान एवं राहे ने पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय किया।

इस अवसर पर द एमएसजी फाउंडेशन ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों, सहयोगी संस्थाओं एवं समर्थकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएँ, शिक्षा एवं सामाजिक सहायता पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

द एमएसजी फाउंडेशन का यह निःशुल्क चिकित्सा शिविर मानव सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनकल्याण की दिशा में एक प्रेरणादायी और सराहनीय पहल साबित हुआ।

## दो युवक दंपति से बाइक छीन कर फरार, पीछा करने पर युवकों ने ने की फायरिंग

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** सोमवार की शाम दो युवक दंपति से बाइक छीन कर फरार हो गए पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। घटना शाम की है बताया गया कि नूरपुर के पास समथला गांव का रहने वाला मोनू चेदरी अकबरपुर में अपनी ससुराल आया था वहां से वह अपनी पत्नी के साथ बाइक से अपने गांव जा रहा था जैसे ही थाने के पास पहुंचा तो वहां चल रहे चेकिंग को देखकर उसने रास्ता बदल दिया और पेली बिश्नोई रेलवे फाटक से होता हुआ वह मुख्तियारपुर नवादा नहर की तरफ आने लगा लेकिन जैसे ही वह खड़ंजे से नहर की पटरी के पास पहुंचा वहां खड़े दो युवकों ने उनसे बाइक की चाबी ले ली पीड़ित दंपति का कहना था की विरोध करने पर उन्होंने तमंचा निकाल लिया इसलिए उन्होंने खामोश रहना ही मुनासिव समझा बाइक सवार मोनू ने पीछा करने की कोशिश की तो उन्होंने फायर कर दिया इस बात से वह डर गया दोनों युवक बाइक लेकर मौके से फरार हो गए 'मोनू ने घटना की सूचना अपनी ससुराल दी सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए हालांकि युवकों द्वारा दंपति का मोबाइल पैसे जेवर आदि न छीने जाने को लेकर इस घटना पर संदेश व्यक्त किया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही थी और बाइक को ले जाते दो युवकों की पहचान करने की कोशिश भी की जा रही थी।

## जय शाह के कार्यकाल में महिला क्रिकेट को मिला नया विस्तार: सैकिया

**लंदन ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सफल आयोजन के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और उसके चेयरमैन जय शाह के नेतृत्व की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि जय शाह के गतिशील नेतृत्व में महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण काम हुआ है। लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए फाइनल मुकाबले में रिकॉर्ड 28,000 से अधिक दर्शकों की मौजूदगी रही। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान इंग्लैंड को 7 विकेट से हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के घरेलू मैदान पर अजेय रिकॉर्ड का भी अंत कर दिया। यह ऑस्ट्रेलिया का कुल 14वां महिला विश्व कप खिताब भी है, जिसमें वनडे और टी20 विश्व कप दोनों की ट्रॉफियां शामिल हैं। देवजीत सैकिया ने कहा कि लॉर्ड्स में दर्शकों की भीड़ खेल की बढ़ती लोकप्रियता और आगे आने वाले रोमांचक भविष्य का एक मजबूत सबूत है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सइ पर लिखा, ग्लोबल स्टेज पर महिला क्रिकेट की जबरदस्त बढ़त देखकर बहुत खुशी हुई। चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले गए आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप फाइनल के लिए लॉर्ड्स में खचाखच भरा स्टेडियम इस बात का बेहतरीन सबूत है कि इस खेल ने कितनी लोकप्रियता हासिल की है और इसका भविष्य कितना रोमांचक है। उन्होंने आगे कहा, महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और दुनिया भर में नई पीढ़ी के क्रिकेट प्रशंसकों को इस खेल से जोड़ने में अहम भूमिका निभाने के लिए मैं जय शाह के नेतृत्व में आईसीसी को बधाई देता हूं। ऑस्ट्रेलिया का प्रदर्शन खिताबी मुकाबले में शानदार रहा। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 150 रन लगाए। टीम की तरफ से कप्तान नेट साइवर-ब्रंट ने सर्वाधिक 58 रन बनाए।



## रियल टाइम टोटल घुटना रिसर्फसिंग के लिए सर्वोत्तम कोरी रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम : एके अग्रवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** आज विश्व में तेजी बढ़ती हुई बीमारी गठिया के खिलाफ सर्वाधिक सफलता का पूर्ण श्रेय उस अत्याधुनिक कोरी रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम को जाता है ,जिसमें रोबोटिक टोटल नी यानी घुटना रिसरफ्रेसिंग के प्रयोग के फलस्वरूप केवल छोटा चीरा ही लगता है। रक्तस्राव भी कम होता है। मांस पेशियों को भी कोई नुकसान नहीं होता। उनका पूरी तरह से बचाव होता है। साथ ही फि जीओथेरपी भी नहीं करानी पड़ती। उससे भी बचाव होता है। यह तकनीक मरीज को न केवल तुरंत चलने फिरने में बल्कि कम पर वापस जाने में भी सफलता प्रदान करती है। जहां तक तकनीक के अंतिम परिणाम का सवाल है। मरीज का घुटना वैसा ही नॉर्मल होता है, जैसा कि कभी जवानी में हुआ करता था। यह दावा यहां एक पत्रकार वार्ता में लगभग 25 हजार से ज्यादा सर्जरी करके एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित करने वाले बर्रा 6 स्थित सत्य हॉस्पिटल के डायरेक्टर हड्डी रोगों के साथ ही रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट के भी विशेषज्ञ डॉ.अमित कुमार अग्रवाल ने किया। अत्याधुनिक कोरी रोबोटिक तकनीक से रियल टाइम टोटल नी (घुटना) रिसर्फसिंग की सुविधा विश्व स्तरीय आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण सत्या हॉस्पिटल में भी उपलब्ध होने की जानकारी देते हुए रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ.अमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह आधुनिक तकनीक प्रत्येक मरीज की शारीरिक संरचना के अनुसार व्यक्तिगत सर्जिकल योजना बनाने में सहायता करती है तथा ऑपरेशन के दौरान वास्तविक समय (रियल टाइम) में सटीक जानकारी भी उपलब्ध कराती है। एक सवाल के जवाब में गठिया, नी रिप्लेशमेंट, हिप रिप्लेशमेंट, आर्थोस्कोपिक सर्जरी जैसे जटिल ऑपरेशन कर मरीजों को शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने वाले डॉक्टर ए के अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि रोबोट स्वयं ऑपरेशन नहीं करता, बल्कि सर्जन के नियंत्रण में कार्य करते हुए सर्जरी की सटीकता बढ़ाने में सहायता करता है। बूढे व वृद्ध लोगों के गठिया जैसी बीमारी का सफल घुटना प्रत्यारोपण या अन्य ऑपरेशन से उन्हें न केवल अपनी सामान्य जिदंगी प्रदान करने बल्कि उन्हें नौजवान भी महसूस कराने वाले विश्व प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टर एके अग्रवाल ने बताया कि इस नई तकनीक के प्रयोग से छोटा चीरा, कम रक्तस्राव, मांस पेशियों को बचाव, फि जीओथेरपी से बचाव, तुरंत चलना व काम पर वापस जाना तथा जवानी के दिनों जैसा पूरी तरह नोर्मल घुटना प्राप्त करने जैसे अनेक लाभ होते हैं। उन्होंने बताया कि सत्या हॉस्पिटल में कोरी सिस्टम द्वारा प्रथम रोबोटिक घुटना रिसर्फसिंग लंबे समय से गंभीर घुटना गठिया से पीड़ित चलने फिरने में असमर्थ 75 वर्षीय सुश्री सतीश सचदेवा का सफलतापूर्वक किया गया। उनकी पुनर्वास प्रक्रिया चिकित्सकीय निगरानी में प्रारम्भकी जाएगी। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि रोबोटिक तकनीक आधुनिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी में सटीकता और व्यक्तिगत उपचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों को भी सी ओ आर आई रोबोट का लाइव प्रदर्शन एवं इसकी कार्यप्रणाली भी दिखाई गई। इस दौरान जानी मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीषा अग्रवाल ने आगतों का आभार व्यक्त किया।




**पुरस्कार** — 800 प्रजातियों के 3000 से अधिक नमूनों का प्रदर्शन, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शक बने मलिहाबाद के मोहम्मद इकबाल अहमद

# उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026 का हुआ शानदार समापन, 180 से अधिक विजेताओं को बांटे गए पुरस्कार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य) ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में चल रहे तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026 का समापन हो गया। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने 180 से अधिक विजेताओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। समापन दिवस पर उद्यान मंत्री ने आम की विभिन्न प्रजातियों की 07 श्रेणियों में एवं 56 वर्गों की प्रतियोगिता में 51 विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के कुल 147 पुरस्कार प्रदान किए। आम आधारित संरक्षित उत्पादों की प्रतियोगिता के 11 वर्गों के 19 विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के कुल 33 पुरस्कार तथा आम पकवान की प्रतियोगिता के 3 विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के कुल 3 पुरस्कार दिए गए।

आम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्श का पुरस्कार मोहम्मद इकबाल अहमद, प्रो. मेसर्स अवध नर्सरी, मलिहाबाद, लखनऊ को चौंसा प्रजाति के प्रदर्शन के लिए दिया गया। सर्वाधिक पुरस्कार विजेताओं में 20 पुरस्कार मोहम्मद इकबाल अहमद को, 17 पुरस्कार मोहम्मद अब्दुल सलीम, जैद नर्सरी, मलिहाबाद को तथा 14 पुरस्कार सुरेश चंद्र शुक्ला, गोमती नगर, लखनऊ को प्राप्त हुए। प्रदर्शनी में सर्वाधिक 190 प्रजातियों के प्रदर्शन हेतु सुरेश चंद्र शुक्ला को प्रथम, 92 प्रजातियों के प्रदर्शन हेतु उपेन्द्र सिंह, अवध आम उत्पादक सहकारी संघ, माल, लखनऊ को द्वितीय तथा 24 प्रजातियों के प्रदर्शन हेतु सूर्य मणि यादव, जौनपुर को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। 08 वर्ष से 12 वर्ष के बच्चों की आम खाने की प्रतियोगिता में रुचिर शुक्ला पुत्र कर्नल रिषभी शुक्ला, लखनऊ को प्रथम, अरित्का सिंह पुत्री डॉ. धीरेन्द्र सिंह, लखनऊ को द्वितीय तथा दीपांशु यादव पुत्र रमेश कुमार यादव, बस्ती को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। महोत्सव में आम की लगभग 800 प्रजातियों के नमूने प्रदर्शित किए गए। प्रदेश में आम की सुप्रसिद्ध दशहरी, लंगड़ा, चौंसा, गौरजीत, लखनऊ सफेदा, रटौल, आम्रपाली प्रजातियों के साथ-साथ अवध अभया, अवध समृद्धि, सुंदरजा, वनराज, टॉमी एटकिन्स, सेंसेशन, अरुणिका, अम्बिका आदि रंगीन प्रजातियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं।







मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267